www.navpradesh.com

दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

महान समाज सुधारक, भारतीय संविधान के शिल्पी भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, मंगलवार, 14 अप्रैल 2026 | कृष्ण पक्ष-द्वादशी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-12 अंक- 02 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

भारत सरकार
अब नेतृत्व की बारी है, नारी शक्ति वंदन की ज़िम्मेदारी है
#NariShaktiVandan
देश की बेटियों को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33% आरक्षण की गारंटी

3+ करोड़ महिलाएं बनीं लखपति दीदी
35+ करोड़ महिलाओं को मिला मुद्रा लोन
CBC 22201/13/0010/2627

सुकमा में बदली तस्वीर: पुनर्वास केंद्र पहुंचे सीएम साय, नई जिंदगी की राह पर लौटे सैकड़ों लोग

सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने एक दिवसीय सुकमा प्रवास के दौरान जिला मुख्यालय स्थित पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण कर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बदलते हालात की जमीनी हकीकत देखी।

इस दौरान उन्होंने पुनर्वासित युवाओं और महिलाओं से सीधा संवाद कर उनके अनुभव सुने और उन्हें आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की पुनर्वास नीति का असर अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। बड़ी संख्या में पूर्व नक्सली मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं और रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण के जरिए अपने जीवन को नई दिशा दे रहे हैं।

उन्होंने बताया कि हजारों लोग हिंसा का रास्ता छोड़कर विकास की धारा में शामिल हुए हैं, जिनमें सैकड़ों पुनर्वासित अब कौशल प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बनने की ओर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इमली से बढ़ेगी आय, 'दंडकारण्य फूड्स' इकाई का शुभारंभ

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसी दौरान सुकमा में 'दंडकारण्य फूड्स' इमली प्रसंस्करण इकाई का लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि अब बस्तर की प्रसिद्ध इमली को केवल कच्चे रूप में बेचने के बजाय प्रोसेस्ड उत्पादों के रूप में बाजार में उतारा जाएगा, जिससे स्थानीय उत्पादकों को बेहतर कीमत मिल सकेगी। करीब 64 लाख रुपए की लागत से स्थापित इस आधुनिक इकाई में इमली से पेस्ट, सॉस और अन्य उत्पाद तैयार किए जाएंगे। इससे न केवल स्थानीय महिलाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि क्षेत्रीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान भी मिल सकेगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने इमली खरीदी से जुड़े स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को प्रोत्साहन स्वरूप लाखों रुपए की राशि के चेक भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर हर परिवार की आय में बढ़ोतरी की जाए। शांति, विकास और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता सुकमा मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में दोहराया कि सरकार पुनर्वासित लोगों को सम्मानजनक जीवन, रोजगार और समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सुकमा जैसे संवेदनशील जिलों में अब बदलाव की नई कहानी लिखी जा रही है, जहां हिंसा की जगह विकास और विश्वास ने ले ली है।

आज बेबाक

इसे ही कहते हैं रोते हुए जाना और मरने की खबर लाना। आतंकिस्तान में अमेरिका और ईरान का प्रतिनिधि मंडल बेमन से मिला और इक्कीस घंटे की माथापच्ची के बाद बैरंग लौट गया। दोनों ही पक्ष पुष्पा की तरह डायलॉग मारते रहे - मैं झुकेगा नहीं साला..। नतीजतन बैठक बेनतीजा रही। बहरहाल दो दुश्मनों में मांडवाली न होने से पाकिस्तान को जोर का झटका बहुत जोर से लगा है।चला था मुरारी हीरो बनने लेकिन जीरो बन कर रह गया। दो बेचारे शाहबाज शरीफ़ और असीम मुनीर मारे मारे घूमते रह गए लेकिन नोबेल पुरस्कार की जगह हाथ आया बाबाजी का ठुल्लू।

गायिका आशा भोसले पंचतत्व में विलीन

मुंबई/ए.। दिग्गज गायिका आशा भोसले का रविवार 12 अप्रैल को 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। सोमवार सुबह से उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर तमाम फिल्मी कलाकारों और राजनेताओं का आना-जाना लगा रहा। इस दौरान गायिका को राजकीय सम्मान दिया गया। इसके बाद आशा ताई अपने अंतिम सफर पर निकलीं।

कल शाम 4 बजे बिहार के नए सीएम का ऐलान

पटना/ए.। बिहार में नई सरकार के गठन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर राज्यपाल के सचिव गोपाल मीणा ने सोमवार को पटना डीएम, एसपी, एसएसपी समेत सीनियर अधिकारियों की बैठक बुलाई। लोकभवन में चली इस बैठक में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों को लेकर ब्रीफिंग दी गई।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर 16 से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष सत्र

संसद में महिला आरक्षण 21वीं सदी के सबसे बड़े फैसलों में एक : मोदी

■ मोदी महिलाओं से बोले- गृहस्थ नहीं, लेकिन जानता सब हूं

■ हमारी योजनाओं से औरतें आर्थिक रूप से ताकतवर बनीं

नई दिल्ली/ए.। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को महिला आरक्षण बिल पर कहा, 'हमारे देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है। विधानसभाओं से लेकर संसद तक दशकों की प्रतीक्षा के अंत का समय आ गया है। इसलिए सरकार 16 से 18 अप्रैल तक संसद का स्पेशल सेशन लाई है।'

उन्होंने कहा, 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के जीवन का बड़ा अवसर बनने जा रहा है। संसद तक पहुंचने का रास्ता आसान बनने जा रहा है। आज महिलाओं की भूमिका और भी अहम हो गई है। हमारी योजनाओं से औरतें आर्थिक रूप से ताकतवर बनीं। उन्होंने कहा कि मैं गृहस्थ नहीं हूं, लेकिन जानता सब हूं।' पीएम मोदी ने कहा, 'हमारी सरकार महिलाओं के लिए कई योजनाएं ■ शेष पृष्ठ 8 पर

महिलाओं को आरक्षण

'भारत की सभी महिलाओं को एक नए युग के आगमन की बधाई भी देता हूं। लोकतांत्रिक संरचना में महिलाओं को आरक्षण देने की जरूरत दशकों से हर कोई महसूस कर रहा है।'

सैनिक स्कूल के दरवाजे खोले

स्कूल में शौचालय की परेशानी न हो स्वच्छ भारत अभियान, मुफ्त सेनेटरी पैड, खेलों में सालाना 1 लाख की मदद, भविष्य में सेना में जाना चाहे तो सरकार ने सैनिक स्कूल के दरवाजे खोले। जीवन के आगे के पड़ाव में रसोई में धुएं की परेशानी से बचाने उज्जवला योजना, पानी के लिए हर घर नल, 5 लाख तक मुफ्त इलाज देने वाली आयुष्मान योजना।

महिलाएं अपने घर की मालिक बनी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 3 करोड़ से ज्यादा महिलाएं अपने घर की मालिक बनी हैं। आम तौर पर पिता और बेटा व्यापार की बात करते हैं न और मां आ जाए तो कहते हैं तुम जाओ। अब जब वो आर्थिक सशक्त हो गई हैं तो बेटा भी कहता है कि मां को बुलाइए न। उन्होंने कहा कि मैं गृहस्थ नहीं हूं, लेकिन जानता सब हूं।

माताएं देश के विकास में निर्णय ले सकेंगी

नई दिल्ली में 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' का आयोजन किया गया, जिसमें हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश की महिलाओं को संबोधित किया है। इस सम्मेलन में देशभर से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली हमारी माताओं को आमंत्रित किया गया है। आगामी 16, 17 और 18 अप्रैल को माननीय प्रधानमंत्री पार्लियामेनेंट का विशेष सत्र बुला रहे हैं और लोकसभा और विधानसभा में हमारी माताओं के लिए 33% आरक्षण देने का अधिनियम पास होगा, जिससे हमारी माताएं देश के विकास में निर्णय ले सकेंगी।

- विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

5 लाख रुपए की इनामी टॉप महिला माओवादी कमांडर रूपी मारी गई

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में माओवादी विरोधी अभियान को बड़ी सफलता मिल रही है। पखांजूर इलाके के माचपल्ली जंगल में हुए एक भीषण एनकाउंटर में सुरक्षा बलों ने एक खूंखार माओवादी और एक मेढ़की एलओएस कमांडर रूपी को मार गिराया। बस्तर में जवानों ने पिछले दिनों छह खूंखार माओवादी कमांडरों के लिए जाल बिछाया था। फोर्स को पता था कि कांकेर के माचपल्ली इलाके में कुछ माओवादी छिपे हुए हैं। इसी के तहत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अमेरिका को ईरानी पोर्ट पर हमला न करने की चेतावनी

■ ईरान बोला- हमारे पोर्ट को निशाना बनाया तो इलाके का कोई बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा

तेल अवीव/ तेहरान/ वॉशिंगटन डीसी। ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर उसके बंदरगाहों को निशाना बनाया गया, तो फारस की खाड़ी और ओमान सागर में कोई भी पोर्ट सुरक्षित नहीं रहेगा।

ईरान की सेना और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा कि क्षेत्र की समुद्री सुरक्षा सभी देशों की साझा जिम्मेदारी है। अगर सुरक्षा सबके लिए नहीं होगी, तो किसी के लिए भी नहीं होगी। वहीं, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने घोषणा की है कि अमेरिका सोमवार से ईरान के बंदरगाहों और तटीय इलाकों पर नाकाबंदी (ब्लॉकेड) लागू करने की तैयारी कर रहा है। इसके तहत ईरान के बंदरगाहों में आने-जाने वाले सभी देशों के जहाजों पर नजर रखी जाएगी और उन्हें रोका जा सकता है। हालांकि, होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले वे जहाज जो ईरान के अलावा अन्य देशों के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कारोबारी को मारकर गाड़ा, अर्धनग्न हालत में मिली लाश

■ खून से सनी बाइक मिली, 4 दिन से लापता थे, पुलिस करेगी जल्द खुलासा

कोंडागांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में टेंट कारोबारी सुरेश चौहान की हत्या कर दी गई है। उनकी लाश हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे अर्धनग्न हालत में खेत में दफन मिली है। पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस लूट, अफेयर और जुआ-सट्टा एंगल से भी जांच कर रही है। कारोबारी सुरेश चौहान शनिवार (11 अप्रैल) से लापता थे। जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई थी। उसके बाद से पुलिस लगातार उनकी तलाश कर रही थी और शहर के करीब 150 सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। मामला कोंडागांव थाना इलाके का है। एसडीओपी रूपेश कुमार ने बताया कि सुरेश चौहान (53) पिता रामसूरत सिंह चौहान, शिरोमणि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नोएडा में हिंसक प्रदर्शन, 50 फैक्ट्री-ऑफिसों में तोड़फोड़

■ फैक्ट्री कर्मचारियों ने 10 गाड़ियों में लगाई आग, जगह-जगह सड़कें जाम

नोएडा (ए.)। नोएडा में सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे फैक्ट्री कर्मचारियों का प्रदर्शन सोमवार सुबह हिंसक हो गया। अलग-अलग इलाकों में गुस्साए कर्मचारियों ने 50 से ज्यादा फैक्ट्रियों में पथराव किया। तोड़फोड़ की। हाथ में डंडे लेकर सैकड़ों पर कर्मचारी जुलूस निकाल रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक मांगें नहीं मानी जातीं, वो रुकेंगे नहीं। सबसे पहले हालात फेज-2 इलाके में खराब हुए। सुनवाई न होने से कर्मचारी उग्र हो गए। पथराव कर दिया। कई गाड़ियों और बसों को आग लगा दी। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो उनकी गाड़ी पलट दी। हालात बिगड़े ■ शेष पृष्ठ 8 पर

महाराष्ट्र के ठाणे में सड़क हादसा, 11 की मौत

■ मृतकों में 3 महिलाएं, 2 की हालत गंभीर, वैन से टकराया सीमेंट मिक्सर ट्रक

ठाणे (ए.)। महाराष्ट्र के ठाणे में सोमवार सुबह सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। दो गंभीर घायल हुए। पुलिस के मुताबिक हादसा सुबह करीब 10:45 बजे मुर्बाड के गोविली गांव स्थित रैता ब्रिज पर हुआ। कल्याण से मुर्बाड जा रही वैन की सामने से आ रहे सीमेंट मिक्सर ट्रक से टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन में सवार 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मुर्बाड के तहसीलदार अभिजीत देशमुख ने बताया कि घायलों को उल्हासनगर के सेंट्रल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गुजरात में ट्रक ने श्रद्धालुओं को कुचला, 7 मौतें

सुरेंद्रनगर/ए.। गुजरात के सुरेंद्रनगर में सोमवार सुबह लखतर-विरामगाम नेशनल हाईवे पर एक ट्रक ने पैदल चल रहे श्रद्धालुओं को कुचल दिया। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि चार घायल हो गए। घायलों को सुरेंद्रनगर के अलग-अलग हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया है। घायलों की हालत भी गंभीर बनी हुई है। लखतर पुलिस इंस्पेक्टर योगेश पटेल ने बताया कि घटना लखतर-विरामगाम हाईवे पर रात करीब रात करीब 1:30 बजे हुई। तीर्थयात्रियों का एक ग्रुप पैदल राजकोट से बहुचराजी माता मंदिर जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक ने सभी को कुचल दिया। हादसे में छह तीर्थयात्रियों और सड़क किनारे खड़े एक डंपर के ड्राइवर की मौत हो गई। मृतकों में 5 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया था। बाद में इसे गिरफ्तार कर लिया गया।

गरमा-गरम



शेयर बाजार में कोहराम : निवेशकों के उड़े होश, अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर

सेंसेक्स 1600 अंक लुढ़का, निफ्टी 23,600 के नीचे

मुंबई (ए.)। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार में तेज गिरावट देखने को मिली, जिसने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में अचानक आई तेजी और अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने बाजार की दिशा पर नकारात्मक असर डाला है।

सुबह बाजार खुलते ही निवेशकों ने तेजी से बिकवाली शुरू कर दी, जिससे प्रमुख सूचकांकों पर दबाव बढ़ गया। बीएसई सेंसेक्स करीब 1600 अंकों तक टूट गया, जबकि निफ्टी 23,600 के अहम स्तर से नीचे आ गया। यह गिरावट बताती है कि फिलहाल बाजार में अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि बाहरी कारकों का असर भारतीय बाजार पर साफ दिखाई दे रहा है।

तेल की कीमतों और वैश्विक तनाव का असर

इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल है। ब्रेंट क्रूड 105 डॉलर प्रति बैरल के नजदीक पहुंच गया है, जिससे महंगाई और लागत बढ़ने की आशंका है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव भी बाजार की चिंता का कारण बना हुआ है। होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे अहम क्षेत्र में तनाव बढ़ने से सप्लाई बाधित होने का खतरा है। भारत जैसे देश, जो तेल आयात पर निर्भर हैं, उनके लिए यह स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो जाती है। इसी कारण निवेशकों ने जोखिम से बचने के लिए बाजार से दूरी बनानी शुरू कर दी है।

एक लाख रिश्वत लेते पकड़ा गया कृषि विकास अधिकारी

■ सेल्स मैनेजर को फर्जी केस बनाकर गिरफ्तार कराने की धमकी, एसीबी की कार्रवाई से हड़कंप

सूरजपुर/नवप्रदेश। सूरजपुर जिले से भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई सामने आई है। कृषि विकास अधिकारी तथा बीज निरीक्षक सोहन लाल भगत को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी अधिकारी ने प्रार्थी को झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर 3 लाख रुपए की रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता अजीत कुमार कश्यप सूरजपुर जिले के प्रतापपुर का निवासी है और हैदराबाद की बीज कंपनी भव्या सीड्स में एरिया सेल्स मैनेजर के पद पर कार्यरत है। सीजन की बिक्री के बाद बचे बीजों को कंपनी में वापस भेजने के लिए अजीत ने उन्हें कोल्ड स्टोरेज में रखा था। इसकी जानकारी कृषि विकास अधिकारी सोहन लाल भगत को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

न्यूज गैलरी

विद्यालयों में नैतिक शिक्षा पर बढ़ा जोर, डाइट नगरी में 5 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

नगरी / नवप्रदेश। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) नगरी में जिले के चारों विकासखंड—नगरी, कुरुद, धमतरी एवं मगरलोड के शिक्षकों के लिए 5 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण प्राथमिक स्तर की नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित था, जिसमें कक्षा पहली से चौथी तक के पाठ्यक्रम में किए गए महत्वपूर्ण बदलावों की जानकारी दी गई प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2027 तक एफ.एल.एन. के लक्ष्यों की प्राप्ति के साथ-साथ विद्यार्थियों में 21वीं सदी के आवश्यक कौशल विकसित करना है। नवीन पाठ्यपुस्तकें एन.सी.ई.आर.टी. एवं एस.सी.ई.आर.टी. के संयुक्त सहयोग से तैयार की गई हैं, जिनमें 80 प्रतिशत सामग्री एन.सी.ई.आर.टी. तथा 20 प्रतिशत सामग्री एस.सी.ई.आर.टी. द्वारा विकसित की गई है इन पुस्तकों में बच्चों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसमें नैतिक शिक्षा, रचनात्मकता, समूह में सीखने की क्षमता एवं वैश्विक नागरिकता जैसे मूल्यों को शामिल किया गया है। हिन्दी एवं अंग्रेजी विषयों में मौखिक भाषा विकास से लेकर लेखन तक 4-खंडीय मॉडल अपनाया गया है, जिससे शिक्षण अधिक प्रभावी और रोचक बने। वहीं गणित विषय को खेल-आधारित गतिविधियों के माध्यम से सरल एवं आनंददायक बनाने पर जोर दिया गया नवीन पाठ्यक्रम में योग एवं कला को भी विशेष स्थान दिया गया है, जिससे विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और वे अपनी परंपरागत कला-संस्कृति से भी जुड़ सकेंगे।

सोलह प्रहरी हरिनाम यज्ञ में उमड़ी आस्था की लहर, जनपद सभापति प्रकाश हुए शामिल

महासमुंद / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़- ओडिशा सीमावर्ती क्षेत्र के ग्राम कुदारीबाहरा में सोलह प्रहरी हरिनाम संकीर्तन यज्ञ का भव्य आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय हो गया।कार्यक्रम का आयोजन महाराज सदन तिवारी (कोमना, ओडिशा) के सान्निध्य में ग्रामवासियों, वैष्णव देवी मंदिर समिति एवं शिव मंदिर समिति के सहयोग से किया गया। आयोजन में जनपद पंचायत बसना के सभापति प्रकाश सिन्हा एवं जनपद सदस्य प्रतिनिधि शशिकांत साव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ग्राम प्रमुखों एवं सरपंचों द्वारा अतिथियों का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। पश्चात सभापति श्री सिन्हा ने विधिवत पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में क्षेत्र के सरपंच प्रफुल्ल साहू, गुलाब साहू, गोपीचंद साहू एवं गोपेश डड़सेना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

सेवा ही संगठन अभियान से गांव-गांव में हो रहा जनसेवा का विस्तार-भाजपा

नगरी / नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में संचालित राष्ट्रव्यापी सेवा ही संगठन कार्यक्रम के अंतर्गत 6 अप्रैल 2026 से 12 अप्रैल 2026 तक चल रहें गांव बस्ती चलों अभियान के सिहावा विधानसभा क्षेत्र वे छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर बेलर मंडल के ग्राम पंचायत घुटकेल,बोराई, मैनपुर,लिखमा में भाजपा धमतरी जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई इस अवसर पर प्रकाश बैस ने भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामों के घर पहुंच कर ग्रामीजनों से आत्मीय भेंट मुलाकात की उन्होंने स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए ग्रामवासियों से अपने गांव को स्वच्छ सुंदर एवं आदर्श बनाने का आह्वान किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सेवा समर्पण एवं राष्ट्र निर्माण के मूल सिद्धांतों पर कार्य करने वाली पार्टी है। और सेवा ही संगठन अभियान इसी विचारधारा का सशक्त प्रतीक है। साथ ही ग्राम के वरिष्ठ एवं युवाओं वं भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान कर संगठन के प्रति उनके योगदान की सराहना की गई। जिसमें प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप, जिला पंचायत सदस्य गरीमा नेताम, मंडल अध्यक्ष हुमित लिमजा, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा मौर्यध्वज सेन, जिला उपाध्यक्ष चित्रांश नागवंशी, महामंत्री दीपक साहू, मोनू साहू, मंडल कोषाध्यक्ष उमेश साहू,मंत्री चुम्मन साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष तिलेश प्रजापति, महिला महामंत्री सीता साहू, शत्रुघ्न साहू, युवा नेता मिथलेश साहू सहित भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ता एवं युवा बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए कार्यक्रम में।

महतारी वंदन योजना के नाम पर महिलाओं के साथ भाजपा का 'बड़ा छल' : हेमलता निषाद

पिथौरा / नवप्रदेश। महिला कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष हेमलता निषाद ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए 'महतारी वंदन योजना' को झूठ का पुलिंदा करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय हर विवाहित महिला को लाभ देने का सब्जबाग दिखाने वाली भाजपा, सत्ता मिलते ही अब नियम-कायदों के मकड़जाल में महिलाओं को फंसाकर उनके अधिकारों पर कैंची चला रही है।?हेमलता निषाद ने आंकड़ों के साथ सरकार को घेरते हुए कहा कि पिछले दो सालों में केवाईसी अपडेट करने के नाम पर लाखों पात्र महिलाओं के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। उन्होंने कहा, भाजपा ने दावा किया था कि प्रदेश की हर महिला को इस योजना का लाभ मिलेगा, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि आज हजारों महिलाएं दफ्तरों के चक्कर काट रही हैं और उन्हें योजना से वंचित कर दिया गया है। चुनाव के समय 'सबको साथ' और सरकार बनते ही 'सिर्फ बहनें'—यही भाजपा का असली चरित्र है। विज्ञप्ति में निषाद ने सरकार की एक और बड़ी चालाकी को उजागर करते हुए बताया कि बुजुर्ग महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिन बुजुर्ग महिलाओं को पहले से 500 रुपये पेंशन मिल रही थी, सरकार अब उन्हें महतारी वंदन के नाम पर कुल 1000 थमा रही है।

आदिवासी ध्रुव गोंड समाज का 70वां महासभा गट्टासिल्ली में सम्पन्न

■ रोजगार, शिक्षा, नशामुक्ति और संस्कृति संरक्षण पर दिया गया जोर

नगरी / नवप्रदेश। आदिवासी ध्रुव गोंड समाज, तहसील नगरी का 70वां महासभा गौरव ग्राम गट्टासिल्ली में पारंपरिक उत्साह और गरिमामय वातावरण के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आदिवासी परंपरा के अनुसार कलश यात्रा एवं पेन पुरखा बुढ़ादेव की विधिवत पूजा-अर्चना से किया गया।तहसील अध्यक्ष सुरेन्द्र ध्रुव की अध्यक्षता में आयोजित इस महासभा में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम तथा सिहावा विधायक अंबिका मरकाम शामिल हुईं। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, पिंकी शिवराज शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, सर्व आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई, आदिवासी ध्रुव गोंड समाज जिला अध्यक्ष माधव ठाकुर, अजजा शासकीय सेवक संघ जिला अध्यक्ष गेवाराम ध्रुव, गोंडवाना समाज तहसील अध्यक्ष टिकेश्वर ध्रुव, सर्व आदिवासी समाज तहसील अध्यक्ष उमेश देव, नगर पंचायत नगरी अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव, जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी, शशि ध्रुव, मुनेन ध्रुव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य खूब लाल ध्रुव, ग्राम पंचायत गट्टासिल्ली के सरपंच रामकुमार सामरथ, जनपद सदस्य प्रेम सिंह सलाम, नगर पंचायत नगरी के पार्षद देवचरण ध्रुव, अम्बिका ध्रुव, राजा पवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तकनीकी कारणों से उपस्थित नहीं हो सके, किंतु उन्होंने वर्चुअल माध्यम से समाज को संबोधित करते हुए आदिवासी समाज की एकता, संस्कृति संरक्षण और अधिकारों के प्रति जागरूकता पर बल दिया।इस अवसर पर विकास मरकाम ने उद्बोधन में कहा कि समाज को एकजुट रहने और अपनी परंपराओं एवं रीति-रिवाजों को सहेजने का संदेश दिया साथ आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, भाषा, परंपरा और गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए जल, जंगल और जमीन की रक्षा, धर्मांतरण पर रोक, शिक्षा, रोजगार, नशामुक्ति और सामाजिक एकता पर विशेष जोर दिया। साथ ही सामाजिक आयोजनों में फिजूलखर्ची से बचने और सादगीपूर्ण संस्कारों को अपनाने का संकल्प लिया गया।वहीं विधायक अंबिका मरकाम ने भी समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की।सभा मे अभी के द्वारा सभा को संबोधित किया गया -महासभा में समाज के उत्कृष्ट समाजसेवियों एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। आयुर्वेद क्षेत्र में योगदान हेतु पुनारद ध्रुव, गोड़ी संस्कृति के संरक्षण हेतु नथ्था सिंह ध्रुव, सोशल मीडिया के माध्यम से मार्गदर्शन के लिए कंजन सिंह ध्रुव, रोजगार क्षेत्र में योगदान के लिए उपक्षेत्र डोंगरडुला, मेधावी छात्रा प्रेमलता ध्रुव (होम साइंस टॉपर), 12वीं बोर्ड के यशस्वी ध्रुव, 10वीं बोर्ड की मधुलता ध्रुव, नवोदय चयन हेतु लावण्या ध्रुव एवं मुस्कान ध्रुव को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।महासभा के दौरान 13 जटिल सामाजिक प्रकरणों का निराकरण भी किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में सहभागिता कर सांस्कृतिक पहचान का सशक्त संदेश दिया।

महंगे यूरिया से बिक्री प्रभावित

होलसेलरों की मनमानी से कबीरधाम में फुटकर व्यापारियों की बढ़ी परेशानी

(कबीरधाम)/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में इन दिनों होलसेलर व्यापारियों द्वारा फुटकर व्यापारियों को यूरिया खाद अधिक दर पर दिए जाने के कारण गंभीर स्थिति बन गई है। बढ़ी हुई कीमतों के चलते फुटकर व्यापारी न तो उचित मूल्य पर खाद बेच पा रहे हैं और न ही किसानों की मांग पूरी कर पा रहे हैं, जिससे व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

इसी समस्या सहित विभिन्न मांगों को लेकर कवर्धा कृषि व्यापारी एसोसिएशन द्वारा 12 अप्रैल 2026 को चोटिया फर्म हाउस, कवर्धा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलेभर के खाद व्यापारियों ने भाग लेकर वर्तमान समय में खाद व्यवसाय संचालन के दौरान आ रही व्यावहारिक समस्याओं पर विस्तार

से चर्चा की। बैठक में व्यापारियों ने आरोप लगाया कि होलसेलर स्तर पर यूरिया खाद अधिक दर पर उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे फुटकर व्यापारियों के लिए निर्धारित दर पर बिक्री करना कठिन हो गया है। इस स्थिति में व्यापारी आर्थिक नुकसान झेलने को मजबूर हैं और किसानों के साथ भी असहज स्थिति बन रही है।सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए व्यापारियों ने शासन के समक्ष कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। इनमें सभी फुटकर खाद विक्रेताओं को शीघ्र POS मशीन उपलब्ध कराने की मांग प्रमुख रही, ताकि खाद वितरण में पारदर्शिता लाई जा सके। साथ ही यह भी प्रस्ताव रखा गया कि उर्वरकों का वितरण केवल जिले के किसानों को आधार आधारित POS प्रणाली के माध्यम से ही किया जाए, जिससे स्थानीय किसानों को प्राथमिकता मिल सके।

बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में बाहरी कंपनियों द्वारा पिकअप वाहनों के माध्यम से हो रही अवैध खाद बिक्री पर भी चिंता व्यक्त की गई। इस पर रोक लगाने के लिए उड़नदस्ता टीम गठित कर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। इसके अलावा उर्वरक परिवहन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु ट्रकों में GPS ट्रैकिंग सिस्टम अनिवार्य करने की भी बात कही गई। व्यापारियों ने यह भी आरोप लगाया कि कंपनियां एवं डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा यूरिया के साथ जबरन महंगी पैकिंग मटेरियल लेने का दबाव बनाया जा रहा है, जबकि इसके लिए कोई स्पष्ट शासकीय आदेश नहीं है। साथ ही इफ्को, नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया की खरीद के लिए भी दबाव डाला जा रहा है। व्यापारियों ने इन अनियमितताओं पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

रुद्री में विकास कार्यों का भूमिपूजन विधायक ने किया शुभारंभ

धमतरी / नवप्रदेश। धमतरी विधायक श्री ओंकार साहू ने ग्राम रुद्री में विधायक निधि से स्वीकृत शेड निर्माण कार्य एवं सीसी रोड निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होकर ग्रामवासियों के साथ विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विधायक श्री साहू ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है। शेड निर्माण से ग्रामीणों को सामुदायिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी, वहीं सीसी रोड निर्माण से आवागमन सुगम होगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के माध्यम से ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार लाना ही उनका मुख्य उद्देश्य है और आगे भी इसी तरह जनहित के कार्य जारी रहेंगे।ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री खिलेन्द्र ध्रुव ने कहा कि धमतरी विधायक ओंकार साहू गांव, गरीब और किसानों के हित में लगातार कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में धमतरी क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन और जनप्रतिनिधियों के संयुक्त प्रयास से क्षेत्र को और अधिक विकसित बनाया जाएगा।कार्यक्रम के अंत में ग्रामवासियों ने विकास कार्यों के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। मौके पर क्षेत्र के जनपद सदस्य अनिता यादव, सरपंच लक्ष्मी बया, उपसरपंच शुभम साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष केसव राम साहू, नगर पंचायत आमदी के नेता प्रतिपक्ष ऋषभ ठाकुर, गोविंद साहू, धर्मेंद्र साहू, अन्य गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम से बढ़ेगी ताकत

■ नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम: सांसद रुपकुमारी

महासमुंद / नवप्रदेश। महिलाओं को लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से लाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर आज महासमुंद के सर्किट हाउस में एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता आयोजित की गई। महासमुंद

लोकसभा क्षेत्र की सांसद रुपकुमारी चौधरी ने इस अधिनियम को देश के इतिहास में मील का पत्थर बताते हुए महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम बताया। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सांसद श्रीमती चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाया गया यह अधिनियम महिलाओं को राजनीति में आगे बढ़ने का सशक्त अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि अब महिलाएं केवल सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि नीति-निर्माण की प्रक्रिया में भी प्रभावी भागीदारी निभाएंगी, जिससे देश के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी।

उन्होंने आगे कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह अधिनियम महिलाओं को नेतृत्व के अवसर प्रदान कर उनके योगदान को और अधिक सशक्त बनाएगा।

गांव चलो बस्ती चलो अभियान का भव्य आयोजन

नगरी / नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर सिहावा के शीतला मंदिर प्रांगण, छिपलीपारा शक्ति केंद्र में 'गांव चलो बस्ती चलो अभियान' का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रकाश बैस जी उपस्थित रहे। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस जी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ और धमतरी जिले में भाजपा के गौरवशाली इतिहास और विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला, जहाँ उन्होंने बताया

कि कैसे शून्य से शिखर तक का सफ़र तय करते हुए संगठन ने जिले के हर गांव और गरीब के दिल में अपनी जगह बनाई है; इसी कड़ी में संगठन के प्रति समर्पित निष्ठावान कार्यकर्ताओं का श्रीफल भेंट कर आत्मीय सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया, जहाँ पूर्व विधायक पिंकी शाह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप जी, नगरी मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव, प्रदेश महिला मोर्चा 'मन की बात' सह-प्रभारी व जनपद सभापति प्रेमलता नागवंशी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहन पुजारी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष चित्रांश नागवंशी, शक्ति केंद्र प्रभारी नरेंद्र बब्बू सेन, भीतररास उपसरपंच सुनील यादव, और समस्त सक्रिय कार्यकर्ताओं सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

रंग लाई बच्चों और शिक्षकों की मेहनत

■ पंडरियाकुंडा-दामापुर क्षेत्र के 8 ग्रामीण बच्चों का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन

पंडरियाकुंडा। एक ओर जहाँ कई ग्रामीण बच्चे घूमने -फिरने एवं मोबाइल में अपना ज्यादातर समय नष्ट कर देते हैं वहीं कुछ ग्रामीण बच्चे ऐसे भी हैं जो शासकीय प्राथमिक शाला खैरातुलसी के गुरुजनों के मार्गदर्शन में चुपचाप दिन- रात कड़ी मेहनत कर जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा छठवीं की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर यह साबित कर रहें हैं कि लगन और कड़ी मेहनत से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी इस सरकारी स्कूल के गुरुजनों के मार्गदर्शन में दामापुर क्षेत्र के 8 ग्रामीण बच्चों ने दिन-रात कड़ी मेहनत करते हुए शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा छठवीं की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।

हर घर पानी पहुँचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : अश्वनी शर्मा

भाटापारा / नवप्रदेश। भीषण गर्मी को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा नगर के सभी 31 वार्डों में पेयजल आपूर्ति को सुचारु एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में सभी वार्डों के पार्षदों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और अपने-अपने क्षेत्रों की पेयजल स्थिति, संभावित समस्याओं एवं समाधान के सुझावों पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक के दौरान अध्यक्ष श्री शर्मा ने स्पष्ट कहा कि गर्मी के इस कठिन समय में नागरिकों को

पानी के लिए परेशान होना पड़े, यह बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हर वार्ड में पर्याप्त और नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में सभी 31 वार्डों की पेयजल व्यवस्था की गहन समीक्षा करते हुए पार्षदों से जमीनी स्थिति की जानकारी ली गई।वहीं पार्षदों द्वारा दिए गए सुझावों एवं समस्याओं के आधार पर त्वरित और प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जल टैंकरों के माध्यम से वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं पाइपलाइन मरम्मत हेतु विशेष टीमों को अलर्ट मोड पर रखा गया तथा नागरिकों की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान ही परशुराम वार्ड की महिलाओं द्वारा पेयजल समस्या की शिकायत सामने आई। मामले की गंभीरता को देखते हुए अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बैठक समाप्त होते ही सीधे वार्ड के प्रभावित स्थल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि तकनीकी कारणों से जलापूर्ति बाधित हो रही थी। अध्यक्ष श्री शर्मा ने मौके पर उपस्थित जल विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तत्काल समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए और कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी।

पर्यावरणीय असंतुलन के बीच युवाओं की प्रेरणादायक पहल

गौरैया संरक्षण की अनूठी पहल, युवाओं ने संभाली जिम्मेदारी

कवर्धा/नवप्रदेश। आधुनिकता और तेजी से बढ़ते शहरीकरण के इस दौर में जहां एक ओर पर्यावरणीय संतुलन लगातार बिगड़ता जा रहा है, वहीं दूसरी ओर हमारे आसपास से कई छोटे-छोटे जीव-जंतु भी धीरे-धीरे गायब होते जा रहे हैं। इनमें सबसे अधिक प्रभावित होने वाली चिड़ियों में से एक है हमारी प्यारी गौरैया, जिसकी चहचहाहट कभी हर घर-आंगन में सुनाई देती थी, लेकिन आज वह दुर्लभ होती जा रही है।

ऐसे चिंताजनक समय में कवर्धा के एक युवा दीपेश कुंभकार ने गौरैया संरक्षण की

दिशा में एक सराहनीय और प्रेरणादायक पहल की है। उन्होंने अपने हुनर और रचनात्मकता का उपयोग करते हुए मिट्टी से आकर्षक, टिकाऊ और सुरक्षित चिड़ियों के घोंसले तैयार किए हैं। ये घोंसले विशेष रूप से इस तरह डिजाइन किए गए हैं कि गौरैया जैसी छोटी चिड़ियां इनमें आसानी से रह सकें और खुद को सुरक्षित महसूस करें।दीपेश का यह प्रयास न केवल पर्यावरण के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है, बल्कि समाज को भी एक सकारात्मक संदेश देता है कि यदि इच्छाशक्ति हो तो छोटे-छोटे प्रयासों से भी बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। उनके बनाए घोंसले पूरी तरह प्राकृतिक सामग्री से तैयार किए जाते हैं, जिससे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होता और यह पहल पूरी तरह पर्यावरण के अनुकूल है।इस पहल को स्थानीय स्तर पर भी काफी सराहना मिल रही है। लोग इसे एक अभिनव और जरूरी कदम मान रहे हैं, जिससे गौरैया जैसी विलुप्त होती प्रजातियों को फिर से बसने का मौका मिल सकता है। खास बात यह है कि यह पहल केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहकर अब धीरे-धीरे समाज के अन्य युवाओं को भी प्रेरित कर रही है।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी ने भी दीपेश की इस पहल की प्रशंसा करते हुए नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन घोंसलों को खरीदें और अपने घरों, आंगनों, बालकनियों या छतों पर लगाएं। उनका मानना है कि यदि हर घर में एक घोंसला लगाया जाए, तो गौरैया को फिर से सुरक्षित आश्रय मिल सकता है।

बजट में जनहित और आधुनिकता का समावेश : नीलमणि साहू

महासमुंद / नवप्रदेश। नगर के युवा नीलमणि साहू ने कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत बजट शहर के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल के रूप में सामने आया है। इस बजट में नगर के सौंदर्यीकरण से लेकर बुनियादी सुविधाओं के विस्तार तक विभिन्न योजनाओं को शामिल किया गया है, जिनका उद्देश्य नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है।

बजट में शहर के महापुरुषों की प्रतिमाओं के सौंदर्यीकरण, संजय कानन उद्यान के उन्नयन तथा मुक्तिधामों के विकास जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। ये पहलें न केवल शहर की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करेंगी, बल्कि महासमुंद की पहचान को भी नई ऊंचाई प्रदान करेंगी।नीलमणि ने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली, नागरिक सुविधा केंद्र और व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स निर्माण जैसी योजनाएं भी प्रस्तावित हैं।

निगम की सामान्य सभा: 1301 करोड़ से अधिक का बजट पास

स्मार्ट सिटी-महिला सुरक्षा और युवाओं पर फोकस, स्मार्ट सिटी सुविधाएं, 33 प्रतिशत महिला आरक्षण पर भी बनी सहमति

बिलासपुर/नवप्रदेश। *बिलासपुर नगर निगम की सामान्य सभा में इस बार 1301 करोड़ रुपए से अधिक का बजट पास किया गया। मेयर पूजा विधानी ने बताया कि यह बजट केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें स्मार्ट सिटी सुविधाएं, महिलाओं की सुरक्षा और युवाओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव तैयार किए गए हैं।*

साथ ही सभा में 33% महिला आरक्षण से संबंधित प्रस्ताव पारित कर राज्य शासन को भेजने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही पार्षदों को सांसद और विधायक की तर्ज पर आजीवन पेंशन देने, मानदेय बढ़ाने और पार्षद निधि की राशि में वृद्धि करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। इसके अलावा क्रिकेट स्टेडियम के लिए 12 एकड़ जमीन देने पर भी सहमति बनी है, जो कि ग्राम मंगला में बनेगा। दरअसल क्रिकेट संघ बिलासपुर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के जरिए शहर में क्रिकेट स्टेडियम निर्माण के लिए निगम से ग्राम मंगला स्थित 12 एकड़ जमीन देने का आवेदन किया था। वहीं बैठक में प्रश्नकाल की शुरुआत में मेयर निधि के खर्च और गंदे पानी की सप्लाई को लेकर जमकर हंगामा हुआ। अवैध निर्माण पर भड़के सभापति ने सदन में अफसरों को चेतावनी देते हुए कहा कि, मेरे वार्ड गोलबाजार में अवैध निर्माण चल रहा है। उन्होंने तत्काल तोड़ने के निर्देश दिए। बैठक से पार्षद पति समेत कई लोग बाहर भी निकाल दिए गए।

बजट में यह मुद्दे शामिल

12 करोड़ से शहर के डिवाइडर सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव। 30 करोड़ से सड़क और नाली निर्माण की योजना। शिक्षा और डिजिटल सुविधा पर फोकस। शहर में फ्री वाई-फाई शुरू करने की तैयारी। छात्राओं को मुफ्त सेनेटरी पैड देने का प्रस्ताव। महिलाओं के लिए हर जोन में पिंक टॉयलेट बनाने की योजना। पिंक गार्डन विकसित कर सुरक्षित सार्वजनिक स्पेस बनाने की पहल। 5 करोड़ से शहर में हरियाली बढ़ाने का प्रावधान। स्मार्ट वेंडिंग जोन और फूड स्ट्रीट पर 5 करोड़ खर्च की तैयारी।

अवैध निर्माण पर भड़के सभापति

अवैध निर्माण पर भड़के सभापति। सदन में अफसरों को चेतावनी देते हुए कहा कि, मेरे वार्ड गोलबाजार में अवैध निर्माण चल रहा है। तत्काल तोड़ने के निर्देश दिए।

शहर विकास पर तैयार किया गया है एजेंडा: विधानी

मेयर पूजा विधानी ने कहा कि, इस बार का बजट अब तक का सबसे बड़ा बजट होगा। बजट में छोटे-छोटे विकास कार्यों पर फोकस किया गया है। चौक-चौराहों और डिवाइडरों के सौंदर्यीकरण के साथ सड़कों के किनारे हरियाली बढ़ाने पर जोर रहेगा। साथ ही छात्र-छात्राओं के लिए फ्री वाई-फाई और महिलाओं की सुविधाओं से जुड़ी योजनाएं भी शामिल की गई हैं। शहर विकास को ध्यान में रखकर एजेंडा बनाया गया है। वार्ड स्तर पर सड़कों का विस्तार, पेयजल की समस्या को हमेशा के लिए दूर करने के लिए ठोस निर्णय लिया जाएगा, जिसका लाभ शहरवासियों को मिलेगा।

भाजपा में खींचतान, पानी, सड़क जाम जैसे मुद्दों को लेकर हंगामा

सामान्य सभा से पहले कांग्रेस के शहर अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा ने सीनियर कांग्रेस नेताओं के साथ पार्षद दल की बैठक ली थी, जिसमें भाजपा की निगम सरकार को पानी, सड़क और जाम के मुद्दे पर घेरने की रणनीति बनाई गई। इस बैठक में जन समस्याओं को मजबूती से उठाना और भाजपा को जनहित के मुद्दों पर घेरने की बात कही गई। कांग्रेस पार्षदों का आरोप है कि वार्ड निधि वितरण में भेदभाव किया जा रहा है। इसके साथ ही गर्मी के मौसम में पेयजल संकट, खराब सड़कों की स्थिति, निराश्रित पेंशन में देरी, बजबजाती नालियां, मच्छरों का बढ़ता प्रकोप, मुख्य मार्गों पर जाम और आवारा पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का निर्णय बैठक में लिया गया। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि सामान्य सभा में इन सभी मुद्दों पर आक्रामक रुख अपनाया जाएगा और जनहित के सवालों पर निगम प्रशासन से जवाब मांगा जाएगा। सामान्य सभा से पहले हुई भाजपा पार्षद दल की बैठक में शनिवार को बवाल हो चुका है। इसमें महापौर और पार्षद के बीच तीखी बहस हो गई थी। सफाई ठेके को लेकर महापौर पूजा विधानी और पार्षद रंगा नादम आमने-सामने आ गए थे। दोनों के बीच आरोप-प्रत्यारोप को लेकर जमकर चर्चा हो रही है। इस मुद्दे पर भी सामान्य सभा में कांग्रेस हंगामा मचा सकती है। इस विवाद में महापौर विधानी अपने ही पार्षद रंगानादम पर कांग्रेस से सांठगांठ के आरोप लगाए। तो भड़के पार्षद रंगा नादम ने महापौर के आरोपों पर पलटवार कर कहा कि महापौर खुद कांग्रेस से भाजपा में आई हैं।

भाजपा पार्षदों में भी असंतोष: कांग्रेस नेता

भाजपा पार्षद दल की बैठक में असंतोष सामने आने के बाद कांग्रेस नेता भी इस पर चुटकी लेने लगे हैं। शहर अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा का कहना है कि, नगर निगम में कोई काम नहीं हो रहा है। सत्ताधारी दल भाजपा के पार्षद भी परेशान हैं, जो जनता को जवाब नहीं दे पा रहे हैं। आवाज उठाने वाले पार्षदों का मुंह बंद करा दिया जाता है। केंद्र, राज्य और नगर निगम में भाजपा की सरकार होने के बाद भी सत्ताधारी पार्षदों की इस स्थिति देखकर ही समझा जा सकता है कि अधिकारी किस तरह काम कर रहे हैं।

गंदे पानी की सप्लाई को लेकर हंगामा

प्रश्नकाल में निगम इलाके में गंदे पानी की सप्लाई को लेकर हंगामा हुआ। पार्षदों का आरोप है कि, अमृत मिशन योजना में कमीशनखोरी के चलते गंदे पानी की हो रही सप्लाई। मेयर ने कहा कि, पानी मटमैला है पर गंदा नहीं। पार्षदों ने क्लोरीन का उपयोग नहीं करने का लगाया आरोप। सामान्य सभा में प्रश्नकाल की शुरुआत के साथ हंगामा हो गया। कांग्रेस पार्षद दल और मेयर आपस में भिड़ गए। मेयर निधि के खर्च में भेदभाव को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। भड़की मेयर ने कहा कि, विपक्ष को सवाल पूछने का अधिकार नहीं है। सेम-सेम और मुर्दाबाद के नारे लगाए। निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को लेकर भी जमकर हंगामा हुआ।

सफाई ठेके को लेकर हुआ विवाद

सफाई ठेके की दर बढ़ाने और शहर की सफाई में कोताही को लेकर विवाद शुरू हुआ। पार्षद रंगानादम का कहना था कि सफाई ठेका के कर्मचारी भी पार्षदों की नहीं सुनते। जबकि, महापौर का कहना था कि पिछले स्वच्छता सर्वेक्षण में बिलासपुर दूसरे स्थान पर था। शहर को पहले स्थान पर लाने के उद्देश्य से लायंस सर्विसेज के सफाई ठेके की दर में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर उसे एक साल के लिए आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने पार्षदों से कहा कि, यह निर्णय विधायक अमर अग्रवाल की सहमति से लिया गया है। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। सामान्य सभा में भाजपा पार्षद रंगानादम मुंह पर मास्क लगा कर बैठे दिखे। शनिवार को भाजपा पार्षद दल की बैठक में मेयर और पार्षद रंगानादम के बीच जमकर बहस हो गई थी, उनके मास्क लगाने को लेकर कांग्रेसी पार्षद मुंह बंद कराने का आरोप लगा रहे हैं।

सुविचार

किसी का अहसान कितना भी छोटा क्यों न हो उसे कभी नहीं भूलना चाहिए और अपना अहसान चाहे जितना बड़ा हो कभी जताना नहीं चाहिए।

अब होर्मूज पर आर पार

अमेकिाऔर ईरान के बीच दो सप्ताह के लिए हुए सीजफायर का अब कभी भी टूट जाना तय हो गया है। पाकिस्तान के इस्लामाबाद में अमेरिकी और ईरानी प्रतिनिधि मंडल के बीच हुई शांति वार्ता विफल हो गई। इसके बाद अमेरका ने अब ईरान को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि पाकिस्तान में हुई शांति वार्ता के विफल हो जाने से अमेरिका को कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि इसका दुष्परिणाम अब इरान को भुगतना पड़ेगा। ईरान ने होर्मूज खोलने का अपना वादा तोड़ा है और अब अमेरिका होर्मूज को अपने नियंत्रण में लेने को अब तैयार है। हूर्मूज घेराबंदी की जा रही है और हूर्मूज को खोलने के लिए कई देश तैयार है। डोनाल्ड ट्रंप की इस धमकी के जवाब में इरान ने कहा है कि ये नाकेबंदी फेल होगी और अमेरिका इस मामले में भी हारेगा। हमारे पास अभी कई विकल्प बाकी हैं। जिसे हमने अपनाया नहीं है लेकिन यदि होर्मूज पर कब्जें की कोशिश की गई तो ईरान इन विकल्पों को आजमाएगा। ईरान ने डोनाल्ड ट्रंप की इस धमकी पर भी पलटवार किया है जिसमें ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका जल्द ही ईरान के बचे कूचे हिस्से को भी खत्म कर देगा। ईरान ने कहा है कि वह अमेरिका और इजराइल दोनों का ही सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार है लेकिन वह होर्मूज को लेकर अमेरिका की शर्तों के मुताबिक कोई समझौता नहीं करेगा। गौरतलब है कि पाकिस्तान में हुई वार्ता के दौरान ही होर्मूज के लेकर ही अमेरिकी और ईरानी प्रतिनिधी मंडल के बीच घंटो तिखी बहस हुई थी और खबर तो यहां तक आई है कि अमेरिका और ईरान के प्रतिनिधियों के बीच मारपीट की भी नौबत आने वाली थी। यही वजह है कि ईरान ने बैठक का बहिष्कार करके वहां से कूच करने की तैयारी कर ली थी लेकिन पाकिस्तान के अनुरोध पर वे जैसे तैसे बैठक में रहे लेकिन अमेरिका की शर्तों को मानने से दो टूक शब्दों में इंकार कर दिया और नाराज होकर चले गये। अब होर्मूज पर ही सारी दुनिया की निगाहें टिक गई हैं और पूरा विश्व यह देखना चाहता है कि अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप होर्मूज को लेकर क्या एक्शन करते हैं। जाहिर है अब होर्मूज को लेकर अब आर पार की लड़ाई होगी और वह लंबा खीचेंगी और इससे पूरी दुनिया के सामने एक बार फिर तेल और गैस का संकट गहराएगा। गौरतलब है कि सारी दुनिया के तेल खपत का 20 प्रतिशत हिस्सा होर्मूज से ही गुजरता है प्रतिदिन यहां से विभिन्न जहाजों में दो करोड़ बैरल कच्चा तेल जाता है। अब होर्मूज को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच आर पार लड़ाई शुरू होगी तो निश्चित रूप से कच्चे तेल और गैसे की आपूर्ति लंबे समय तक बाधित होगी। पिछले 45 दिनों से ईरान ने भारत सहित अपने मित्र राष्ट्रों के लिए ही होर्मूज का दरवाजा खोला था और अन्य देशों के चार सौ से अधिक जहाज अभी तक वहां फंसे हुए हैं जिनकी संख्या आने वाले दिनों में और बढ़ सकती है। हार्मूज को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच तनातनी शुरू होते ही कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आ गया है। दोनों देशों के बीच सीजफायर की घोषणा के बाद कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से कम हो गई थी। अब वह बढ़कर 130 डॉलर प्रति बैरल हो गई है। जिसके और बढ़ने की संभावना है। जाहिर है ऐसे में पूरी दुनिया के सामने गंभीर संकट पैदा हो जाएगा लेकिन इससे अमेरिका को कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि अमेरिका की कुल तेल खपत का सिर्फ दो प्रतिशत हिस्सा ही होर्मूज से गुजरता है इसलिए अमेरिका होर्मूज पर अपना नियंत्रण स्थापित करने के लिए लंबी लड़ाई लड़ सकता है लेकिन दुनिया के अनेक देशों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। बहरहाल अमेरिका ने होर्मूज की घेराबंदी शुरू कर दी है और इससे निपटने के लिए ईरान ने भी अपनी नौसेना को तैयार कर लिया है। साथ ही ईरान ने चेतावनी दी है कि यदि किसी ने भी होर्मूज की ओर बढ़ने की हिमाकत की तो ईरान उसके खिलाफ सख्त एक्शन लेगा। ईरान हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। वास्तव में होर्मूज ही इरान की सबसे बड़ी ताकत है और वह आसानी से हार्मूज पर अपना अधिकार नहीं छोड़ेगा। भले ही उसे इसके लिए कोई भी कीमत चुकानी पड़े। ईरान के इस रूख से साफ है कि वह भी होर्मूज को लेकर लंबी लड़ाई लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। यदि ऐसा हुआ तो इससे पूरी दुनिया की परेशानी बढ़ेगी।

सद्गुरू बोधामृतम्



सदगुरू ऋतेश्वर

◆ हर व्यक्ति, हर साधक को जीवन में उचित समय तक घड़े के समान धूप में सूखना है और फिर आग की भट्टी में तपना है और अब इस घड़े की पूरी जीवन भर रक्षा करके भी चलनी है तभी यह पानी पिला पाएगा। थोड़ी सी सावधानी हटी और मटकी फटी और अगर सुरक्षा न रहे शास्त्र और गुरु के अनुसार तो कभी भी, कहीं भी, किसी से भी टकरा के फूट जाओगे, टूट जाओगे, जिंदगी नष्ट हो जाएगी, भ्रष्ट हो जाएगी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली। 1814 - नेपोलियन को राजगद्दी से हटाया गया। 1865 - अमेरिका के 16 वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को वाशिंगटन के फर्ड थिएटर में गोली मारी गई। अगले दिन उन्होंने दम तोड़ दिया। 1900 - पेरिस की विश्व प्रर्दशनी खुली। 1912 - ब्रिटेन का आलीशान पोत टाइटैनिक हिमखंड से टकराया। 1958 - सोवियत उपग्रह स्पूतनिक-2 अंतरिक्ष अभियान के 162 दिन बाद नष्ट हुआ। 1981 - पहला अंतरिक्ष यान कोलंबिया-1 वापस धरती पर लौटा। 1988 - सोवियत संघ ने अमेरिका, पाकिस्तान व अफगानिस्तान के साथ जिनेवा में एक समझौते पर हस्ताक्षर कर अफगानिस्तान से अपनी सेना की वापसी पर सहमति जताई। 1995 - इंडिया चौथी बार एशिया कप क्रिकेट का चैंपियन बना। 1995 - यूक्रैन में स्थित चेरनोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र वर्ष 2000 तक बंद करने की घोषणा, भारत चौथी बार एशिया कप क्रिकेट चैंपियन बना। 1999 - मलेशिया के अपदस्थ उपप्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को भ्रष्टाचार के मामले में छह वर्ष क़ैद की सज़ा।

डॉ. अंबेडकर : संविधान के शिल्पकार, सामाजिक न्याय के महानायक

भारत के सामाजिक, राजनीतिक और संवैधानिक इतिहास में डॉ. भीमराव अंबेडकर का व्यक्तित्व एक ऐसे विराट बौद्धिक और नैतिक शिखर के रूप में स्थापित है, जिसने भारतीय समाज की जड़ता को चुनौती देते हुए उसे समता, न्याय और बंधुत्व के आधुनिक मूल्यों से आलोकित किया। वे केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक जीवंत विचारधारा, एक जागृत चेतना और एक सतत सामाजिक क्रांति के पर्याय हैं। 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में जन्मे अंबेडकर ने उस सामाजिक यथार्थ को स्वयं जिया, जिसमें जन्म के आधार पर मनुष्य की गरिमा निर्धारित की जाती थी।

योगेश कुमार गोयल

बाल्यावस्था में झेली गई उपेक्षा, भेदभाव और अपमान ने उनके भीतर निराशा नहीं, परिवर्तन की एक प्रखर और संगठित चेतना को जन्म दिया। उनके जीवन की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह थी कि उन्होंने अपने व्यक्तिगत संघर्षों को व्यापक सामाजिक संघर्ष में रूपांतरित किया। शिक्षा उनके लिए केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं थी बल्कि सामाजिक मुक्ति का सबसे सशक्त औजार थी।

सीमित संसाधनों और विषम परिस्थितियों के बावजूद डॉ. अंबेडकर ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति के बल पर उच्च शिक्षा प्राप्त की। कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स जैसे विश्वविख्यात संस्थानों में अध्ययन करते हुए उन्होंने अर्थशास्त्र, राजनीति और विधि के क्षेत्र में गहन अध्ययन किया और अपने ज्ञान को सामाजिक परिवर्तन के लिए समर्पित किया। यह शिक्षा ही थी, जिसने उन्हें भारतीय समाज की संरचनात्मक विसंगतियों को समझने और उनके समाधान के लिए ठोस नीतिगत दृष्टिकोण विकसित करने में सक्षम बनाया। अंबेडकर का जीवन केवल संघर्षों का इतिहास नहीं बल्कि समाधान की एक सुविचारित और व्यवस्थित प्रक्रिया है। उन्होंने यह स्पष्ट रूप से समझ लिया था कि सामाजिक परिवर्तन केवल भावनात्मक आवेग से संभव नहीं है बल्कि इसके लिए वैचारिक स्पष्टता, संगठित प्रयास और संस्थागत ढांचे की आवश्यकता होती है। 1927 का महाड़ सत्याग्रह इसी सोच का परिणाम था, जिसमें उन्होंने दलितों के लिए सार्वजनिक जल स्रोतों तक पहुंच सुनिश्चित करने के अधिकार की मांग की। यह केवल पानी के अधिकार का प्रश्न नहीं था बल्कि सामाजिक समानता के मूल सिद्धांत की स्थापना का प्रयास था। इसी प्रकार 1930 का कालाराम मंदिर प्रवेश आंदोलन धार्मिक स्थलों में समान अधिकार की मांग का प्रतीक था, जिसने यह स्पष्ट कर दिया कि अंबेडकर का संघर्ष केवल सामाजिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक और धार्मिक समानता के लिए भी था। महात्मा गांधी के साथ

1932 में हुआ पूना समझौता अंबेडकर की राजनीतिक दूरदर्शिता और सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचायक था। उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता किए बिना राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता को प्राथमिकता दी। यह समझौता इस बात का उदाहरण था कि वे केवल संघर्ष करने वाले नेता नहीं थे बल्कि समाधान खोजने वाले युगदृष्टा भी थे। भारतीय संविधान के निर्माण में अंबेडकर की भूमिका उन्हें इतिहास में एक अद्वितीय स्थान प्रदान करती है। संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने एक ऐसे लोकतांत्रिक ढांचे की रचना की, जिसमें प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, स्वतंत्रता और न्याय की गारंटी मिले। उनके लिए संविधान केवल एक विधिक दस्तावेज नहीं था बल्कि सामाजिक परिवर्तन का एक सशक्त साधन था। उन्होंने संविधान में समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों को इस प्रकार समाहित किया कि यह भारतीय समाज की विविधता के बीच एकता को बनाए रखने का माध्यम बन सके। डॉ. अंबेडकर ने यह स्पष्ट चेतावनी दी थी कि यदि सामाजिक लोकतंत्र स्थापित नहीं हुआ तो राजनीतिक लोकतंत्र भी स्थायी नहीं रह पाएगा। उनका यह दृष्टिकोण आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना उस समय था। उन्होंने अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था, मौलिक अधिकारों की स्थापना और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के माध्यम से एक समावेशी समाज की नींव रखी। अंबेडकर की क्रांतिकारी चेतना का एक महत्वपूर्ण आयाम उनका धार्मिक दृष्टिकोण भी था। उन्होंने धर्म को व्यक्ति की गरिमा और सामाजिक समानता के संदर्भ में देखा। 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में उन्होंने बौद्ध धर्म ग्रहण किया, जो उनके जीवन का एक ऐतिहासिक और प्रतीकात्मक निर्णय था। यह केवल धर्म परिवर्तन नहीं था बल्कि सामाजिक अन्याय के विरुद्ध एक सशक्त वैचारिक घोषणा थी। बौद्ध धर्म के माध्यम से उन्होंने करुणा, समता और मानवता के मूल्यों को पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया। डॉ. अम्बेडकर के जीवन का एक और महत्वपूर्ण पहलू उनका बौद्धिक और वैचारिक संघर्ष था। उन्होंने लेखन और भाषणों के माध्यम से समाज की जटिल समस्याओं का विश्लेषण किया और उनके समाधान प्रस्तुत किए। उनकी कुछ प्रसिद्ध कृतियां आज भी सामाजिक चिंतन का महत्वपूर्ण आधार हैं। उन्होंने तर्क, विज्ञान और विवेक को अपने विचारों का आधार बनाया और अंधविश्वास, रूढ़ियों तथा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाई। 1951 में हिंदू कोड बिल के पारित न होने पर उनका मंत्रिमंडल से इस्तीफा इस बात का प्रमाण है कि उनके लिए सत्ता से अधिक महत्वपूर्ण सिद्धांत थे। यह घटना उनके चरित्र की दृढ़ता और नैतिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के लिए जो संघर्ष किया, वह उस समय के सामाजिक परिप्रेक्ष्य में अत्यंत क्रांतिकारी था। आज, जब भारत सामाजिक और आर्थिक विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है, डॉ. अंबेडकर के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो उठते हैं। जातीय भेदभाव, लैंगिक असमानता और सामाजिक विषमता जैसी चुनौतियां यह संकेत देती हैं कि उनकी आरंभ की गई सामाजिक क्रांति अभी अधूरी है। उनके विचार हमें यह सिखाते हैं कि लोकतंत्र केवल चुनावों तक सीमित नहीं है बल्कि यह सामाजिक न्याय और समान अवसरों की सतत प्रक्रिया है। अंबेडकर का मानना था कि किसी भी समाज की प्रगति का आकलन वहां की महिलाओं की स्थिति से किया जाना चाहिए। यह विचार आज भी लैंगिक समानता के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने श्रमिकों के अधिकारों के लिए भी महत्वपूर्ण योगदान दिया और 8 घंटे के कार्यदिवस जैसी अवधारणाओं को बढ़ावा दिया।

बाबासाहेब के प्रति नेहरू-गांधी का शत्रुता भाव

प्रवीण गुगनानी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बाद यदि, स्वतंत्र भारत की राजनीति व समाज को किसी ने सर्वाधिक प्रभावित किया है वे हैं पहले गांधी जी व दूजे अंबेडकर जी। कांग्रेस द्वारा बाबासाहेब की घोर उपेक्षा के बाद भी भारतीय राजनीति में उनकी लगातार बढ़ती स्वीकार्यता का इतिहास पढ़ना हो तो एक और व्यक्ति का उल्लेख आवश्यक हो जाता है। वे हैं जोगेंद्रनाथ मंडल। कांग्रेस की सतत उपेक्षा के शिकार जोगेंद्रनाथ मंडल ने यदि स्वतंत्रता पूर्व की भारतीय राजनीति में बाबासाहेब को सफलतापूर्वक स्थापित न किया होता तो आज भारत में दलित चिंतन का स्वरूप आमूलचूल भिन्न होता।

प्रारंभ से ही दलित चिंतन को उपेक्षा की दृष्टि से देखने वाली कांग्रेस ने जब बाबासाहेब के प्रति बेहद अपमानजनक रवैया अपनाते हुये संविधान सभा में भेजे गए प्रारंभिक 296 सदस्यों में अंबेडकर को जगह नहीं दी थी तब जोगेंद्रनाथ मंडल ने अंबेडकर जी को संविधान सभा में भेजने की भूमिका बनाई थी। जब कांग्रेस ने संविधान सभा में अंबेडकर जी के प्रवेश को रोकने हेतु प्रपंच प्रारंभ किये तब मंडल ने बंगाल के खुलना-जैसोर से अपनी सीट खाली करके बाबासाहेब को संविधान सभा में भेजा था। विभाजन में यह तय हुआ था कि जिन क्षेत्रों में हिंदू जनसंख्या 51त्न से अधिक है वे क्षेत्र भारत में रहेंगे। इसके बाद भी कांग्रेस ने तब हद दर्जे की गलती करते हुये बाबा साहेब को संविधान सभा में षड़यंत्रपूर्वक अप्रासंगिक करने हेतु बंगाल के खुलना-जैसोर को 71त्न हिंदू बहुल वाला क्षेत्र होने के बाद भी पाकिस्तान को सौंप दिया और तब बाबासाहेब तकनीकी तौर पर पाकिस्तानी संविधान सभा के सदस्य माने गये थे। बाबासाहेब ने इसका विरोध किया, जिसके बाद ब्रिटिश प्रधानमंत्री के हस्तक्षेप से बाबासाहेब बंबई राज्य से एमएस जयकर द्वारा खाली की गई सीट से चुनकर भारतीय संविधान सभा में पहुंच पाये थे।

बाबासाहेब प्रारंभ से ही अखंड भारत के पक्ष में थे। उन्होंने बंटवारे के लिए एक पैर पर तैयार और तत्पर गांधीजी और जवाहरलाल नेहरू के साथ जिन्ना का भी पुरजोर विरोध किया। उनकी पुस्तक ÷थॉट्स ऑन पाकिस्तान÷ में इसका पूरा विवरण है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के चलते कांग्रेस ने देश का बंटवारा कर डाला।

बाबासाहेब की स्पष्ट मान्यता थी कि जब धार्मिक आधार पर बंटवारा हो चुका है, तब पाकिस्तान में रहने वाले हिंदुओं को भारत आ जाना चाहिए। उन्होंने यह यह भी आशंका जताई थी कि धर्म के आधार पर देश के बंटवारे से हिंदुओं को गंभीर क्षति पहुंचेगी और ऐसा हुआ भी। बंटवारे के बाद पाकिस्तान में बचे ज्यादातर दलित या तो मार डाले गए या फिर उनसे बलात् धर्म परिवर्तन कराया गया। तब जोगेन्द्रनाथ मंडल अपनी ही हुकूमत में चीखते-चिल्लाते रह गए थे। तब न पाकिस्तान सरकार न भारत की नेहरू सरकार ने दलित हिंदुओं की मदद की थी। इस प्रकार देश में प्रथम मुस्लिम-दलित राजनीति का प्रयोग हुआ जो कि बेहद असफल व निराशाजनक रहा किंतु यह प्रयोग अब भी यदा कदा यहां-वहां 'भीम मीम' नाम से प्रयुक्त होता रहता है। बाबा साहेब और सुभाषचंद्र बोस के प्रति गांधी जी का व्यवहार उनके उपनाम 'महात्मा' शब्द के अनुरूप कतई नहीं था। वर्ष 2013 में प्रकाशित पुस्तक ÷डॉ. बाबा साहब आंबेडकर राइटिंग्स एंड स्पीचेस÷ के 17वें खंड के पृष्ठ संख्या 366 से 369 बड़े ही उल्लेखनीय हैं। 27 नवंबर, 1947 को बाबासाहेब ने लिखा कि 'मुझे पाकिस्तान और हैदराबाद की अनुसूचित जातियों के लोगों की ओर से असंख्य शिकायतें मिल रही हैं और अनुरोध किया जा रहा है कि उनको दुख और परेशानी से निकालने के लिए मैं कुछ करूं। पाकिस्तान से उन्हें आने नहीं दिया जा रहा है और जबरन उन्हें इस्लाम में परिवर्तित किया जा रहा है। हैदराबाद में भी उन्हें जबरन मुसलमान बनाया जा रहा है, ताकि मुस्लिम आबादी की ताकत बढ़ाई जाए।'

अंबेडकर जी ने लिखा, अनुसूचित जातियों के लिए जैसी स्थिति भारत में है वैसी ही पाकिस्तान में है, वह आगे लिखते हैं, 'मैं यही कर सकता हूं कि उन सभी को भारत आने के लिए आमंत्रित करूँ। पृष्ठ 368 पर बाबासाहेब लिखते हैं कि 'जिन्हें हिंसा के द्वारा इस्लाम धर्म में परिवर्तित कर दिया गया है, मैं उनसे कहता हूं कि आप अपने बारे में यह मत सोचिए कि आप हमारे समुदाय से बाहर हो गए हैं। मैं वादा करता हूं कि यदि वे वापस आते हैं तो उनको अपने समुदाय में सम्मिलित करेंगे और वे उसी तरह हमारे भाई माने जाएंगे जैसे मतांतरण के पूर्व माने जाते थे। बाबासाहेब ने 18 दिसंबर, 1947 को प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को एक पत्र लिखा था कि "पाकिस्तान सरकार अनुसूचित जाति के लोगों को भारत आ आने से रोकने के लिए हर हथकंडे अपना रही है। मेरी नजर में इसका कारण यह है कि वह उनसे निम्न स्तर का काम कराने के साथ यह भी चाहती है कि वे भूमिहीन श्रमिकों के रूप में उनकी जमीनों पर काम करें। नेहरू जी से उन्होंने अनुरोध किया कि वह पाकिस्तान सरकार से कहें कि भारत आने के इच्छुक लोगों को भारत आने में कोई रुकावट पैदा न करे।"

नेहरू जी अपनी तुष्टिकरण की राजनीति के चलते पाकिस्तान में छूट गये हिंदुओं के संदर्भ में कभी भी गंभीर नहीं रहे।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जिंदगी जब चलने लगे विपरीत दिशा तब समझ लीजिए बुढ़ापा आ गया दिवस जब छलने लगे आकर निशा तब समझिए कि बुढ़ापा आ गया आपकी सीधी सादी बातों का अर्थ भी अनर्थ निकलने लगे तब समझिए कि बुढ़ापा आ गया वृद्धाश्रम के द्वार पर उम्मीद के दिए जलने लगें तो समझिए कि बुढ़ापा आ गया बेबसी जब हाथ अपने मलने लगे तो समझिए कि बुढ़ापा आ गया घर की दीवारों को भी उपस्थिति खलने लगे तो समझिए कि बुढ़ापा आ गया।।

- रजनी रामदेव

सबब आंसुओं का शादमानी लिखते है शिकायतें अपनी तो बेईमानी लिखते हैं बिखर गया कुछ-कुछ मौसम की तरह ख्वाहिशों के नाम आसमानी लिखते हैं।

- सपना चन्द्रा

पुस्तक पढ़ना सीखिए,पुस्तक देती ज्ञान। पढ़कर ही पाते सदा,हम दुनिया में मान।। सिर्फ किताबें ही करें,नारी का उत्थान। पढ़ी लिखी हर बालिका,पाती है सम्मान।। लड़की को पढ़ने नहीं, देते हैं कुछ लोग। पर शिक्षित लड़की करे,सभी जगह सहयोग।। मत बाँधो जंजीर से,खोलो उसके पंख। बिटिया से कह दीजिए,फूंक सफलता शंख।। ज्ञान का दीपक दे सदा,बुद्धिमता का नूर। ज्ञान के सागर ही करे,हर अनीति को दूर ।

- शालिनी शर्मा

प्यासा ही आया था मानव, छलछल जलधि के कल-कल से, प्यास सकी मिट कहाँ मनुज की, समतल अवनि-अम्बर-तल से? तृप्ति की चाहत अनुचित नहीं- इस अतृप्ति के विरुद्ध मगर, बचना होता महि पर प्रतिपल, संतृप्ति के कलबल-छल से।

- पंकज कुमार बसंत

था अलग जिसमें जीने का तौर याद आया वो बचपन का दौर थी आंगन की रौनक वो बरगद की छाया वो रिश्तों और नातों का प्यारा सा साया। ना था कोई फोन ना था कोई शोर मुहब्बत की खुशबू ही थी चारों ओर वो दादी की गोदी में परियों की बातें वो चांद और तारें भरी अपनी रातें वो पापा का दफ्तर से जल्दी से आना वो मम्मी का चुल्हे पे खाना पकाना सभी मिल के रहते थे बस एक ठौर याद आया वो बचपन का दौर । - **आरती आलोक वर्मा**

मृत्यु के बाद मूर्ख और बुद्धिमानों की लाइन एक ही होगा, लेकिन मूर्ख स्वर्ग जाएंगे और बुद्धिमान नरक, जवाब ये होगा मूर्ख ने सिर्फ़ अपनी ज़िंदगी बर्बाद की जबकि बुद्धिमान ने सबकी, ज़िंदगी का हर एक मोड़ एक -turn ही होता है।

- जय अरूआ

कहीं मिलेगी जिंदगी में प्रशंसा तो, कहीं नाराजगियों का बहाव मिलेगा.! कहीं मिलेगी सच्चे मन से दुआ तो, कहीं भावनाओं में दुर्भाव मिलेगा...! तू चलाचल राही अपने कर्मपथ पे, जैसा तेरा भाव वैसा प्रभाव मिलेगा.!

- प्रशांत श्रीवास्तव

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज तरक्की के नये रास्ते खुले नजर आयेंगे। शाम तक अच्छी खबर मिलने की संभावना बन रही है। आप माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जाएंगे।

वृष :आज करियर के मामले में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में धन लाभ के अवसर मिलेंगे। बिजनेसमैन को काम में नए कुछ बेहतर अवसर मिलेंगे।

मिथुन : आज दांपत्य रिश्ते के बीच चल रही अनबन खत्म होगी। रिश्तों में मधुरता आयेगी। बिजनेस में किसी काम को लेकर परेशान हो सकते हैं।

कर्क : आपका रुझान आज सामाजिक कार्यों की तरफरहेगा। आज पड़ोसियों के साथ आपकी मीटिंग भी हो सकती है।

सिंह : आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप मन में चल रही है बातों को किसी के सामने उजागर नहीं होने देंगे, नहीं तो लोग इसका फायदा उठा सकते हैं। आज आपको लाभ के कुछ अवसर प्राप्त होंगे।

कन्या : आज का दिन महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपकी कुछ अधूरी इच्छाएं पूरी होगी। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। कम मेहनत से बड़ी सफलता मिल सकती है।

तुला : आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। माता-पिता से आप मन में चल रही कुछ बातों को लेकर बातचीत कर सकते हैं। छोटे बच्चों के लिए आज आप उपहार लेकर आ सकते हैं। आप अपने गुरु से करियर के बारे में परामर्श ले सकते है।

वृश्चिक : आज अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। आप अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाये रखेंगे।

धनु : आज का दिन आपके लिए उत्साहवर्धक रहेगा। आज पैसों से जुड़ा मामला आसानी से सुलझ जायेगा। आर्थिक पक्ष भी मजबूत रहेगा। आज दिनभर उत्साह और कॉन्फिडेंस रहेगा। आपको कुछ नई चीज़ों से जुड़ाव महसूस होगा।

मकर : आज आपकी सेहत पहले की अपेक्षा अच्छी रहेगी। आज का दिन खुद में बदलाव लाने के लिए अच्छा है। करियर में आपकी सफलता सुनिश्चित होगी। आज आपको घर के वरिष्ठ लोगों का सहयोग प्राप्त होगा।

कुंभ : आज का दिन महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपकी अधूरी इच्छा पूरी होगी। आज आपको उम्मीद से अधिक धन प्राप्त हो सकता है। आपके रुके हुए काम आज जरूर पूरे हो जाएंगे। ऑफिस में किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिलेगा।

मीन: आज आपका दिन ख़ास रहेगा। आज करियर के मामले में चीजें बेहतर होने के आसार हैं। आप अपना काम अच्छे से पूरा करने की कोशिश करेंगे।

QUIZ TIME

1) जापान में दारूमा गुड़िया क्या मानी जाती है?

2) राजस्थान की नई रामसर साइट कौन सी है?

3) पाकिस्तान से भारत आने वाले व्यक्तियों की नागरिकता किस अनुच्छेद में है?

4) कुशावती को किस राज्य का तीसरा जिला घोषित किया गया?

5) एफआईडीई विश्व ब्लिट्ज शतरंज 2025 जीतने वाली बिबिसारा अस्सौबायेवा किस देश की हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) भाग्य (2) मेनार झील (3) अनुच्छेद 6 (4) गोवा (5) कजाकिस्तान

पहेली

शब्द सामर्थ्य -007

एम्स रायपुर: बच्चों की ट्रॉमा-इमरजेंसी यूनिट बनी देश के लिए रोल मॉडल

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर में पिछले 5 वर्षों से संचालित बच्चों की विशेष पीडियाट्रिक्स ट्रॉमा-इमरजेंसी यूनिट आज देशभर में एक मॉडल के रूप में स्थापित हो चुकी है। इस यूनिट में रोजाना 12 से 15 गंभीर स्थिति में बच्चे इलाज के लिए पहुंचते हैं, जिन्हें त्वरित और विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

तुरंत इलाज और विशेषज्ञ रेफरल की सुविधा

पीडियाट्रिक इमरजेंसी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल गोयल के अनुसार, यूनिट में आने वाले बच्चों को पहले तत्काल प्राथमिक उपचार दिया जाता है, इसके बाद जरूरत के अनुसार संबंधित विभाग को रेफर किया जाता है। गंभीर मामलों में बच्चों को आईसीयू में भर्ती कर इलाज शुरू किया जाता है।

अत्याधुनिक तकनीक और प्रशिक्षण

यूनिट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित ट्रायेज सिस्टम, अल्ट्रासाउंड गाइडेड वैस्कुलर एक्सेस और उन्नत वायुमार्ग (एयरवे) प्रबंधन जैसी तकनीकों का उपयोग किया जाता है। बच्चों की शारीरिक संरचना अलग होने के कारण इन प्रक्रियाओं में विशेष दक्षता जरूरी होती है।

इस अत्याधुनिक यूनिट में 10 बेड की समर्पित पीडियाट्रिक आईसीयू भी संचालित है। यहां खेलते समय गिरने, सड़क दुर्घटनाओं, फूड प्वॉइजनिंग, दांत दर्द के साथ-साथ न्यूरो और कार्डियक समस्याओं से जूझ रहे बच्चों का इलाज किया जाता है। डॉ. गोयल ने बताया कि वर्ष 2019-20 में इस यूनिट की शुरुआत की गई थी। कोविड काल के दौरान सामान्य इमरजेंसी में गंभीर मरीजों को देखकर बच्चों और उनके परिजनों में भय का माहौल बनता था। इसी को ध्यान में रखते हुए बच्चों के लिए अलग ट्रॉमा-इमरजेंसी यूनिट की जरूरत महसूस हुई और इसे शुरू किया गया। एम्स रायपुर की इस पहल को देशभर में सराहना मिली।

न्यूज गैलरी

खैराखांडी व्यपवर्तन योजना के लिए 22.49 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा कोरिया जिले के विकासखण्ड-खडगंवा की खैराखांडी व्यपवर्तन योजना के कार्यों हेतु 22 करोड़ 49 लाख रूपए की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इस व्यपवर्तन के निर्माण के पूर्ण होने से खरीफसीजन में 400 हेक्टेयर तथा रबी सीजन में 165 हेक्टेयर इस प्रकार कुल 565 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी।

योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही का मामला

रायपुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले की जनपद पंचायत उदयपुर के ग्राम पंचायत मुड़गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के क्रियान्वयन में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित ग्राम रोजगार सहायक के विरुद्ध वसूली की कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मुड़गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के एक हितग्राही को मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत 90 मानव दिवस की मजदूरी का भुगतान समय पर नहीं किया गया। जांच में यह तथ्य सामने आया कि रोजगार सहायक श्री धनेश्वर प्रसाद यादव द्वारा कार्य पूर्ण होने के बावजूद मानव दिवस की प्रविष्टि समय पर ऑनलाइन नहीं की गई, जिसके कारण हितग्राही को देय मजदूरी राशि प्राप्त नहीं हो सकी। उक्त लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा रोजगार सहायक श्री यादव के मानदेय से 21,871 रुपये की राशि वसूल करने के निर्देश दिए गए हैं। यह राशि आगामी पांच माह तक किश्तों में काटकर संबंधित हितग्राही को भुगतान की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी तथा दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

8 कार्यों के लिए 1.99 करोड़ स्वीकृत प्रशासन द्वारा स्वीकृति आदेश जारी

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने बिलासपुर जिले के बोदरी नगर पालिका में 8 कार्यों के लिए एक करोड़ 99 लाख रुपए से अधिक की राशि मंजूर की है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इनकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा विभागीय मंत्री श्री अरुण साव ने सभी कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय-सीमा में काम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विकास ने बोदरी नगर पालिका के वार्ड क्रमांक-7 में दो बी.टी. कोटिंग सड़कों के लिए 42 लाख 20 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। वार्ड क्रमांक-15 में बी.टी. कोटिंग सड़क के लिए 13 लाख 13 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-11, 12, 13 एवं 14 में झूलेलाल मंदिर से दुर्गा मदिर तक बी.टी. कोटिंग सड़क के लिए 41 लाख 61 हजार रुपए तथा वार्ड क्रमांक-14 में आत्मानंद स्कूल से काली मंदिर होते हुए मेन रोड तक बी.टी. सड़क के लिए 16 लाख 73 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं। विभाग ने वार्ड क्रमांक-6 में रहंगी रोड से मुक्तिधाम तक सी.सी. रोड के लिए 31 लाख 8 हजार रुपए और वार्ड क्रमांक-10 में प्राथमिक शाला दड़हा से मेन रोड तक सी.सी. रोड के लिए 12 लाख 83 हजार रुपए मंजूर किए हैं। विभाग ने पीपल चौक से बिजली ऑफिस रहंगी मोड़ तक आर.सी.सी. नाली के निर्माण के लिए भी 41 लाख 50 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं।

पीएम सूर्य घर योजना से बने ऊर्जादाता बिजली बिल से मिली स्थायी राहत

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। सरगुजा जिले के भगवानपुर निवासी संतोष सरकार इस परिवर्तन के उदाहरण हैं। उन्होंने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित कर न केवल बिजली बिल से पूर्णतः मुक्ति पाई है, बल्कि अब अतिरिक्त विद्युत उत्पादन कर ग्रिड को आपूर्ति करते हुए 'ऊर्जादाता' की भूमिका निभा रहे हैं। संतोष सरकार ने बताया कि सोलर पैनल स्थापना से पूर्व उन्हें प्रतिमाह 8 से 10 हजार रुपये तक का भारी बिजली बिल वहन करना पड़ता था, जिससे घरेलू बजट पर दबाव बना रहता था। योजना का लाभ लेने के पश्चात उनका बिजली बिल शून्य हो गया है, जिससे आर्थिक रूप से बड़ी राहत मिली है। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना के अंतर्गत उन्हें कुल 1 लाख 8 हजार रुपये की सब्सिडी स्वीकृत हुई है, जिसमें से केंद्र सरकार द्वारा 78 हजार रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्राप्त हो चुकी है। राज्य सरकार की ओर से 30 हजार रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। संतोष सरकार ने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना ने आम नागरिकों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने अन्य लोगों से भी इस योजना का लाभ लेने की अपील की है।

राज्य के 33 जिलों में हैंडपंप तकनीशियन के 872 पद स्वीकृत

हैंडपंप टेक्नीशियन के 50% पद खाली

876 पद स्वीकृत, केवल 462 कर रहे काम, कैसे चलेगा काम?

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों सहित मैदानी इलाकों में पेयजल का प्रमुख स्त्रोत हैंडपंप की देखरेख और मरम्मत के लिए पर्याप्त संख्या में हैंडपंप टेकनीशियन नहीं होने से गर्मी के दिनों में हैंडपंप की मरम्मत और जलस्तर में गिरावट आने पर पानी शुद्धिकरण के लिए केमिकल डालने का काम प्रभावित हो रहा है। प्रदेशभर के 33 जिलों में हेंडपंप तकनीशियन के 876 पद स्वीकृत हैं, पर वर्तमान में 462 कर्मचारी ही संबंधित एरिया में कार्यरत हैं, जबकि 400 से ज्यादा खाली पड़े हैं। ऐसे में हैंडपंप के रखरखाव और देखरेख का कार्य प्रभावित हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, एक हैंडपंप तकनीशियन के कार्यक्षेत्र में 10 से 12 गांवों के हैंडपंप मरम्मत का जिम्मा दिया गया है, इससे हैंडपंप खराब होने पर शिकायत के बाद भी उसकी मरम्मत का काम समय पर नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सेटअप के हिसाब से छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में हैंडपंप तकनीशियन के 872 पद स्वीकृत हैं।

हैंडपंप तकनीशियन की फील्ड में स्थिति

जिला	स्वीकृत पद	कार्यरत	रिक्त पद
रायपुर	24	15	9
महासमुंद	30	15	15
धमतरी	24	4	10
बलौदाबाजार	30	19	11
गरियाबंद	30	12	18
दुर्ग	18	10	8
बालोद	19	17	12
बेमेतरा	23	11	12
राजनांदगांव	18	9	9
मोहला-मानपुर, अंबागढ़	18	7	11
खैरागढ़, छुईखदान-गंडई	18	11	7
कबीरधाम	24	11	13
बिलासपुर	26	13	13
गौरेला-पेंड्रा मरवाही	15	7	8
मुंगेली	18	9	9
कोरबा	30	17	13
जांजगीर-चांपा	29	13	16
सक्ती	20	8	12
रायगढ़	42	19	23
सारंगढ़-बिलाईगढ़	16	7	9
सरगुजा	41	23	18
सूरजपुर	35	21	14
बलरामपुर	35	20	15
कोरिया	12	8	4
मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर	18	10	8
जशपुर	48	26	22
बस्तर	41	19	22
दंतेवाड़ा	24	18	6
सुकमा	19	15	4
कोंडागांव	30	17	13
कांकेर	41	15	26
नारायणपुर	20	9	11

राष्ट्रीय मछुवारा संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश की बैठक सम्पन्न

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय मछुवारा संघ छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश के 90 विधानसभा में अध्यक्ष एवं कार्यकारणी की नियुक्ति किया गया जिसके शपथ समारोह कार्यक्रम 7 जून 2026 को रायपुर में होना है। इस कार्यक्रम में केंद्र से केंद्रीय मंत्री मा. राजभूषन चौधरी जी,साध्वी निरंजन ज्योति कश्यप राष्ट्रीय अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग राज्य सभा सांसद मा.बाबूलाल निषाद, सांसद मा.संगीता बलवंत बिंद जी, के आतिथ्य के रूप में होना है। शपथ समारोह कार्यक्रम के आयोजन कि तैयारी के लिए प्रदेश कार्यकारणी एवं 90 विधानसभा के अध्यक्षों की बैठक आयोजित किया गया। सभी अध्यक्षों एवं सामाजिक बंधुओं का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। और बैठक में शपथ ग्रहण समारोह के लिए विस्तृत चर्चा किया गया। उपस्थित सामाजिक जनो ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तन मन धन से पूर्ण सहयोग देने का विश्वास दिलाया।

प्रदेश अध्यक्ष गायत्री गायग्वाल जी ने कहा कि मछुवारा समाज अब संगठित हो गया है और अपना अधिकार लेकर रहेगा इस संगठन में राष्ट्रीय स्तर में विधायक और सासंद दिया है और आने वाला समय में छत्तीसगढ़ में भी इसका प्रभाव देखने को मिलेगा । संगठन में महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमति जानकी आदित्य जी की नियुक्त किया गया एवं विधि सलाहकार के रूप में आर एन आदित्य जी की नियुक्ति किया गया। सभी विधानसभा के अध्यक्षों द्वारा समाज के हित में कार्य करने के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता होती है।

जिला चिकित्सालय बेमेतरा में डायलिसिस यूनिट बनी किडनी मरीजों की जीवनरेखा

300 मरीजों को मिला लाभ, 7,000 से अधिक डायलिसिस सेशन सफलतापूर्वक पूर्ण

रायपुर/नवप्रदेश। जिला चिकित्सालय बेमेतरा में स्थापित आधुनिक डायलिसिस यूनिट किडनी रोगियों के लिए वरदान साबित हो रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मातृ एवं शिशु चिकित्सालय (एमसीएच) भवन में संचालित यह सुविधा अब तक 300 से अधिक मरीजों को जीवनदायी उपचार प्रदान कर चुकी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिला चिकित्सालय में डायलिसिस सुविधा की शुरुआत 8 दिसंबर 2022 को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम 'जीवनधारा' के अंतर्गत की गई थी। प्रारंभ से ही यहां मरीजों को निःशुल्क डायलिसिस सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। वर्तमान में यूनिट में 5 अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनें स्थापित हैं, जिनके माध्यम से अब तक 7,000 से अधिक डायलिसिस सेशन सफलतापूर्वक पूरे किए जा चुके हैं। प्रतिमाह औसतन 300 से अधिक सेशन संचालित हो रहे हैं, जबकि वर्तमान में 27 सक्रिय मरीज नियमित रूप से यहां उपचार प्राप्त कर रहे हैं।

चिकित्सा शिविर में रक्तदान करने वालों को मिला प्रमाणपत्र व उपहार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन और गुरुव्दारा गुरुनानक साहिब रावांभाठा व्दारा आज रावांभाठा में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजान किया गया शिविर में लगभग 70 लोगों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। मरीजों का जांच के दौरान दंत रोग विशिषज्ञ डॉक्टर सोनल अग्रवाल ने बताया कि व्यक्ति भले ही स्वस्थ हो उसे हर छह महीनें में अपने दांतों की डॉक्टर से जांच करवाना चाहिए। उन्होंने कहा अब रायपुर में भी दंत रोग चिकित्सा में ÷एआई÷ तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इसके अंतर्गत दांतों के लिए 3डी प्रिन्टिंग की जा रही है। एसोसियेशन की ओर से संयोजक जी.एस. बॉम्बरा, अध्यक्ष एच.एस. धींगरा, सचिव बी.एस. सलूजा ने बताया कि चिकित्सा शिविर में इटसा हास्पिटल के विशेषज्ञ डाक्टरों में मेडिसिन के डॉ. राहुल प्रताम प्रजापति, हड्डी रोग के डॉ.अंकित गर्ग, डॉ. ओनम तुरकाने, दांत रोग की डॉ. सोनल अग्रवाल, आंखों का अस्पताल एएसजी हॉस्पिटल के डॉ. विकास यादव, मेटलाईफ हास्पिटल से डॉ. अलताफहुसैन ने मरीजों की जांच की। शिविर में एसोसियेशन के चेयरमैन मेडिकल कमेटी के प्रमुख और हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.कुलदीप सिंह छाबड़ा ने भी मरीजों का परीक्षण किया और परामर्श प्रदान किया। एक्युप्रेशर विशेषज्ञ राजपाल सिंह नें भी एक्युप्रेशर दिया जिससे कई मरीजों क उनके मर्ज में राहत मिली। शिविर में अधिकांश लोगों ने ब्लड प्रेशर, शुगर, प्लस रेट की जांच करवाई। वहीं शिवनाथ ब्लड सेन्टर व्दारा ब्लड डोनशन के अंतर्गत 5 व्यक्तियों व्दारा दिए रक्त दान पर दानदाताओं को सर्टिफिकेट व एक उपहार भी प्रदान किया गया।

स्वामित्व योजना से ग्रामीणों को मिला मालिकाना हक, बालोद में किया अधिकार अभिलेख वितरण

रायपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना के अंतर्गत बालोद जिले में ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का वैधानिक अधिकार प्राप्त हो रहा है, जिससे वर्षों पुराने विवादों का समाधान संभव हो सका है। जिले के सभी 669 ग्रामों में ड्रोन सर्वे का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। आधुनिक तकनीक के उपयोग से आबादी क्षेत्रों में स्थित घरों एवं बाड़ियों का सटीक सर्वे कर पारदर्शी अभिलेख तैयार किए गए हैं। अब तक 12 गांवों के 1,296 हितग्राहियों को

अधिकार अभिलेख वितरित किए जा चुके हैं। राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत जिला प्रशासन ने 142 ग्रामों में 23,157 अधिकार अभिलेख वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। गुरूर विकासखंड के ग्राम पीकरिपार के हितग्राही याद राम साहू एवं माखन लाल साहू ने शिविर के माध्यम से अभिलेख प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त

पारंपरिक लोहारी से आत्मनिर्भरता का सफर

रायपुर/नवप्रदेश। मेहनत और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के समन्वय से बालोद जिले के ग्राम बघमरा की संतोषी बाई विश्वकर्मा के जीवन में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। पारंपरिक रूप से लोहारी कार्य से जुड़ी संतोषी बाई आज आत्मनिर्भरता की मिसाल बनकर उभरी हैं और अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत साबित हो रही हैं।

संतोषी बाई एवं उनके पति वर्षों से कृषि उपकरणों जैसे कुदाल, टंगिया (कुल्हाड़ी) और हंसिया का निर्माण करते आ रहे हैं। आधुनिकता के इस दौर में भी उन्होंने अपने पारंपरिक व्यवसाय को न केवल जीवित रखा, बल्कि उसे आजीविका

का सशक्त माध्यम बनाया है। उनके द्वारा निर्मित औजारों की स्थानीय किसानों के बीच अच्छी मांग है, जो उनकी मेहनत और गुणवत्ता का प्रमाण है। भूमिहीन कृषि मजदूर के रूप में जीवन यापन कर रही संतोषी बाई को शासन की योजनाओं से महत्वपूर्ण संबल मिला। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत प्राप्त 10 हजार रूपए की वार्षिक सहायता एवं महतारी वंदन योजना से मिलने वाली प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि से उनके जीवन स्तर बेहतर हुआ है।

पूर्व में कच्चे मकान में जीवन यापन करने वाली संतोषी बाई को प्रधानमंत्री आवास योजना की बदौलत परिवार के लिए पक्का और सुरक्षित आवास मिला है। संतोषी बाई ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं ने उनके जीवन में स्थायित्व, सुरक्षा और सम्मान प्रदान किया है।

केंद्र और राज्य सरकार ने आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रणनीति तैयार की

खरीफ सीजन से पहले खाद संकट के संकेत, आपूर्ति पर बढ़ी चिंता

रायपुर/नवप्रदेश। आगामी खरीफ सीजन से पहले छत्तीसगढ़ में रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर चिंता गहराने लगी है। पश्चिम एशिया में जारी वैश्विक तनाव के कारण आयातित खाद की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है, जिसका असर राज्य पर भी पड़ सकता है।

केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को खरीफसीजन 2026 के लिए कुल 15.55 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का लक्ष्य आवंटित किया गया है, जबकि वर्तमान में राज्य में मात्र 7.48 लाख मीट्रिक टन खाद ही उपलब्ध है। हालांकि, अभी तक इसका वितरण शुरू नहीं हुआ है।

सरकार की तैयारी और रणनीति

कृषि विभाग और मार्कफेड के अनुसार, संभावित कमी को देखते हुए केंद्र और राज्य सरकार ने आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रणनीति तैयार की है। सरकार का दावा है कि किसानों को पारदर्शी तरीके से पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य में जल्द ही ई-उर्वरक वितरण प्रणाली लागू की जाएगी, जिसके तहत किसानों को उनके पंजीकृत रकबे के आधार पर खाद मिलेगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म और मोबाइल ऐप के जरिए वितरण प्रक्रिया को नियंत्रित किया जाएगा।

वैकल्पिक उर्वरकों पर जोर

संभावित संकट को देखते हुए किसानों को वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। एनपीके मिश्रण, हरी खाद, जैविक और नैनो उर्वरकों की उपलब्धता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। सहकारी समितियों और निजी विक्रय केंद्रों के माध्यम से जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

कालाबाजारी पर सख्ती

सरकार ने उर्वरकों की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए जिला स्तर पर उड़नदस्ता दल और निगरानी समितियों के गठन के निर्देश दिए हैं। गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

लक्ष्य बनाम उपलब्धता

राज्य को आवंटित उर्वरकों में
यूरिया: 7.25 लाख मीट्रिक टन
डीएपी: 3 लाख मीट्रिक टन
एनपीके: 2.5 लाख मीट्रिक टन
एसएसपी: 2 लाख मीट्रिक टन
एमओपी: 80 हजार मीट्रिक टन

वहीं वर्तमान स्टॉक में

यूरिया: 2,43,717 मीट्रिक टन
डीएपी: 1,05,631 मीट्रिक टन
एनपीके: 1,69,109 मीट्रिक टन
एसएसपी: 1,78,657 मीट्रिक टन
एमओपी: 50,431 मीट्रिक टन शामिल हैं।

कांग्रेस ने मांगा श्वेत पत्र

इधर, कांग्रेस ने खाद की उपलब्धता को लेकर सरकार पर सवाल उठाए हैं। पार्टी प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने उर्वरकों की स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग करते हुए कहा कि सरकार स्पष्ट करे कि किसानों की मांग के मुकाबले अब तक कितनी आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ रही है।

अंतागढ़ नगर में हाल में बने सड़क में मलबा और धूल का कब्जा

अंतागढ़ / नवप्रदेश। उन्मुक्त खेल मैदान से जोगी दहरा नदी तक बने स्मार्ट सड़क जिसमें सीसी सड़क सहित नाली निर्माण का काम हुआ जो अब बन कर पूरी तरह से तैयार है और लोगों को एक लंबे अरसे के बाद नए सड़क का सौगात मिला है जिसे लेकर स्थानीय जनता खुश भी है। चिंतित भी है क्योंकि नगर में सड़क निर्माण तो हो गया है लेकिन निर्माण के दौरान खोदा गया मिट्टी कई स्थानों पर सड़क के किनारे बने सीसी सड़क पर ही मौजूद है सड़क की सुन्दरता को खराब कर रही है पूरा सड़क गंदा नजर आता है जो धीरे धीरे धूल के रूप में उड़ रही जिससे लोग आज भी परेशान है न तो इसे विभाग साफकरवा रहा है न नगर पंचायत नगर पंचायत के कर्मी तो रोज साफसफाई करते पर इन सीसी सड़क पर जमे मिटटी को हटाया नहीं जा रहा नगर कर्मी भी काम चलाऊ काम करते दिखते है सफाई से नाम पर रोज कागज पालीथीन को सड़क से हटाया जाता है और मिट्टी वही छोड़ दिया जाता है जो बाद में धूल बन दिन रात उड़ती है

स्मार्ट सड़क का रखरखाव सही नहीं– नगर पंचायत के अंतर्गत आने वाले स्मार्ट सड़क बन जाने से अब नगर वासी धूल से राहत जरूर मिलीं पर साफसफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जो चिंता का विषय है नगर पंचायत के पास अच्छा अवसर की नगर वासियों को साफ स्वच्छ सड़क दे क्षेत्र में मिशाल बने मगर नगर पंचायत

इस ओर ध्यान ही नहीं दे रहा है और मिट्टी का जमावड़ा सड़क किनारे और बढ़ रहा है जो आने वाले समय में परेशानी का सबब बनेगा । कई महीनों से सड़कों पर रखे हुए है मलबा-नगर में इस बने स्मार्ट सड़क दूसरी समस्या सड़क किनारे भवन कॉम्प्लेक्स आदि निर्माण के लिए रेत ईट को सड़क पर ही रखा गया है जो काम पूरा होने के बाद भी कई महीनों से पड़े हुए है न इसका उपयोग किया जा रहा है न इसे हटाया जा रहा नगर पंचायत भी इस सम्बन्ध में गंभीर नहीं दिखाता और कार्यवाही करने से बचाता वही संबंधित विभाग लोक निर्माण विभाग व यातायात विभाग इस ओर नजरअंदाज किये हुए है इन बिखरे मलबों से ट्रैफिक समस्या आए दिन उत्पन्न होती रहती जिसे सड़क से हटवाने की कार्यवाही संबंधित विभाग के द्वारा नहीं किया जा रहा है रेत ईट सड़कों पर फैल रहे है और दिनों दिनों इनका दायरा बढ़ रहा है जिस पर कभी भी हादसा हो सकता है पार्किंग व्यवस्था नहीं नगर में पार्किंग व्यवस्था भी समस्या बनी हुई माइंस क्षेत्र होने के चलते आए दिन ट्रैफिक समस्या उत्पन्न होती रहतीं है इसीलिए ट्रेफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर क्षेत्र में भारी वाहनों को नो पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए लेकिन ऐसे कुछ देखने को नहीं मिलता भारी वाहन भी नगर क्षेत्र में भारी वाहन यत्र तत्र घंटो खड़ी कर देते है जिससे ट्रेफिक की समस्या हो जाती है । पिछले दिनों नगर क्षेत्र में दाऊ तालाब के किनारे नो पार्किंग का बोर्ड लगाया गया था जिस पर नो पार्किंग लिखा हुआ था ।

न्यूज गैलरी

शासकीय लाल कालिंद सिंह महाविद्यालय, अंतागढ़ में डॉ. अम्बेडकर की 135वीं जयंती मनाई

अंतागढ़ / नवप्रदेश। शासकीय लाल कालिंद सिंह महाविद्यालय, अंतागढ़ में आज डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर जी की 135वीं जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना (ह्स्स्), अंतागढ़ के तत्वावधान में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अम्बेडकर जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात संगोष्ठी, भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने डॉ. अम्बेडकर के जीवन संघर्ष, उनके विचारों एवं भारतीय संविधान निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डॉ. अम्बेडकर ने समाज में समानता, स्वतंत्रता एवं बंधुत्व के मूल्यों को स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयास किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य रमेश दर्रो ने अपने वक्तव्य में कहा कि डॉ. अम्बेडकर का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका ÷शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो÷ का संदेश आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे शिक्षा को अपना मुख्य लक्ष्य बनाते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करें।कार्यक्रम का मंच संचालन रोशन केमारो द्वारा किया गया, जबकि राष्ट्रीय सेवा योजना (ह्स्स्) के कार्यक्रम अधिकारी प्रशांत कुमार रंगारे की विशेष भूमिका रही।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं रामचरण, मुदित, युजेन्द्र, लालिमा, हितेश्वरी, देवप्रभा, नारायण मंडावी एवं दिलेश्वर ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने विचार एवं प्रस्तुतियां दीं।कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में प्रशांत रंगारे द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

आज से शुरू हो रहा स्वास्थ्य जाँच का महाअभियान मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान

बीजापुर / नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा 13 अप्रैल से मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान की शुरुआत सुकमा जिले से कर दी गयी है इसके साथ ही बस्तर संभाग के अन्य जिलों के साथ-साथ बीजापुर में भी अभियान की शुरुआत हो गयी है मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य टीम द्वारा घर-घर जाकर सभी व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच वजन, ऊँचाई, शुगर, बीपीए मलेरिया, टीबी, कुष्ट सहित आयुष्मान कार्ड व आभा आई डी बनाकर कर डिजिटल हेल्थ प्रोफ़ाइल बनाया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग व पंचायत विभाग ने अपनी तैयारी पूर्ण कर ली है। इस सुनहरे मौके का लाभ उठाने जिला प्रशासन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के नागरिको से अपील की है व जाँच में सहयोग करने का अनुरोध भी किया है। अभियान आज से शुरू होकर एक माह तक चलेगा, स्वास्थ्य विभाग की टीम जिले के तीन लाख से अधिक लोगो तक पहुँच कर लोगो को जागरूक करते हुए स्वास्थ्य परीक्षण करेगी यह अपनी तरह का अनूठा पहल है।

उप निर्वाचन 2026 : भोपालपटनम वार्ड 12 की मतदाता सूची प्रकाशित

बीजापुर / नवप्रदेश। नगरीय निकाय आम उप निर्वाचन 2026 के अंतर्गत नगर पंचायत भोपालपटनम के वार्ड क्रमांक 12 की प्रारंभिक निर्वाचक नामावली (मतदाता सूची) का प्रकाशन 13 अप्रैल 2026 को किया गया है। यह मतदाता सूची रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, नगर पंचायत भोपालपटनम तथा संबंधित वार्ड के निर्धारित स्थलों पर आम नागरिकों के निरीक्षण हेतु उपलब्ध है।यदि कोई व्यक्ति मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन के संबंध में दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है, तो वह निर्धारित प्रारूप में 20 अप्रैल 2026 तक संबंधित कार्यालयों में आवेदन जमा कर सकता है।जारी विज्ञप्ति के अनुसार शासन द्वारा निर्वाचन नियमों में किए गए संशोधन के तहत अब नगर पंचायत की मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए संबंधित विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम होना अनिवार्य है।

नन्हे सपनों को मिला नया पक्की छत का सहारा

बीजापुर / नवप्रदेश। ग्राम सावनार जो ग्राम पंचायत तोड़का जनपद पंचायत बीजापुर का एक छोटा सा आश्रित गांव है, यह गांव कभी नक्सली दहशत के साएं में विकास से अछूता था। बच्चों को अक्षर ज्ञान भी झोपड़ी में ही लेनी पड़ रही थी। लेकिन नियद नेल्लानार गांव में शामिल होने के बाद गांव की तस्वीर बदल गई है और इस बदलते परिवेश में साथ मिला महात्मा गांधी नरेगा योजना का। महात्मा गांधी नरेगा और डीएमएफके अभिसरण से 9.35 लाख रुपये की स्वीकृति से एक नए आंगनबाड़ी भवन का निर्माण हुआ। यह भवन सिर्फईंट और सीमेंट से नहीं बनाए बल्कि इसमें गांव के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के सपने भी जुड़े हुए हैं। अब हर सुबह सावनार के लगभग 40 से 45 बच्चे इस नए आंगनबाड़ी केंद्र में मुस्कान के साथ पहुंचते हैं। रंग-बिरंगे कमरे, साफ-सुथरा वातावरण और सुरक्षित जगह उन्हें एक नया अनुभव देते हैं।

ग्रामीणों के विरोध के बीच अनूप नाग ने कहा- पुराने रिकार्ड पर हो सीमांकन

भूमि घेराबंदी में रही तो 45 साल बाद अतिक्रमण का मुद्दा कैसे सामने आया?

अंतागढ़ / नवप्रदेश। उद्यानिकी विभाग की भूमि के सीमांकन को लेकर क्षेत्र में विवाद की स्थिति बन गई है। हाल ही में हुई प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए पूर्व विधायक अनूप नाग ने कहा कि सीमांकन पुराने अभिलेखों के आधार पर किया जाना चाहिए, ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

उन्होंने कहा कि सीमांकन प्रक्रिया को लेकर प्रशासन ने गंभीरता नहीं दिखाई। ग्रामीणों और समाज के लोगों ने स्पष्ट रूप से मांग की थी कि सीमांकन पुराने रिकॉर्ड के आधार पर किया जाए, क्योंकि यह भूमि संदेहास्पद है। इसके बावजूद प्रशासन ने मनमाने तरीके से कार्य करते हुए इस विवाद को और बढ़ा दिया।

ग्रामीणों के विरोध और बहिष्कार के बावजूद सीमांकन दल ने कार्य जारी रखा और केवल विवादित भूमि के एक हिस्से का

ही नाप-जोख कर प्रक्रिया पूरी करने का प्रयास किया, जिससे मामले को लेकर और संदेह उत्पन्न हो गया।

पंचनामा भी संदेह के घेरे में–अनूप नाग ने राजस्व विभाग द्वारा तैयार पंचनामा पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि जब सीमांकन अधूरा था, तो पंचनामा कैसे तैयार किया गया? सामान्यतः सीमांकन पूर्ण होने के बाद ही पंचनामा बनाया जाता है।

पंचनामा में आवेदक को ही अतिक्रमणकारी बताया गया है। इस पर उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि किस आधार पर आवेदक पर अतिक्रमण का आरोप लगाया गया? जब उद्यानिकी विभाग की स्थापना के समय से भूमि घेराबंदी में रही है, तो अब 45 साल बाद अतिक्रमण का मुद्दा कैसे सामने आ रहा है? क्या पुराने रिकॉर्ड में यह भूमि निजी रही है क्या स्पष्ट करे

ग्रामीणों के अनुसार यह भूमि पहले आबादी भूमि रही है तो यह जांच का विषय है कि शासकीय घेरा में रही जमीन का पट्टा कैसे बना। जब ग्रामीणों और समाज की मांग रही है कि वर्ष 1981 में उद्यानिकी विभाग की स्थापना के समय के रिकॉर्ड के आधार पर सीमांकन किया जाए, ताकि विवादित भूमि की वास्तविक स्थिति सामने आ सके और यह स्पष्ट हो सके कि अतिक्रमण किसने किया।

अनूप नाग ने सवाल उठाया कि आखिर पुराने रिकॉर्ड के आधार पर सीमांकन क्यों नहीं किया जा रहा है और इसमें क्या छिपाया जा रहा है।

आधा-अधूरे सीमांकन पर उठे सवाल

उद्यानिकी विभाग का सीमांकन करने पहुंचे दल ने संसाधनों की कमी का हवाला देते हुए प्रक्रिया अधूरी छोड़ दी। इससे खसरा 134 भूमि का पूरा सीमांकन हो नहीं हो सका जिससे उद्यानिकी विभाग की वास्तविक क्षेत्रफल स्पष्ट हो पाया, जो लगभग 8 एकड़ से अधिक बताया जा रहा है।वही आवेदन में खसरा क्रमांक 134 के सीमांकन का उल्लेख होने के बावजूद केवल एक कोने का मापन कर औपचारिकता पूरी कर ली गई और कुछ लोगों के हस्ताक्षर कर प्रक्रिया पूर्ण कर दी गई।

जिला प्रेस क्लब एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया की संयुक्त टीम का शपथ ग्रहण सम्पन्न

- प्रिंट मिडिया अध्यक्ष उगेश सिन्हा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से लोकेन्द्र ठाकुर ने लिया शपथ

कांकेर / नवप्रदेश। शहर के बाफ्ना लॉन में रविवार की संध्या कांकेर के इतिहास में पहली बार कांकेर जिला प्रेस क्लब और जिला इलेक्ट्रानिक मीडिया संघ के सयुक्त तत्वाधान में शपथग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग कांकेर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक आशा राम नेताम भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा भरत भटियारा हस्तशिल्प विकास बोर्ड अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत भाजपा के प्रदेश आमंत्रित सदस्य दिलीप जायसवाल भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन बाफ्ना लॉन के चेयरमैन अशोक बाफ्ना की मौजूदगी में अतिथियो का फूल माला से स्वागत सत्कार किया गया।सर्वप्रथम कांकेर प्रेस क्लब अध्यक्ष उगेश सिन्हा और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अध्यक्ष

मोनू लोकेंद्र सिंह ठाकुर को मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। तत्पश्चात प्रिंट मिडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सयुक्त पदाधिकारीयो को पुनः सांसद भोजराज नाग ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण पश्चात नवनियुक्त प्रेस क्लब अध्यक्ष उगेश सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता बहुत उतार चढ़ाव का काम है।हम पक्ष विपक्ष दोनों की भूमिका को बेहतर तालमेल से उठाते है। जनता की समस्याओं को शासन प्रशासन से लेकर सरकार तक पहुंचने में पत्रकार की अहम भूमिका होती है। संघ को आगे बढ़ाने एकजुट होकर पत्रकारों के हित में कार्य करने की बात कही गई है।

तेंदूपत्ता संग्रहकों के लिए खुशखबरी

भुगतान में पारदर्शिता और समयबद्ध व्यवस्था लागू

बीजापुर / नवप्रदेश। शासन की नवीन तेंदूपत्ता नीति के तहत तेंदूपत्ता संग्रहकों को अब संग्रहण पारिश्रमिक का भुगतान पूरी पारदर्शिता के साथ सीधे उनके बैंक खातों में किया जा रहा है। इस पहल से संग्रहकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित हो रहा है और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है।वर्ष 2024 में 27,448 संग्रहक परिवारों को 26.75 करोड़ रुपये तथा वर्ष 2025 में 10925 संग्रहकों को 6.70 करोड़ रुपये की राशि उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। वर्तमान स्थिति में भुगतान को लेकर किसी भी संग्राहक की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। वर्ष 2026 में अब तक 53608 संग्रहक परिवारों में से 51818 परिवारों के बैंक खाते खुलवाए जा चुके हैं, जबकि शेष संग्रहकों के खाते खोलने की प्रक्रिया तेजी से जारी है। इसके साथ ही संग्रहकों के मोबाइल नंबर ऑनलाइन सॉफ्टवेयर से जोड़े जा रहे हैं, ताकि भुगतान की सूचना तुरंत मिल सके। इस वर्ष 15 दिनों के भीतर पारिश्रमिक राशि सीधे खातों में जमा करने की तैयारी की जा रही है। समिति स्तर पर तेंदूपत्ता संग्रहण को बढ़ावा देने के लिए प्रचार-प्रसार, दीवार लेखन और बैठकों का आयोजन किया जा रहा है।

पीएमश्री विद्यालयों के विद्यार्थियों ने किया जगदलपुर एयरपोर्ट का शैक्षणिक भ्रमण

- बच्चों ने जाना हवाई यात्रा का अनुभव

कांकेर / नवप्रदेश। प्रमुख सचिव छग.शासन रायपुर के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर कांकेर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में शासकीय पीएम श्री विद्यालय नरहरपुर, एवं नरहरदेव (कांकेर) के विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत जगदलपुर एयरपोर्ट का सफ्लतापूर्वक भ्रमण किया गया। इस भ्रमण कार्यक्रम में पुलिस लाइन से भी विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिससे कार्यक्रम और अधिक

समावेशी एवं प्रेरणादायक बना।

इस संबंध में जिला कलेक्टर श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ने के लिए इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं व्यावहारिक शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे वे नई-नई जानकारियों से अवगत हो सकें और अपने भविष्य के प्रति जागरूक बनें।

इसी क्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मडावी ने भी इस भ्रमण के संबंध में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को इस प्रकार के अवसर प्रदान करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों को आधुनिक व्यवस्थाओं एवं तकनीकी पहलुओं को समझने का अवसर मिलता है, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित होते हैं।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को एयरपोर्ट की कार्यप्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था, चेक-इन प्रक्रिया, रनवे संचालन एवं एयर ट्रैफिक कंट्रोल की भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में नक्सली माओवादी महिला कमांडर ढेर

- माचपल्ली आरामझोरा हिडूर क्षेत्र के जंगलों हुई मुठभेड़ एसपी ने की पुष्टि

कांकेर / नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक जिला कांकेर निखिल राखेचा ने बताया कि जिला कांकेर के छोटेबेठिया-परतापुर थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके में स्थित माचपल्ली-आरामझोरा-हिडूर क्षेत्र के जंगलों में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर पुलिस बल द्वारा सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था।सर्च अभियान के दौरान पुलिस बल और माओवादियों के बीच माचपल्ली इलाके में मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के पश्चात सर्चिंग के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा एक महिला माओवादी कैडर का शव बरामद किया गया।मुठभेड़ में बरामद माओवादी कैडर के शव की पहचान महिला माओवादी कमांडर एसीएम रूपी के रूप में हुई है। उल्लेखनीय है कि रूपी डीकेएसजेडसी सदस्य विजय रेड्डी की पत्नी थी, जिसकी वर्ष 2025

में जिला मानपुर-मोहला में एक मुठभेड़ के बाद शव बरामद किया गया था।यह भी उल्लेखनीय है कि रूपी बस्तर क्षेत्र में सक्रिय अंतिम तेलुगू माओवादी कैडर थी।मुठभेड़ स्थल की सर्चिंग के दौरान मृत महिला माओवादी के शव के साथ एक पिस्टल हथियार, गोला-बारूद तथा अन्य सामग्री बरामद की गई है।आसपास के क्षेत्र में पुलिस बल तथा अन्य सुरक्षा बलों द्वारा सर्च ऑपरेशन जारी है।पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज श्री सुन्दरराज पट्टलिंगम ने कहा कि माओवादी कैडरों के सामने आत्मसमर्पण और पुनर्वास का अवसर देते हुए शासन की ओर से लगातार अपील की जाती रही है, जिसके प्रभाव से विगत महीनों में काफी बड़ी संख्या में माओवादी कैडरों ने पुनर्वास का मार्ग अपनाया है। किंतु रूपी जैसे कुछ कैडरों ने पुनर्वास के मार्ग को छोड़कर हिंसात्मक रास्ता अपनाया जिसका परिणाम आज उनके अंत के रूप में सामने आया है।आईजीपी बस्तर ने शेष बचे कुछ माओवादी कैडरों से अपील की कि उनके पास अब बहुत सीमित समय शेष है।

वे सभी हिंसा के मार्ग को त्यागें और समाज की मुख्यधारा में लौटकर एक शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन की शुरुआत करें।

आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए स्वीकृति हुई राशि

बीजापुर / नवप्रदेश। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ नक्सलवाद, आत्मसमर्पण, पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास एवं उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। नीति के अंतर्गत जिले के 48 आत्मसमर्पित नक्सलियों को 1 करोड़, 72 लाख रुपये के आहरण एवं संवितरण की स्वीकृति प्रदान की गई है।

नायक के नेतृत्व में विगत 10 सालों से स्वच्छता अभियान, मृत मवेशी के कर चुके अंतिम संस्कार

बाबा साहेब की जयंती आज, चला स्वच्छता अभियान

- भेदभाव मिटाकर हर त्यौहार को मनाने का रिकॉर्ड – नायक

कांकेर / नवप्रदेश। 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत कोदागांव में स्वच्छता अभियान चलाया।ग्राम कोदा गांव मंदिर परिसर और और बाजार परिसर का साफ सफाई करते हुए पंचूराम नायक सभापति सहकारिता जनपद पंचायत कांकेर व पुर्व मंडल अध्यक्ष, पुर्व सरपंच ने स्वच्छता को विशेष महत्व देते हुए पिछले दिनों कई पुरस्कार ले चुके हैं स्वच्छता में विकास खण्ड स्तर जिला स्तर पर प्रदेश स्तर पर रचनात्मक कार्यो में सम्मान किया

गया है, साथ ही स्वच्छता को एक थीम पर कार्य कर रहे हैं।

पिछले 10 वर्षो से गौ माता व पालतू पशुओं को सम्मान पुर्वक अंतिम संस्कार- मिट्टी में गड्ढे खोद कर मिट्टी ढक कर उसके ऊपर वृक्ष रोपण कर किया जा रहा है, जिसके कारण समाज में एक नया संस्कर निर्मित होता है वातावरण प्रदुषित नहीं होता वृक्ष रोपण कार्य जैविक खाद मिट्टी के कटाव रोकने में सहायक होता है।

लगभग 300 गौमाता व पालतू पशुओं को दफनाने का कार्य हो चुका है आओ हम सभी को मिलकर इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम में शामिल - पंचू राम नायक सभापति सहकारिता जनपद पंचायत कांकेर,चुमेश पटेल पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष,दिनू राम पटेल, बीरबल धाकड़ एस सी मोर्चा महा मंत्री, श्री मती रेशमा केशरी महिला मोर्चा महामंत्री, श्रीमती मीना साहू पंच, रेवती पिद्दा, लता पिद्दा, शंकर सोनवानी, कुनाल आरदे, साहिल दिपक,मानेस नेताम, देवेन्द्र ठाकुर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता - मीना साहू, अनारकली आदि लोगों की उपस्थित में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में पंचूराम नायक सभापति सहकारिता जनपद पंचायत कांकेर व पुर्व मंडल अध्यक्ष,चुमेश पटेल पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष बीरबल धाकड़ एससी मोर्चा महा मंत्री,श्रीमती रेशमा केशरी महिला मोर्चा महामंत्री, अनारकली आदि लोगों की उपस्थित मे कार्यक्रम संपन्न हुआ।

त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन

- 20 अप्रैल तक करें दावा-आपत्ति

बीजापुर / नवप्रदेश। त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 के तहत सरपंच एवं पंच पदों के निर्वाचन हेतु जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूचियों) का प्रारंभिक प्रकाशन 13 अप्रैल 2026 को किया गया है। ग्राम पंचायत हल्लूर, रेड्डी, मेटापाल, गोगला, तोड़का, पदेड़ा, चिन्नाकवाली, एरमनार, पदमूर, बासागुड़ा एवं गोरला की मतदाता सूचियां संबंधित ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत कार्यालय तथा तहसील कार्यालय में निःशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं।

यदि कोई व्यक्ति मतदाता सूची में नाम जोड़ने या सुधार के संबंध में दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है, तो वह निर्धारित प्रारूप में 20 अप्रैल 2026, अपरान्ह 3:00 बजे तक संबंधित कार्यालयों में आवेदन जमा कर सकता है।छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1965 के नियम 11(1) के अनुसार दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए यह अनिवार्य है कि आवेदक का नाम भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित निर्वाचक नामावली में दर्ज हो। यदि किसी आवेदक का नाम उक्त सूची में दर्ज नहीं है, तो वह प्रारूप क, ख एवं ग में आवेदन प्रस्तुत नहीं कर सकेगा। ऐसी स्थिति में आवेदक को अपना नाम 24 अप्रैल 2026 तक भारत निर्वाचन आयोग की निर्वाचक नामावली में दर्ज कराना होगा।

खेल गतिविधियों के प्रति लोगों में रुचि बढ़ाने अधोसंरचना विकास के किए जाएंगे कार्य: कलेक्टर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली गई तथा समय सीमा में लंबित कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाने निर्देश दिए गए।

इस दौरान कलेक्टर जनदर्शन, जन चौपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल आदि की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक, राम सिंह ठाकुर, सर्व एसडीएम एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड निर्माण में प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में जिनके पास सारे डॉक्यूमेंट उपलब्ध हैं, उनका प्राथमिकता से बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने डीएमएफ अंतर्गत निर्माण कार्यों की स्थिति की जानकारी ली तथा समय-सीमा पर पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिशेष शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में प्रगति की जानकारी ली तथा जिला शिक्षा अधिकारी को लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षकों की बर्खास्त की प्रक्रिया समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को पेंशन एवं अन्य प्रकरण के निराकरण शीघ्र किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में डीएमएफ कार्यों पर वसूली, दूरस्थ क्षेत्रों में खाद्यान्न वितरण, धान उठाव, स्थल निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों में कार्यवाही के सम्बन्ध में विभागों से जानकारी ली गई।

इस दौरान पीएम जनमन योजनांतर्गत मल्टी पर्पज सेंटर, सड़क, पीएम आवास, आंगनबाड़ी केंद्र, मोबाईल कनेक्टिविटी, विद्युतीकरण सहित अन्य कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

डायवर्सन वसूली की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

कलेक्टर ने 50 बड़े बकायादारों के दो माह में किए गए डायवर्सन वसूली की जानकारी सर्व एसडीएम से ली। सीतापुर एसडीएम ने बताया कि 12 लाख 46 लक्ष्य था जिसमें 12 लाख 14 हजार वसूली की जा चुकी है शेष 32 हजार शेष है। उदयपुर में 24 लाख का था 16 लाख की वसूली की जा चुकी है एवं आठ लाख शेष है। लुण्ड्रा में 25 लाख का लक्ष्य था जिसमें 17 लाख 27 हजार की वसूली की जा चुकी है एवं 7 लाख 73 हजार से है। अंबिकापुर में लक्ष्य 1,74,80,034 का लक्ष्य था जिसमें 1,28,31,056 का वसूली की कार्यवाही किया जा चुका है शेष 46,48,978 पर वसूली की कार्यवाही जारी है। कलेक्टर ने शेष वसूली की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

न्यूज गैलरी

प्रधानमंत्री आवास-मनरेगा भुगतान में देरी, दोषी कर्मचारी पर गिरी गाज

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर सरगुजा के समक्ष जनपद पंचायत उदयपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही सम्बन्धी आवेदन प्रस्तुत किया गया। ग्राम पंचायत मुड़गांव में हितग्राही को स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास हेतु मनरेगा अंतर्गत 90 मानव दिवस की मजदूरी राशि का भुगतान निर्धारित समय में नहीं किया गया। संबंधित ग्राम रोजगार सहायक द्वारा कार्य पूर्ण होने के बावजूद मानव दिवस की प्रविष्टि समय पर ऑनलाइन नहीं की गई, जिसके कारण हितग्राही को देय राशि प्राप्त नहीं हो सकी। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत उदयपुर द्वारा संबंधित ग्राम रोजगार सहायक श्री धनेश्वर प्रसाद यादव को पूर्व में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, परंतु निर्धारित समयावधि में संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं हुआ। फलस्वरूप, जनपद पंचायत उदयपुर द्वारा आदेश जारी करते हुए संबंधित ग्राम रोजगार सहायक के मानदेय से 21,871 रुपए की राशि वसूल किए जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त राशि आगामी 05 माह तक उनके मानदेय से कटौती कर हितग्राही को भुगतान की जाएगी। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही जारी रहेगी।

जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक 18 अप्रैल को

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत एवं पदेन अध्यक्ष, सरगुजा जिला खनिज संस्थान न्यास की अध्यक्षता में शासी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक आगामी 18 अप्रैल 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में न्यास के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास कार्यों और आगामी योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर ने शासी परिषद के सभी सदस्यों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

आरोही शर्मा और सुदीप चतुरगोष्ठी ने बढ़ाया मुंगेली का मान

मुंगेली/नवप्रदेश। नवोदय कोचिंग सेंटर की प्रतिभावान छात्रा आरोही शर्मा का चयन सैनिक विद्यालय एवं सुदीप चतुरगोष्ठी का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। नवोदय कोचिंग के संचालक कृष्ण चंद्र ताम्रकार ने इनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। नवोदय कोचिंग सेंटर विवेकानंद वार्ड में स्थित संस्थान से प्रतिवर्ष नवोदय विद्यालय में बच्चों का चयन होता है। उल्लेखनीय है कि यह कोचिंग सेंटर वर्ष 2016 से संचालित हो रहा है।

चरित्र शंका में पत्नी को जलाने का प्रयास, आरोपी पति गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। चरित्र शंका मे पत्नि को डीजल डालकर जलाकर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी पति द्वारा पत्नी पर चरित्र शंका कर डीजल डालकर जलाकर हत्या का प्रयास करने पर चिल्फी पुलिस ने 24 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा। आरोपी सतीश सोनवानी निवासी सेनगुड़ा के विरूद्ध थाना चिल्फी मे धारा 109 बीएनएस के तहत कार्यवाही किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के आदेशानुसार महिलाओं के संबंध में घटित अपराधों पर त्वरित कार्यवाही हेतु दिए गए निर्देशों के पालन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री नवनीत कौर छाबड़ा तथा उप पुलिस अधीक्षक लोरमी हरविन्दर सिंह के मार्गदर्शन में थाना चिल्फी पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। प्रकरण में आरोपी सतीश सोनवानी निवासी सेनगुड़ा थाना चिल्फी द्वारा 16 मार्च को सुबह लगभग 8 बजे अपनी पत्नी पर चरित्र शंका करते हुए जान से मारने की नियत से घर में रखे डीजल को उसके ऊपर डालकर माचिस से आग लगा दी गई एवं उसे जलते हुए हालत में छोड़कर फरार हो गया। घटना के संबंध में प्राप्त अस्पताली मेमो के आधार पर जांच उपरांत 9 अप्रैल को थाना चिल्फी में धारा 109 बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण मे साक्ष्य एकत्रित कर मुखबीर एवं तकनीकी सहायता से आरोपी सतीश सोनवानी पिता लौंजराम उम्र 35 वर्ष निवासी सेनगुड़ा थाना चिल्फी को 10 अप्रैल को हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर घटना दिनांक को अपराध कारित करना स्वीकार करने पर धारा सदर का अपराध कारित करना प्रमाणित पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर 11 अप्रैल को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक थाना प्रभारी चिल्फी रघुबीर लाल चंद्रा, प्रधान आरक्षक पारस टोण्डे, सिद्धेश्वर बंजारे, आरक्षक प्रशांत कुर्रे, आरक्षक बृजेश प्रधान एवं महिला आरक्षक संगीता बर्मन की भूमिका रही।

रिटायरमेंट के बाद खाली पदों को नहीं भरा जा रहा, 2005 के सेटअप अनुसार चल रहा कामकाज

कर्मचारियों की कमी से चरमराई बिजली व्यवस्था, भीषण गर्मी में उपभोक्ता परेशान

मुंगेली/नवप्रदेश। बिजली विभाग में कर्मचारियों कमी के चलते जिलेवासियों को इन दिनों समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में बिजली कि समस्याओं से जुझने के लिए कर्मचारियों की कमी आडे आ रही है। रिटायरमेंट के बाद खाली पदों को नहीं भरे जाने एवं 2005 के सेटअप के अनुसार कर्मचारियों की भी कमी है जिसके चलते विभाग मेंटेनेंस और मरम्मत के लिए ठेकेदार के कर्मचारियों के भरोसे ही है। वहीं ठेकेदारों के द्वारा लापरवाही बरती जा रहीं है, जिसका खामियाजा उपभोक्ताओं को उठाना पड रहा है। यही कारण है कि चौबीस घण्टें विद्युत सप्लाई देने का सरकारी सपना साकार नही हो पा रहा है। एक बार लाईन टुटती है या फाल्ट होता है तो मेंटेनेंस का कार्य पूरा होने में घंटो का समय लग जाता है। सालों पुराने सेटअप, अब दायरा बडा-

बिजली विभाग 20 साल पुराने सेटअप पर काम चला रहा है, सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 2005 में 40 में से नियमित 12 कार्यरत् है और ठेके से लगभग 9 में से 7 कर्मचारी कार्यरत् है। नियमित 12 कर्मचारियों में से 3 विकलांग है, एवं 3 लोगों का टांसफर हो गया, और उस समय 2005 में 3-4 हजार उपभोक्ता हुआ करते थे तब सेटअप 40 का था जिला बनने के बाद आज शहर में 10 सें 15 हजार उपभोक्ता है जिनके लिए तीन शिफ्ट में कमचारियों की व्यवस्था की जाती है। वर्तमान में कर्मचारियों कि नियुक्ति नहीं हो पाने के कारण फ्युज कॉल बनाने में देर सवेर होता है। बात सिर्फ शहरी क्षेत्र कि करते है। यहां वर्तमान में लगभग 15000 कनेक्शन है। सहायक अभियंता से लेकर कुशल श्रमिक के पूराने सेटअप के अनुसार केवल 40 पद स्वीकृत है। रिटायरमेंट तो हर साल हो रहे है लेकिन खाली होने वाले पदों को भरा नहीं जा रहा हैं। शासन ने तंगहाली के चलते भर्तीपर पुर्ण रूप से रोक लगा रखी है। वर्तमान में 12 कर्मचारी कार्यरत् है उन में से भी 3 लोगो का ट्रांसफर हो गया है तथा 2 लोग छुट्टी पर है, और 3 कर्मचारी विकलांग है। हालत यह है कि लाईन जोडने और फाल्ट ठीक करने के काम में भी घंटों का समय लग जाता है।

बिजली व्यवस्था ठेकेदारों के भरोसे

बिजली विभाग में कर्मचारियों कि कमी का बहाना बना बिजली विभाग आउटसोर्सिंग का काम चला रहा है, लेकिन फ्युज कॉल, मरम्मत और कॉल सेंटर का ठेका एक ही ठेकेदारों को सौंप दिया गया है। पूरे नगर का ठेका एक ही ठेकेदार को दिया गया है, फ्युज कॉल, मरम्मत और कॉल सेंटर का जिम्मा भी इसी के द्वारा संभाला जा रहा है। ऐसे में ठेकेदारों के द्वारा काम नहीं किये जाने के चलते क्षेत्र के उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतें झेलनी पड रहीं है, बिजली अधिकारियों को छोड दिया जाय तो कर्मचारियों का पुरा काम बिजली विभाग में आउसोर्सिंग पर ही चल रहा हैं। कार्य कि गुणवत्ता और जिम्मेदारी लगातार घटती जा रही है।

आउटसोर्सिंग पर चल रहे कर्मचारी

कार्यालय में क्लर्क से लेकर सबस्टेशन में मशीनें ऑपरेट कराने का काम भी आउटसोर्सिंग से कराया जा रहा है। ठेकेदार के कई कर्मचारी ट्रेंड न होने के कारण समस्या खडी हो रही है। मुंगेली मेनपावर की कमी के चलते समस्या बनी रहती है। ठेकेदार द्वारा फ्यूज कॉल में 4 कर्मचारियों का गैंग रखा जाना है लेकिन इसमें भी कोताही बरती जा रही हैं।

पीएम सूर्य घर योजना से बदली जिंदगी, संतोष बने 'ऊर्जादाता'

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' आम नागरिकों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही है। जिले के भगवानपुर निवासी संतोष सरकार इस योजना के तहत अपने घर की छत पर 3 किलोवाट का सोलर पैनल स्थापित कर न केवल अपना बिजली बिल शून्य कर लिया है, बल्कि अब वे अतिरिक्त बिजली ग्रिड को प्रदान कर 'ऊर्जादाता' की भूमिका निभा रहे हैं। संतोष सरकार बताते हैं कि सोलर पैनल लगवाने से पहले उन्हें हर महीने 8 से 10 हजार रुपये तक का भारी बिजली बिल

चुकाना पड़ता था, जिससे उनका घरेलू बजट प्रभावित होता था। योजना का लाभ लेने के बाद अब उन्हें बिजली बिल के रूप में कोई भुगतान नहीं करना पड़ता। श्री सरकार ने बताया कि सरकार की ओर से दी जा रही भारी सब्सिडी ने इस तकनीक को सुलभ बना दिया है। इस योजना के तहत उन्हें कुल ?1,08,000 की सब्सिडी मिल रही है, केंद्र सरकार से 78,000 की सब्सिडी सीधे बैंक खाते में प्राप्त हो चुकी है। सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने पर श्री संतोष सरकार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते कहा कि, 'सरकार की आर्थिक सहायता के कारण सोलर पैनल लगाना बहुत आसान हो गया है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे बढ़-चढ़कर इस योजना का लाभ उठाएं और पर्यावरण संरक्षण के साथ बिजली बिल से राहत पाएं।

मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना से रामदास को राहत

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। ग्रामीण अंचल में भारी भरकम बिल के भुगतान में मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना बड़ी राहत लेकर आई है। जिले के लूण्ड्रा विकासखंड ग्राम गड़बिरा के रहने वाले राम दास को भारी-भरकम बिजली बिल भुगतान का बोझ अब कम हो गया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार की 'अंत्योदय' की परिकल्पना धरातल पर साकार हो रही है। इस योजना से हजारों बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिल

रही है। रामदास ने बताया कि उनका बिजली बिल बढ़कर 30,010 रुपये हो गया था। आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि इतनी बड़ी राशि का एक साथ भुगतान किया जा सके। लेकिन शासन की मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना ने उनकी इस बड़ी चिंता को चुटकियों में हल कर दिया। योजना के तहत रामदास को 21,260 रुपये की बड़ी छूट मिली है, जिसके बाद उन्हें केवल 8,750 रुपये की शेष राशि भुगतान करना होगा। इस योजना से लगभग 75 प्रतिशत की बिजली बिल में छूट मिली है। रामदास ने बताया कि 'मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना' की जानकारी मिली, तो उन्होंने तुरंत बिजली कार्यालय से संपर्क किया। योजना के प्रावधानों के तहत जब उनके बिल का मिलान किया गया, तो शासन की ओर से उन्हें 21,260 रुपये की छूट प्रदान की गई।

शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को जेल भेजा

मुंगेली/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन मे थाना अजाक द्वारा बलात्कार, एससी एसटी एक्ट के प्रकरण मे 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थाना सिटी कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग बालिका को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण, एससी एसटी के प्रकरण मे थाना अजाक द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 64 (2)(एम) बीएनएस 5(एल), 6 पास्को एक्ट एवं 3(2)(व्ही) एससी एसटी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। पीड़िता थाना सिटी कोतवाली में 25 मार्च को आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि आयुष सिंह निवासी घुठेली के द्वारा इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती कर अपने प्रेमजाल मे फंसाकर शादी का झांसा देकर वर्ष 2023 से 03 वर्षो तक लगातार शारीरिक संबंध बलात्कार करना बताने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 64 (2)(एम) बीएनएस 5(एल), 6 पास्को एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

अंबिकापुर में हज यात्रियों को मंत्री अग्रवाल ने दी शुभकामनाएं

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी द्वारा अंबिकापुर में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने हज यात्रा पर जा रहे सभी जायरीनों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके सफल, सुरक्षित और मंगलमय सफर की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री अग्रवाल ने कहा कि हज यात्रा इस्लाम धर्म के अनुयायियों के लिए अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण होती है। यह केवल एक

धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धि, समर्पण और अनुशासन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी धर्मों के प्रति समान सम्मान और सहयोग की भावना के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने हज यात्रियों से अपील की कि वे इस पवित्र यात्रा के दौरान देश और प्रदेश की खुशहाली, शांति एवं समृद्धि के लिए भी दुआ करें। साथ ही, उन्होंने हज कमेटी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में समिति की भूमिका सराहनीय है। इस अवसर पर विधायक लुंड्रा श्री प्रबोध मिंज, छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष श्री मिर्जा एजाज बेग, हज कमेटी के सम्मानित सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर हज यात्रियों को शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम के दौरान हज यात्रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए तथा उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और यात्रा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्रदान की गई।

नशे पर रोक: अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम और कोटपा एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की बैठक संपन्न

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले को नशामुक्त बनाने और मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर नियंत्रण के लिए संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक वैभव बेंकर की उपस्थिति में जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में वनमंडलाधिकारी आलोक बाजपेयी, जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर आर.एस. लाल, सहित संबंधित सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में नशे के विरुद्ध समन्वित कार्ययोजना तैयार कर मादक पदार्थों के

उत्पादन और अवैध व्यापार पर प्रभावी रोक लगाने पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर कटारा ने कहा कि नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ निरंतर और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड भ्रमण कर मादक पदार्थों के उत्पादन और परिवहन पर कड़ी नजर रखने को कहा। उन्होंने किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्रामीण स्तर पर भी नियंत्रण के लिए कलेक्टर श्री कटारा ने किसानों को मादक पदार्थों की अवैध खेती के प्रति जागरूक करने और ग्राम स्तर पर सूचना तंत्र मजबूत करने के लिए कोटवारों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य और संबंधित विभागों को मेडिकल स्टोर्स में प्रतिबंधित तथा एक्सपायरी दवाओं एवं संचालित क्लीनिकों के लाइसेंस की कड़ाई से जांच करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अवैध दवाओं की बिक्री और बिना मान्यता के चल रहे क्लीनिकों पर तत्काल कार्रवाई की करें। उन्होंने कोटपा एक्ट का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुए शैक्षणिक संस्थानों जैसे स्कूलों, कॉलेजों, आंगनबाड़ी केंद्रों और छात्रावासों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश भी दिए। नशापान के विरूद्ध जनसहभागिता को अहम बताते हुए कलेक्टर ने युवाओं और आम नागरिकों के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। उन्होंने ग्राम पंचायतों में नशामुक्ति की शपथ दिलाने और लोगों को मादक पदार्थों के बारे में फोटो वीडियो के माध्यम पहचान कराने तथा उसके सेवन से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक वैभव बेंकर ने मादक पदार्थों के परिवहन रोकने के लिए अंतर्राज्यीय सीमाओं पर स्थित चेकपोस्टों पर वाहनों की सघन जांच के निर्देश दिए। उन्होंने उन्होंने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कोई भी व्यक्ति टोल-फ्री नंबर 1933 पर संपर्क कर सकता है और अवैध गतिविधियों की जानकारी दे सकता है। जिसकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

राजस्व प्रकरणों के निराकरण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं में प्रगति लाने दिए निर्देश

***किसानों का शत-प्रतिशत एग्रीस्टैक में पंजीयन सुनिश्चित करें-कलेक्टर**

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक संपन्न हुई।

इस दौरान उन्होंने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए विभागीय कार्यों में तेजी लाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पीएम जनमन, राजस्व पखवाड़ा, तेन्दूपत्ता संग्रहण, आयुष्मान कार्ड, पशुधन विकास विभाग सहित प्रधानमंत्री आवास तथा स्वास्थ्य की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अविवादित नामांतरण, सीमांकन और बंटवारे के प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व पखवाड़ा की अद्यतन जानकारी लेते हुए पखवाड़ा का लोगों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा, ताकि शत-प्रतिशत लंबित राजस्व मामलों का सुगमता से समाधान हो सके। कलेक्टर ने गर्मी के मौसम को देखते हुए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को पेयजल से जुड़ी समस्याओं का तत्काल चिन्हांकन कर उनका स्थायी समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल व्यवस्था पर सतत निगरानी

रखने को कहा, ताकि ग्रीष्मकाल के दौरान आम नागरिकों को पानी की किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना और पीएम जनमन आवासों की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्वीकृत, पूर्ण और अपूर्ण आवासों की जानकारी लेते हुए लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए, जिससे पात्र हितग्राहियों को समय पर उनके पक्के मकान का लाभ मिल सके। स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए उन्होंने पीएम जनमन मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से दूरस्थ अंचलों तक चिकित्सा सुविधा पहुंचाने को कहा साथ ही आयुष्मान भारत योजना तथा वय वंदन योजना के तहत बचे हुए हितग्राहियों के कार्ड शीघ्र बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पशुओं के टीकाकरण तथा आगामी सीजन के लिए खाद-बीज भण्डारण की स्थिति की जानकारी ली। आगामी तेंदूपत्ता संग्रहण के तैयारियों की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि जिन कर्मचारियों की ड्यूटी संग्रहण कार्य में लगायी गई है, वे कर्मचारी अपने कार्य क्षेत्र में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों से होने वाली अवैध आवक को रोकने के लिए कड़ी निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को जिले में एग्रीस्टैक के तहत किसानों का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

न्यूज गैलरी

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं

बलरामपुर/नवप्रदेश। संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक पश्चात् साप्ताहिक जनदर्शन में आमजनों ने अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर कटारा ने आमजनों से प्राप्त शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना एवं जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि आमनागरिक उम्मीद से जनदर्शन अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचते है। उनकी समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान करें।

जिले में 2 सरपंच और 70 पंचों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य शुरू

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 हेतु जिले में 02 सरपंच एवं 70 पंच के पद रिक्त है। रिक्त पदों की पूर्ति हेतु निर्वाचक नामावली तैयार/पुनरीक्षण का कार्य प्रारंभ है। जनपद पंचायत अम्बिकापुर के 09 ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत लखनपुर के 13 ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत उदयपुर के 03 ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत बतौली के 04 ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत लुण्ड्रा के 10 ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत सीतापुर के 02 ग्राम पंचायत सहित कुल 41 ग्राम पंचायतों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अपने कार्यालय एवं संबंधित ग्राम पंचायत में प्राधिकृत कर्मचारी के माध्यम से 13 अप्रैल 2026 को कराया जाकर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल 2026 अपरान्ह 03:00 बजे तक निर्धारित है।

सभी ग्राम पंचायतों में 14 अप्रैल को होगा ग्राम सभा का आयोजन

बलरामपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ अनुसूचित क्षेत्र की ग्रामसभा (गठन सम्मिलन की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन) नियम 1998 के नियम 06 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा ने जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में 14 अप्रैल 2026 को ग्राम सभा का आयोजन करने के निर्देश दिये हैं। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 6 (2) (क) के तहत् गणपूर्ति के साथ-साथ ग्राम सभा में सदस्यों की शत-प्रतिशत उपस्थिति करवाने का दायित्व सचिव, सरपंच एवं पंच का होगा। ग्राम सभा की कार्यवाही छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 ख (3) एवं छत्तीसगढ़ पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्र पर विस्तार) नियम 2022 के अनुसार संचालित होगी। ग्राम सभा की बैठक में ग्राम सभा की पूर्व बैठक में पारित संकल्पों के क्रियान्वयन, पंचायतों के विगत तिमाही आय-व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन, पिछले वर्ष में विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्य के नाम, प्राप्त राशि, स्वीकृत राशि, व्यय राशि एवं कार्य की अद्यतन स्थित का वाचन, पेंशन योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित प्रकरणों के लंबित, निराकृत, एवं वितरित प्रमाण-पत्रों की जानकारी, मौसमी बीमारियों को निदान एवं निवारण पर चर्चा एवं उससे निपटने चिकित्सकीय सुविधाओं का अवलोकन करना, प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगति की समीक्षा, वीबी जीरामजी अधिनियम के संबंध में चर्चा, मोर गांव मोर पानी अभियान सहित अन्य विषयों पर चर्चा किया जाएगा।

बढ़ती सड़क घटनाओं की रोकथाम को लेकर पुलिस की निगरानी बढ़ी

लखनपुर/नवप्रदेश। पुलिस महकमा के आला अधिकारियों के दिशा निर्देश पर सड़क दुघर्टनाओं में कमी लाने के नजरिए से लखनपुर पुलिस द्वारा तीन सवारी बिना हेलमेट सीटबेल्ट रहित तथा नशे के हालात में वाहन चलाने वालो पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज रविवार को लखनपुर पुलिस ने नशे के हालात में वाहन चलाने वाले दो बाइक एवं एक कार पर कार्यवाही किया । काबिले गौर है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 130 में दुर्घटनाओ का ग्राफ बढ़ता जा रहा है एहतियातन पुलिस द्वारा वाहनों पर यातायात नियम के तहत वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। नशेडी चालकों तथा जप्त वाहन को न्यायलय पेश किया जाएगा। कार्यवाही में थाना प्रभारी संपत पोटाई आरक्षक दशरथ राजवाड़े व अन्य स्टाफ मौजूद है

असामाजिक तत्वों का जमावड़ा और शराबखोरी से बिगड़ रहा माहौल

पीडब्लूडी रेस्ट हाउस बना ऐशगाह नियम कानूनों की खुली अनदेखी

अपनी जिम्मेदारी से बच रहे ईई और एसडीओ झाड़ रहे अपना पल्ला

बम्हनीडीह/नवप्रदेश। नगर पंचायत बम्हनीडीह के बस स्टैंड के पास स्थित लोक निर्माण विभाग का रेस्ट हाउस इन दिनों गंभीर विवादों में घिर गया है जहां शासकीय उपयोग के लिए बनाए गए इस परिसर का खुलेआम दुरुपयोग किया जा रहा है।

आसपास के स्थानीय लोगों के अनुसार यह स्थान अब अधिकारियों और आम नागरिकों के उपयोग के बजाय असामाजिक तत्वों और रसूखदार लोगों का अड्डा बन चुका है दिन रात यहां भीड़ लगी रहती है, जिससे आसपास का वातावरण लगातार बिगड़ रहा है और विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं यहां आने वाले लोगों के लिए विभाग के ही कर्मचारियों द्वारा चाय नाश्ता और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं जबकि नियमों के अनुसार शासकीय संसाधनों का उपयोग केवल अधिकृत कार्यों के लिए ही किया जा सकता है सामान्य वित्तीय नियम और सेवा आचरण नियमों के तहत यह कदाचार की श्रेणी में आता है यदि जांच हो तो संबंधित कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है। रेस्ट हाउस का उपयोग अब पूरी तरह से निजी आयोजनों के लिए किया जा रहा है यहां जन्मदिन, सालगिरह, राजनीतिक बैठकें और अन्य निजी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जबकि नियमों के अनुसार रेस्ट हाउस केवल शासकीय कार्यों, दौरे पर आए अधिकारियों और अधिकृत व्यक्तियों के लिए ही निर्धारित होता है बिना अनुमति निजी कार्यक्रम करना छत्तीसगढ़ शासकीय संपत्ति उपयोग नियम और सामान्य वित्तीय नियमों का उल्लंघन माना जाता है इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग कार्रवाई करने से बचता नजर आ रहा है ।

स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि रेस्ट हाउस के अंदर दिन के समय भी शराब का सेवन किया जा रहा है ढ्रक्क मैचों के दौरान एसी चलाकर पार्टी की जाती है जबकि शासकीय परिसरों में शराब सेवन पर सख्त रोक होती है यह छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम और सार्वजनिक शांति व्यवस्था से जुड़े प्रावधानों का सीधा उल्लंघन है।

जानिए... क्या कहा अफसरों ने

सिकायत मिली थी जिस पर वहां बेवजह बैठने वाले व्यक्तियों को मना किया जा चुका है पर वह बात नहीं मान रहे हैं हमारा काम केवल रख रखाव का है रेस्ट हाउस राजस्व विभाग के अधिकारी देखते हैं।

– **दिनेश धुर्वे**, एसडीओ, लोक निर्माण विभाग चाम्पा

मैं एसडीओ को बोलती हूं ओ देखें है आप एसडीओ से बात कर लो वहीं बता सकते हैं हर जगह तो मैं नहीं देख सकती।

– **ममता पटेल**, कार्यालय अभियंता लोक निर्माण विभाग जांजगीर-चांपा

अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई करने पहुंची वन टीम पर हमला

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के वन परिक्षेत्र खुड़िया के ग्राम झरिया भुकूनाला में अवैध रेत उत्खनन की शिकायत पर कार्रवाई करने पहुंची वन विभाग की टीम पर रेत माफियाओं ने हमला कर दिया। इस घटना में 02 वनरक्षक घायल हुए एवं 02 को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है।

घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार के निर्देशन में वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल उपचार के लिए भेजा गया। सभी की स्थिति फिलहाल सामान्य बताई जा रही है। डीएफओ अभिनव कुमार ने बताया कि जिले के वन परिक्षेत्र खुड़िया अंतर्गत ग्राम झरिया भुकूनाला में अवैध रेत उत्खनन की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। गश्त के दौरान टीम ने देखा कि ट्रैक्टर के माध्यम से अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा है। जब वन अमले ने ट्रैक्टर को जब्त करने की कार्रवाई शुरू की, तो चालक एवं उसके साथियों ने विरोध करते हुए वन टीम पर हमला कर दिया।

इस हमले में परिसर रक्षक अभिषेक बर्मन, योगेश बरेठ, देवेंद्र बघेल सहित कुल 04 लोगों में से 02 घायल हुए एवं 02 को मामूली चोटें आई। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने मामले की सूक्ष्म जांच के निर्देश देते हुए कहा कि अवैध खनन एवं शासकीय कार्य में बाधा डालना गंभीर अपराध है। दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

दिल्ली में बांसुरी स्वराज से मिले श्रीकांत पांडेय

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय ने दिल्ली प्रवास के दौरान भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज से सौजन्य मुलाकात किए। यह मुलाकात बेहद आत्मीय और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। जहां दोनों नेताओं के बीच कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

इस दौरान श्रीकांत पांडेय ने पुराने दिनों को याद करते हुए पूर्व विदेश मंत्री स्वर्गीय श्रीमती सुषमा स्वराज से अपनी मुलाकात का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि जब वे बिलासपुर क्षेत्र के जरहागांव में भाजपा मंडल अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे, तब उन्हें उनकी माता सुषमा स्वराज से मिलने का अवसर मिला था। उस समय भी उन्होंने उनकी सरलता, सहजता और आत्मीयता को अनुभव किया था। मुलाकात के दौरान बांसुरी स्वराज ने भी उसी अपनत्व और विनम्रता के साथ उनकी बातें सुनीं और प्रसन्नता व्यक्त की कि पार्टी के पुराने और समर्पित कार्यकर्ता आज भी सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। इस संवाद में संगठनात्मक अनुभवों और पार्टी के विकास से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि परमेश्वर सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे। जिन्होंने इस मुलाकात को महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक बताया। यह मुलाकात न केवल संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण रही, बल्कि पुराने संबंधों और विचारों के आदान-प्रदान का एक भावनात्मक क्षण भी साबित हुई।

नटरंग महोत्सव में चमकी पूर्वजा जायसवाल

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर की पूर्वजा जायसवाल ने चित्रकला प्रतियोगिता में रायपुर के 'नटरंग कला एवं संस्कृति महोत्सव' में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उनकी सफलता पर लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। कला के क्षेत्र में मुंगेली जिले की प्रतिभाएं लगातार अपनी पहचान बना रही हैं। इसी क्रम में मुंगेली की प्रतिभावान छात्रा पूर्वजा जायसवाल ने रायपुर में आयोजित प्रतिष्ठित 'नटरंग कला एवं संस्कृति महोत्सव' की चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। राजधानी रायपुर में आयोजित इस कला महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में पूर्वजा ने अपनी सृजनात्मक सोच, रंगों के सुंदर संयोजन और प्रभावशाली चित्रांकन से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति के चलते उन्हें प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्रदान किया गया। पूर्वजा वरिष्ठ कांग्रेसी पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्याम जायसवाल की नातिन एवं सचिन जायसवाल की सुपुत्री है। पूर्वजा की इस उपलब्धि से परिवार, मित्रों और नगरवासियों में हर्ष का माहौल है। उनकी सफलता पर लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। कला प्रेमियों का कहना है कि यदि इसी तरह पूर्वजा अपनी प्रतिभा को निखारती रहीं तो आने वाले समय में वे राज्य ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी मुंगेली जिले का नाम रोशन करेंगी।

मेला देखने जा रहे युवक को ट्रक ने कुचला, मौत

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले में तेज रफ्तार ट्रक को ओव्हरटेक कर रहे बाइक सवार सामने से आ रहे स्कार्पियो से टकरा गए। हादसे में बाइक के पीछे बैठा युवक सड़क पर गिर गया और ट्रक के पहियों के नीचे आ गया। जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई। बाइक चला रहे युवक को मामूली चोटें आई हैं। घटना बतौली थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, बतौली थाना क्षेत्र के बिलासपुर में आयोजित मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के लिए दरिमा के ग्राम महेशपुर निवासी अमित एक्का और अरविंद केरकेट्टा बाइक से जा रहे थे। रात करीब 10 बजे बिलासपुर-घोघरा चौक के पास युवकों ने सामने जा रहे ट्रक को ओव्हरटेक करने की कोशिश की। इस दौरान उनकी बाइक सामने से आ रहे स्कार्पियो से जा टकराई। सामने से आ रहे बाइक को देखकर स्कार्पियो ने स्पीड कम कर दी थी। स्कार्पियो से बाइक टकराई तो पीछे बैठा अरविंद केरकेट्टा सड़क पर गिर गया। उसे पीछे से आ रहे ट्रक ने कुचल दिया। अरिवंद केरकेट्टा की मौके पर मौत हो गई। बाइक चला रहे अमित एक्का को मामूली चोटें आई हैं।

एक ही दिन दो दर्दनाक घटनाएं, सड़क हादसे और आत्महत्या से सनसनी

लखनपुर/नवप्रदेश। इन दिनों थाना क्षेत्र लखनपुर में सड़क हादसों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है साथ ही खुदकुशी करने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। इसी कड़ी में आज 12 अप्रेल दिन रविवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे बजाज पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 ईएफ 5431 में सवार तीन युवक बीजली खंभे से टकरा गये जिसमें दो युवकों का मौके पर ही मौत हो गया ,वहीं तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको जिला अस्पताल

अम्बिकापुर रिफर किया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आदित्य यादव , बाबूलाल यादव, अमन यादव निवासी ग्राम छिदकालो थाना दरिमा अपने नीजी कार्यवश पल्सर बाइक में सवार होकर ग्राम जमगला थाना उदयपुर आये हुये थे। दोपहर तकरीबन डेढ़ बजे अपने नीज ग्राम छिदकालो वापिस लौट रहे थे इसी दौरान ग्राम जमगला राइस मिल के समीप बीजली खंभे से तेज रफ्तार बाइक जा टकराई इस भयानक हादसे में आदित्य यादव वल्द स्व0 महेशराम यादव 35 वर्ष निवासी छिदकालो तथा बाबूलाल यादव वल्द भगत राम यादव उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम अडची थाना दरिमा दोनों की मौके पर ही मौत हो गई वहीं अमन यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्येक्ष दर्शियों के सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंच मौका-मुआयना करते हुए डायल 112 के जरिए से दोनों शवों एवं घायल युवक को लखनपुर अस्पताल लेकर आई जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल युवक को अम्बिकापुर जिला अस्पताल रीफर कर दिया तथा दोनों मक़तूल युवकों के शव को मर्चुरी में रखवाया गया है।देर शाम होने कारण शवों का पोस्टमार्टम नहीं हो सका है सोमवार को हो सकेगा।

पेज 1 का शेष...

सुकमा में बदली तस्वीर: ...

अग्रसर हैं। पुनर्वास केंद्र में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का जायजा लेते हुए मुख्यमंत्री ने राजमिस्त्री, सिलाई, कृषि आधारित उद्यम और ड्राइविंग जैसे ट्रेड्स में युवाओं को मिल रही ट्रेनिंग की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल आजीविका के अवसर पैदा कर रही है, बल्कि समाज में स्थायी शांति की नींव भी मजबूत कर रही है।

मुख्यमंत्री ने पुनर्वासित हितग्राहियों को मोबाइल फोन, आवास योजना के तहत घरों की चाबियां और विभिन्न विभागों में नियुक्ति पत्र वितरित किए। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले हितग्राहियों को सम्मानित भी किया गया। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी को सराहते हुए कहा कि स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भरता की मिसाल बन रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान बदलते सुकमा की बदलती तस्वीर, पुनर्वास से विकास तक शीर्षक कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया गया, जिसमें जिले में हुए सकारात्मक परिवर्तनों को दर्शाया गया है। पुनर्वास केंद्र के कला मंच पर स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियों ने भी सभी का ध्यान आकर्षित किया।

संसद में महिला आरक्षण...

लेकर हाजिर है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृत्व योजना, जन्म के बाद सुकन्या समृद्धि योजना, सही समय पर टीके लगें इसके लिए मिशन इंद्र धनुष शुरू किया।

चालीस साल बीत गए

'महिला आरक्षण बिल पर विमर्श को करीब चालीस साल बीत गए। इसमें सभी पार्टियों के और कितनी ही पीढ़ियों के प्रयास शामिल हैं। हर दल ने इस विचार को अपने अपने ढंग से आगे बढ़ाया है।'

सर्व सम्मति से इसे पास कराया

'2023 में जब यह अधिनियम आया था तब भी सभी दलों ने सर्व सम्मति से इसे पास कराया था। एक सुर में यह बात भी उठी थी कि इसे हर हाल में 2029 तक लागू हो जाना चाहिए।'

5 लाख रुपए की इनामी...

जवानों ने कांकेर के पुलिस सुपरिटेंडेंट निखिल बारेचा की गाइडेंस में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। 13 अप्रैल को सुबह घात लगाए बैठे नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए नक्सल कमांडर रूपी को एनकाउंटर में मार गिराया। बस्तर इलाके में एक्टिव कई बड़े लीडर या तो सरेंडर कर चुके हैं या एनकाउंटर में मारे जा चुके हैं। 'रूपी' को इस इलाके का आखिरी बड़ा कमांडर माना जाता था।

अमेरिका को ईरानी पोर्ट...

बंदरगाहों के बीच सफर कर रहे हैं, उन्हें आने-जाने की इजाजत दी जाएगी।

चीन को धमकी

ट्रम्प ने चीन को साफ चेतावनी दी है कि अगर उसने ईरान की सैन्य मदद की, तो अमेरिका उस पर 50% तक भारी टैरिफ लगा देगा।

होर्मुज की नाकाबंदी : ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी नौसेना होर्मुज स्ट्रेट में नाकाबंदी करेगी और ईरान को टोल देने वाले जहाजों को भी रास्ते में रोक लिया जाएगा।

कारोबारी को मारकर गाड़ा...

डेकोरेट टेंट के संचालक थे। वो शादीशुदा है, उनके दो बेटियां और एक बेटा है। सुरेश के लापता होने के बाद परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कर रही थी। जांच के दौरान कोंडागांव के विकास नगर ग्राउंड में खून से सनी एक बाइक बरामद हुई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। उससे पूछताछ के बाद पुलिस हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे स्थित एक खेत तक पहुंची।

नोएडा में हिंसक प्रदर्शन, 50...

तो कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। कर्मचारियों ने उन पर पथराव कर दिया। फिर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। सभी रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी।

महाराष्ट्र के ठाणे में सड़क...

अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वालों में आठ पुरुष और तीन महिलाएं हैं। अब तक 6 मृतकों की पहचान हो चुकी है, बाकी की पहचान जारी है। हादसे के बाद कुछ घंटों तक कल्याण से अहिल्यानगर रोड पर लंबा जाम लगा था।

कल्याण से मुरबाड के बीच चलती थी वैन : वैन रोजाना की तरह सुबह भी पैसेंजर्स को लेकर कल्याण से मुरबाड जा रही थी। वैन में ड्राइवर समेत 12-13 लोग सवार थे। इसी दौरान रैता ब्रिज पर सामने से आ रहे सीमेंट मिक्सर से टक्कर हो गई। राहगीरों ने बताया कि दोनों गाड़ियां स्पीड में थीं।

एक लाख रिश्वत लेते...

लगी। इसके बाद अधिकारी ने अजीत को अवैध बीज भंडारण का मामला बनाकर कार्रवाई करने की धमकी दी और इससे बचने के लिए 3 लाख रुपए की रिश्वत की मांग रखी।

पीलिया के 7 और मरीज मिले: सांसद बघेल ने किया प्रभावित क्षेत्र का दौरा

भिलाई/नवप्रदेश। वार्ड-67 सेक्टर 7 पश्चिम सड़क 37 ए भिलाई नगर में पीलिया के 7 नए मरीज मिले हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 65 घरों का भ्रमण किया। पीलिया से ग्रसित 7 नए मरीजों की पहचान की गई है। इस प्रकार संक्रमित क्षेत्र में अब तक पीलिया के कुल 31 मरीज़ मिल चुके हैं। इसमें से 1 मरीज को आज अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस भिलाई में 3, पल्स हास्पिटल, भिलाई में 1 मरीज का उपचार चल रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के निर्देशन और डॉ सीबीएस बंजारे, जिला सर्वेलेंस अधिकारी, दुर्ग के मार्गदर्शन में 12 अप्रैल को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। टीम में डॉ. पियाम सिंग, प्रभारी अधिकारी, सिविल हॉस्पिटल सुपेला भिलाई व रितीका सोनवानी, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, दुर्ग विजय सेजुले, सुपरवाइजर, हितेन्द्र कोसरे, बीईटीओ व स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता और मितानि उपस्थित रहे। डॉक्टरों ने बताया कि

वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है। पीलिया प्रदूषित जल व भोजन से फैलने वाला संक्रामक रोग है जो विषाणुओं के संक्रमण से होता है। विषाणुओं के शरीर में प्रवेश करने के 15 से 50 दिनों के भीतर बीमारी के लक्षण प्रगट होते है।"

सांसद बघेल ने निःशुल्क इलाज और जांच के निर्देश दिए

सांसद विजय बघेल ने आज सुबह सेक्टर-7 स्थित शंभू महादेव हनुमान सेवा समिति क्षेत्र के पीलिया प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उन्होंने पीलिया से ग्रसित मरीजों के घर पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना और परिजनों से चर्चा कर जानकारी ली। सांसद ने बीएसपी प्रबंधन द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में वर्षों पुरानी पेयजल पाइपलाइन बिछी हुई है। कई स्थानों पर लीकेज की समस्या सामने आ रही है। पाइपलाइन सुधार कार्य जारी है। क्षेत्रवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। सांसद ने बताया कि स्थानीय निवासियों ने जांच शुल्क अधिक होने की समस्या से अवगत कराया। सांसद ने कहा कि सभी प्रकार की जांच और उपचार निःशुल्क किया जाए और उन्नत व महंगी जांच किट के माध्यम से सभी आवश्यक जांच की जाए। उन्होंने जिला प्रशासन से प्रभावित क्षेत्र में तत्काल चिकित्सा शिविर लगाने कहा। शुद्ध पेयजल की सप्लाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने और सभी मरीजों का पूर्ण उपचार निःशुल्क कराने के निर्देश दिये। मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉ. सीबीएस बंजारे से भी उन्होंने मरीजों की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली।

इस अवसर पर बीएसपी वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष उज्जवल दत्ता, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, भाजपा नेता सोनू पंडित, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू, डागेश्वर परगनिहा, खूबचंद बघेल, प्रकाश सांवत, सुधीर बंसल, नासिर, रजनीकांत अग्रवाल, श्रीकांत ताम्रकार सहित अन्य जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

भैरमगढ़ में हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा और गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला फूंका

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र में बीते दिनों एक नाबालिग बालिका के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की जघन्य घटना ने पूरे जिले को झकझोर दिया है। इस अमानवीय वारदात के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने सोमवार को जिला मुख्यालय बीजापुर में प्रेस वार्ता किया और भाजपा व छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला फूँका और जमकर नारेबाजी की।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, ÷जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है, तब से बीजापुर समेत पूरे बस्तर संभाग में दुष्कर्म और महिलाओं-बच्चियों के खिलाफ अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। संयोग से इनमें से कई घटनाओं के पीछे भाजपा के सक्रिय नेता और कार्यकर्ता ही शामिल पाए जा रहे हैं। यह साफ दिखाता है कि भाजपा शासन में कानून का राज नहीं, बल्कि अराजकता और जंगलराज का राज चल रहा है।÷

विधायक विक्रम मंडावी ने भैरमगढ़ की घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए आगे कहा ÷एक तरफ भाजपा सरकार 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का बड़ा-बड़ा नारा देती है, और दूसरी तरफ उसी भाजपा के लोग नाबालिग बच्चियों के साथ दरिंदगी कर रहे हैं। यह बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। भाजपा के राज में न तो बेटियां सुरक्षित हैं, न ही आम नागरिक। बीजापुर सहित पूरे प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। सरकार के पास ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कोई ठोस योजना या इच्छाशक्ति नहीं है।÷ विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा, यदि सरकार ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाती है तो आने वाले दिनों में ऐसी घटनाओं के खिलाफ और भी उग्र प्रदर्शन किए जाएंगे। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए सड़क पर उतरने को मजबूर हैं।÷ प्रेस वार्ता और प्रदर्शन व पुतला फूँकने के दौरान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे, जनपद अध्यक्ष सोनू पोटाम, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष व पार्षद बेनहुर रावतिया, मीडिया प्रभारी राजेश जैन, पूर्व युवा आयोग सदस्य प्रवीण डोंगरे, शहर कांग्रेस अध्यक्ष पुरुषोत्तम खत्री, कविता यादव, राजीव सिंह, कल्याण सिंह, बाबूलाल राठी, एमैया जंगम, जग्गी सेन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आईपीएल पर ऑनलाइन सट्टा, 3 गिरफ्तार

दुर्ग। ऋषभ नगर स्थित एक मकान में आईपीएल क्रिकेट मैच (चेन्नई बनाम दिल्ली) के दौरान ऑनलाइन सट्टा संचालित होने की सूचना मिलने पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस और एसीसीयू टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की। मौके पर तीन व्यक्ति मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा संचालित करते पाए गए। लोगों से संपर्क कर मैच में हार-जीत पर पैसों का दांव लगाया जा रहा था। पूछताछ में आरोपियों द्वारा सट्टा संचालन करना स्वीकार किया गया। मामले में प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। आरोपियों में विकास जैन (45) निवासी ऋषभ नगर, रौनक ताम्रकार (38) निवासी शिवपारा, प्रवीण ताम्रकार (20) निवासी गवलीपारा, दुर्ग शामिल हैं। आरोपियों के पास से 4 नग मोबाइल फोन (कीमत लगभग 40,000 रुपए) के साथ नगद रकम 9810 रुपये जब्त किये गए। इस कार्रवाई में थाना सिटी कोतवाली के उनि निर्मल सिंह ध्रुव, प्रधान आरक्षक राकेश निर्मलकर, आरक्षक कमलकांत अंगूरे, केशव कुमार, गजेन्द्र यादव व एसीसीयू टीम के सउनि संतोष मिश्रा, गुप्तेश्वर सिंह, भरत यादव, प्रधान आरक्षक प्रदीप सिंह, आरक्षक नासिर बक्श, जुगनू तिवारी व महिला आरक्षक प्रतिभा तिवारी की सराहनीय भूमिका रही।

13 वां ध्वजारोहण महोत्सव 14 से

दुर्ग। ऋषभ नगर जैन श्वेतांबर मंदिर और दादाबाड़ी में 13 वां ध्वजारोहण महोत्सव 14 व 15 अप्रैल को ऋषभ नगर श्वेतांबर जैन मंदिर और जिन दत्त और दादाबाड़ी ट्रस्ट के आतिथ्य में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। ऋषभ नगर उत्सव समिति के अध्यक्ष योगेश बरडिया ने बताया कि जिनालय में ध्वजारोहण और दादाबाड़ी में अमर ध्वज फहराया जाएगा। 14 अप्रैल 2026 को पक्षाल पूजा 18 अभिषेक महापूजन दादा गुरुदेव का पूजन गौतम प्रसादी और महा आरती के बाद रात्रि में मीत जी लुक्कड़ अहमदाबाद द्वारा भक्ति संध्या और भाव यात्रा का आयोजन किया जाएगा। 15 अप्रैल को सुबह पक्षाल पूजा ध्वजा की भव्य शोभायात्रा ऋषभ कॉलोनी में निकलेगी। ऋषभ नगर जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट के उत्तम बरडिया और उत्सव समिति के अध्यक्ष योगेश बरडिया ने आयोजनों में सभी जैन परिवारों से उपस्थिति की अपील की है।

पेंशन योजनाओं का भुगतान लंबित, सरकार की अक्षमता उजागर: साहू

कुम्हारी। प्रदेश में संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के अंतर्गत आने वाले हितग्राहियों को कई महीनों से पेंशन राशि नहीं मिल रही है। पार्षद लेखराम साहू ने कहा है कि वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा पेंशन और मुख्यमंत्री पेंशन योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के तहत अक्टूबर व दिसंबर माह से भुगतान लंबित है। इन योजनाओं का भुगतान बीडीटी के माध्यम से किया जाता है। हितग्राहियों को समय पर राशि नहीं मिल पा रही है। पेंशनधारकों को दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए भटकना पड़ रहा है। साहू ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार के पास पर्याप्त वित्तीय संसाधन न होने से भुगतान नहीं हो रहा है। लगातार देरी और प्रशासनिक उदासीनता से सरकार की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। यह स्थिति राज्य सरकार की नाकामी को उजागर करती है। इससे आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि लंबित पेंशन राशि का तत्काल भुगतान सुनिश्चित किया जाए और भविष्य में ऐसी स्थिति निर्मित ना होने देने के लिये ठोस और पारदर्शी व्यवस्था लागू करें।

मातृशक्ति के भाग्य और भविष्य को लेकर होगा महत्वपूर्ण फैसला: सांसद लक्ष्मी वर्मा

दुर्ग/नवप्रदेश। राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने दुर्ग सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 भारत के लोकतंत्र में एक क्रांतिकारी कदम है।

इस क्रांतिकारी कदम को उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि पूर्व में दूसरे दलों ने यह विधेयक लाने का फैसला किया लेकिन सदन में रखने की हिम्मत नहीं जुटा पाए।

राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि तमाम राजनीतिक दलों ने महिलाओं को केवल वोट बैंक के तौर पर देखा, लेकिन उनका

अधिकार किसी ने नहीं दिया। देश की आधी आबादी को उनका अधिकार प्रधानमंत्री मोदी ने दिया है। सबके विकास में महिलाओं को जोड़ा। लोकतंत्र में महिलाओं को विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत का आरक्षण दिया जाएगा। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर प्रधानमंत्री मोदी ने नारीत्व का सम्मान किया है।

उन्होंने इतनी ताकत के साथ भारत की संसद में इस अधिनियम को रखा है। जब इस अधिनियम को संसद के पटल पर रखा गया, तब परिस्थितियाँ सकारात्मक नहीं थीं। आने वाले समय में लोकसभा में संशोधन के साथ यह बिल पारित होगा। सांसद ने आगे कहा कि 9667173333 नंबर पर मिस्ड कॉल कर महिलाएं नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना धन्यवाद ज्ञापित कर सकती हैं।

सांसद ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी ने की, जिसका सकारात्मक परिणाम आया है। आज महिलाएं नीति-निर्धारक भी हैं, केवल नीति के लाभार्थी नहीं हैं। महिलाएं अब नीति बनाएंगी। जब महिलाएं सदन में बड़ी संख्या में बैठेंगी तो सकारात्मक परिणाम आएगा, जो भारत की राजनीति को परिवर्तित करेगा। प्रेस वार्ता में महापौर अलका बाघमार, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री कुमुद बघेल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर, जिला महामंत्री डॉ भारती साहू, गायत्री परिवार प्रमुख विनीता तिवारी उपस्थित रहे।

वैशाली नगर विधायक को प्रदेश सरकार की हेल्पलाइनों पर भरोसा नहीं: चंद्राकर

भिलाईनगर/नवप्रदेश। भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के एआई एंपॉवर्ड प्लेटफार्म जनता कमल सेतु पर आश्चर्य जताया है। मुकेश ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व में ही लोगों की शिकायतें दूर करने के लिए दर्जन भर से ज्यादा हेल्पलाइन चलाए जा रहे हैं। शायद विधायक को इन हेल्पलाइनों पर भरोसा नहीं है। यही कारण है कि वे लोगों की समस्याएं दूर करने साय सरकार के समानांतर सरकार चला रहे हैं। चंद्राकर ने कहा कि आम जनता को होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश सरकार द्वारा दर्जन भर से ज्यादा हेल्पलाइन जारी किए गए हैं। वैशाली नगर विधायक ने जिस तरह से लोगों की समस्याएं दूर करने व्यक्तिगत रूप से नया प्लेटफार्म बनाया है, उससे स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन काम नहीं कर रहे, यह सिर्फ कागजों पर हैं। चंद्राकर ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ जन शिकायत पोर्टल निदान 1100 की शुरुआत काफी समय से की गई है। इस

पोर्टल में आम जनता किसी भी क्षेत्र की समस्या रख सकती है जिसका समाधान त्वरित गति से होने का दावा प्रदेश सरकार करती है। पुलिस से संबंधित, महतारी एक्सप्रेस, संजीवनी एक्सप्रेस, स्वास्थ्य सेवा एवं परामर्श केंद्र, वीमेन हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन, विद्युत समस्या, राशन कार्ड, रेलवे और किसानों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए दर्जन भर से ज्यादा हेल्पलाइन मौजूद हैं। चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जारी इन हेल्पलाइनों को विधायक असरहीन समझते है। इसी कारण उन्होंने 57 लाख रुपए खर्च कर उन्होंने नया पोर्टल जनता कमल सेतु बनाया है। दावा किया जा रहा है कि इस पोर्टल से भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और सरकारी कामकाज में जवाबदेही का दावा हास्यास्पद है।

बच्ची से रेप, कांग्रेस ने किया विरोध-प्रदर्शन

भिलाई/नवप्रदेश। उतई में 5 साल की बच्ची से रेप और हत्या के प्रयास के विरोध में आज कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। पुतला जलाने के दौरान गिरधर मंडावी आग में झुलस गया। आग बुझाकर उसे बचाया गया। गौरतलब है कि 10 अप्रैल को आरोपी ने बच्ची को चॉकलेट दिलाने का लालच देकर घर ले गया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। बच्ची के बेहोश होने पर आरोपी ने उसे मृत समझकर बोरी में भरकर कचरे में फेंक दिया था। बच्ची को खोज रहे युवकों ने कुएं के पास एक

बोरा पड़ा देखा। शक होने पर बोरा खोलकर देखा गया तो अंदर बच्ची मिली। उसका मुंह तकिये के कवर से बंधा था। वह डरी-सहमी हालत में थी। बच्ची स्कूल से लौटने के बाद चॉकलेट लेने के लिए दुकान गई थी। इसी आधार पर पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की और आसपास के लोगों से उसकी पहचान करवाई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी धनेश्वर साहू उर्फ जनता (40) को हिरासत में लिया। आरोपी मजदूरी करता है। करीब एक साल से पत्नी अपने दो बच्चे के साथ पति को छोड़ मायके में रह रही है। हिरासत में लिए जाने के समय आरोपी काफी नशे में था। पूछताछ के दौरान उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

पुलिस ने मौके से एक बोरा, तकिया कवर और घटना के समय पहने गए कपड़े भी जब्त किए हैं। मेडिकल जांच के बाद रेप की पुष्टि हुई। पुलिस ने आरोपी को शनिवार को अरेस्ट किया था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी का जुलूस निकाला गया। इस दौरान उसे मिर्गी के झटके आए। इधर बच्ची के परिजनों का कहना है कि घटना के बाद बच्ची गहरे सदमे में है। किसी से बात भी नहीं कर पा रही है। डॉक्टरों के अनुसार उसकी स्थिति फिलहाल सामान्य है। बच्ची के स्वास्थ्य पर डॉक्टरों के साथ-साथ पुलिस विभाग के अधिकारी भी लगातार नजर बनाए हुए हैं। पुलिस के आला अधिकारी परिजनों के संपर्क में हैं।

भिलाई विधायक देवेंद्र बोले - बेहद दुखद घटना

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने इस घटना को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि इस तरह की हैवानियत समाज में बिल्कुल भी नहीं होनी चाहिए। ऐसे लोग समाज में कैसे रह रहे हैं, यह एक बड़ा सवाल है। न तो इनके अंदर संवेदनशीलता है और न ही समझ। ऐसी घिनौनी हरकत करने की हिम्मत इनमें कैसे आ जाती है, यह समझ से परे है।

कव्वाली का आयोजन 15 को

दुर्ग। वार्ड 12 में कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन 15 अप्रैल को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के महान जीवन, उनके संघर्ष और उनके द्वारा दी गई प्रेरणादायक शिक्षाओं को समर्पित है। इस दौरान बाबा साहेब के जीवन के उन पहलुओं को सामने लाने का प्रयास करेंगे, जिन्होंने समाज को नई दिशा दी और समानता, शिक्षा तथा आत्मसम्मान का मार्ग दिखाया। कव्वाली की मनमोहक प्रस्तुतियां होंगी। बाबा साहेब के विचारों को गीतों और शब्दों के माध्यम से प्रस्तुत होगा।

भाजपा का 'वार्ड चलो अभियान: वार्ड-20 में जनसंपर्क और संवाद का आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस पर पार्टी के प्रदेश नेतृत्व व जिला भिलाई के निर्देशानुसार गाँव चलो, वार्ड चलो अभियान का आयोजन किया गया। वैशाली नगर मंडल के शक्ति केंद्र क्रमांक 17, वार्ड 20 में सघन जनसंपर्क किया गया। मंडल अध्यक्ष शशि भगत के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन उपस्थित रहे। विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ वार्ड का भ्रमण किया और केंद्र व राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रिकेश सेन ने कहा कि भाजपा का यह अभियान केवल एक

औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता से सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार की उपलब्धियों को हर घर तक पहुँचाएं और आमजन की समस्याओं के निराकरण में तत्परता दिखाएं। अभियान में संगठन की मजबूती और सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जिला व मंडल स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रमुख रूप से जिला कोषाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, जिला मंत्री पारस जंघेल, पार्षद प्रदीप सेन, स्मृति दौड़के, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष सिंह, प्रदेश झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ कोषाध्यक्ष नागेंद्र सिंह, मंडल महामंत्री मोतीलाल श्रीवास्तव, अंकुर शर्मा, युवा मोर्चा जिला महामंत्री विनय सेन, उपाध्यक्ष शैलेंद्र सक्सेना, संजय साहू, मंत्री नैन टंडन उपस्थित थे।

श्री शंकराचार्य में उद्यमिता जागरुकता पर व्याख्यान

भिलाई/नवप्रदेश। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय में उद्यमिता पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मिनिस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल विभाग की ओर से डॉ प्राची उपस्थित थीं। भारत विकास परिषद की सदस्य डॉ प्राची ने कहा कि उद्यमिता जागरूकता का लक्ष्य आत्मनिर्भरता होना चाहिए। हैंडीक्राफ्ट और कम लागत में बनने वाली कलात्मक वस्तुएं भी कमाई का जरिया बन सकती है।

डॉ प्राची ने कहा कि वस्तुओं की उपयोगिता तभी है, जब हम इसे अपने जीविकोपार्जन का साधन बना सकें। वस्तु को एक नया आयाम देकर बाजार में नए कलेवर के साथ प्रस्तुत किया

जाता है। इससे वस्तु की स्वत मांग उत्पन्न होने लगती है। उपभोक्ताओं की रुचि, समय और फैशन का ध्यान रखते हुए उत्पादन करना चाहिए। अपने स्किल और रचनात्मकता के माध्यम से स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं और दूसरों को भी रोजगार दे सकते हैं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना झा ने कहा कि केवल डिग्री के भरोसे बैठना पर्याप्त नहीं है। आज की दुनिया कौशल और रचनात्मकता की मांग करती है।

एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ

कुम्हारी/नवप्रदेश। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ मनोज दानी के मार्गदर्शन और खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ रचना अग्रवाल के निर्देशन में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ अविनाश पाठक के देखरेख में एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा और जीवनदीप समिति के अध्यक्ष विनोद साहू की उपस्थिति में बालिकाओं को एचपीवी के टीके लगाए गए।

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महाप्रबंधक, कांकेर वृत्त, कांकेर (छ.ग.)

अधिसूचना क्रमांक/ल.व.स./ते.प./परिवहन/2026/I — कांकेर, दिनांक/13/04/2026

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण की सूचना

कांकेर वृत्त के अंतर्गत संग्रहण वर्ष 2026 के तेन्दूपत्ता बोरों का मुख्य गोदाम तक परिवहन हेतु निम्नानुसार सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

विवरण	प्रथम निविदा		द्वितीय निविदा (प्रथम निविदा निरस्त / असफल होने पर)		तृतीय निविदा (द्वितीय निविदा निरस्त /असफल होने पर)	
	दिनांक	समय	दिनांक	समय	दिनांक	समय
निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि	27.04.2026	05.00 बजे तक	29.04.2026	05.00 बजे तक	04.05.2026	05.00 बजे तक
निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि/समय	28.04.2026	01.00 बजे तक	30.04.2026	01.00 बजे तक	05.05.2026	01.00 बजे तक
निविदा फार्म खोलने की तिथि / समय	28.04.2026	02.00 बजे से	30.04.2026	02.00 बजे से	05.05.2026	02.00 बजे से
नीलाम	अनिर्वर्तित परिवहन समूहों का नीलाम दिनांक 06.05.2026 को 12.00 बजे से किया जावेगा।					
निविदा खोलने का स्थान	कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महाप्रबंधक कांकेर वृत्त कांकेर					

उपरोक्तानुसार सीलबंद निविदा अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में नियत तिथि/समय तक प्राप्त व जमा की जा सकेगी। आमंत्रित निविदाओं की निविदा फॉर्म, शर्तें एवं विस्तृत विवरण वृत्त कार्यालय कांकेर अथवा अधीन जिला यूनियनों से प्राप्त की जा सकती है। उक्त आमंत्रित निविदा अपरिहार्य कारण निर्मित होने की स्थिति में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निरस्त भी किया जा सकता है।

मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महाप्रबंधक
कांकेर वृत्त कांकेर

संवाद - 47504/2

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर
(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है -

स. क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक/ दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत(रु.लाख में)
1	188658 द्वितीय आमंत्रण 08.04.2026	जिला मोहला मानपुर अं.चौकी के कहडबरी से लोहत्तर (राज्य मार्ग क्र. 06) मार्ग के कि.मी.1 से 7/6 = 6.60 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य ।	422.74
2	188661 चतुर्थ आमंत्रण 09.04.2026	जिला निर्माण समिति मद अंतर्गत छिन्दनार से कौरगांव मार्ग में हान्दावाड़ा नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य, जमा मद।	573.01
3	188598 प्रथम आमंत्रण 09.04.2026	छाल से खरसिया मार्ग (राज्यमार्ग 18) के कि.मी. 45/6 से 49/8 (100) (कुल लंबाई 4.30 कि.मी.) का मजबूतीकरण का कार्य, जमा मद।	1529.10
4	188722 प्रथम आमंत्रण 09.04.2026	जिला जशपुर के ग्राम बगिया में विश्रामगृह भवन का निर्माण कार्य।	296.13
5	188726 प्रथम आमंत्रण 09.04.2026	पेण्ड्रीडीह चौक से नेहरू चौक मार्ग के कि. मी. 1/2 से 16/4 (75 मी.) = 15.375 कि.मी. का मजबूतीकरण निर्माण कार्य।	4038.57

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 01 दिनांक 27.04.2026 सं.क्र. 02 दिनांक 21.04.2026 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 04.05.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

जी- 262700157/5

विधायक सुशांत ने किया 12 करोड़ से अधिक के कार्यों का शिलापूजन व लोकार्पण

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में विकास उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें 12 करोड़ 16 लाख 97 हजार की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शिलापूजन और लोकार्पण किया गया। विधायक सुशांत शुक्ला ने कोनी स्थित बस डिपो में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सिटी बस सेवा का शुभारंभ किया। विधायक सहित जनप्रतिनिधियों ने सिटी बस की सवारी भी की। दरअसल, रविवार को विधायक सुशांत शुक्ला ने कोनी स्थित बस डिपो से सिटी बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन से बेलतरा रूट

रेलवे स्टेशन से होकर, तारबाहर चौक, पुराना बस स्टैंड, नेहरू चौक, सरकंडा, राजकिशोर नगर, मोपका, लगरा, रेंदा, पंधी, मटियारी, मोहदा, सेलर, खैरा, डनगनिया, टेकर, नेवसा, गिरौध, जाली होते हुए बेलतरा तक जाएगी। रेलवे स्टेशन से होकर तारबाहर चौक, पुराना बस स्टैंड, नेहरू चौक, सरकंडा, कोनी, रमतला, सेंदरी, कछार, लोफंदी, अमतरा, चुमकांवा, पेंडरवा होते हुए रानी गांव और रतनपुर तक जाएगी।

शहर के साथ गांव के लोगों को मिलेगी सुविधाः महापौर

मेयर पूजा विधानी ने कहा कि, सिटी बस सेवा बेलतरा क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। हमारा लक्ष्य है कि आम जनता को कम खर्च में बेहतर सुविधाएं मिलें। शहरी और ग्रामीण विकास के बीच संतुलन बना रहे। सिटी बस शुरू होने से गांव के लोगों का शहर तक पहुंचने का मार्ग सस्ता औ सुलभ होगा।

बेलतरा में सांय-सांय हो रहा विकासः विधायक सुशांत

विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि, बेलतरा की जनता को बेहतर सड़क, परिवहन और आधारभूत सुविधाएं देना हमारी प्राथमिकता है। जो वादे किए गए थे, उन्हें हम धरातल पर उतार रहे हैं। आने वाले समय में बेलतरा एक आदर्श विधानसभा के रूप में स्थापित होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम अरूण साव के मार्गदर्शन पर बेलतरा में सांय-सांय विकास हो रहा है। गांव या आसपास कोई निर्माण कार्य हो रहा है, तो उसकी जानकारी रखें और गुणवत्ता सुनिश्चित करने में सहयोग करें। यदि कहीं सीसी रोड या अन्य निर्माण कार्य हो रहा है, तो एक बाल्टी पानी डालकर भी हम अपनी भागीदारी निभा सकते हैं। साथ ही यदि कहीं निर्माण में कोई कमी दिखाई दे, तो तत्काल अपने जनप्रतिनिधियों को अवश्य सूचित करें।

सिटी बस में सवार हुए विधायक महापौर

सिटी बस सेवा का शुभारंभ के बाद विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, एमआईसी सदस्य और पार्षदों ने सिटी बस की सवारी की। बस में सवार होकर सभी जनप्रतिनिधि अपने अगले कार्यक्रम के लिए रवाना हुए। बस राजकिशोर पहुंची, जहां हरश्रृंगार कॉलोनी में सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर विधायक शुक्ला ने कहा कि राजकिशोर नगर स्थित हरश्रृंगार सामुदायिक भवन से मध्यमवर्गीय परिवारों को सामाजिक आयोजनों के लिए सुलभ और किफायती जगह उपलब्ध होगा।

न्यूज गैलरी

2 सगी बहने गांजा बेचते गिरफ्तार, 5.98 लाख जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने गांजे के साथ 2 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। दोनों सगी बहन हैं, जो अपना बदलकर अलग-अलग इलाकों में गांजा बेचने का काम कर रही थीं। उनके पास से 5.98 लाख कैश, 6 किलो गांजा, स्कूटी और कार बरामद किया गया है। एसीसीयू की टीम ने सरकंडा पुलिस के साथ यह कार्रवाई की है। दरअसल, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि, मोपका के पाटलीपुत्र नगर और राजकिशोर नगर इलाके में दो महिलाएं गांजा बेचने का काम करती हैं। जिस पर टीम ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनाई। एससीसीयू की टीम ने सरकंडा पुलिस के साथ संयुक्त रूप से रेड कार्रवाई करते हुए उन्हें पकड़ लिया। छापेमारी के दौरान दोनों महिलाएं कार और स्कूटी में गांजा रखकर बिक्री करते हुए पकड़ी गईं। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके कब्जे से 6 किलो गांजा, 5 लाख 98 हजार रुपए कैश, कार और 2 स्कूटी के साथ 2 मोबाइल और 2 घड़ी बरामद किए। जब्त सामान की कुल कीमत 15 लाख 78 हजार रुपए बताई जा रही है। एसीसीयू प्रभारी और सीएसपी निमितेश सिंह ने बताया कि, गिरफ्तार महिलाओं की पहचान मानकी केंवट उर्फ विनिता जोशी 30 वर्ष और सुदामा केंवट उर्फ रानी यादव 40 वर्ष के रूप में हुई है। दोनों मस्तूरी क्षेत्र के जयराम नगर की रहने वाली हैं। अभी सरकंडा क्षेत्र में रह रही थीं। पुलिस की पूछताछ में पता चला है कि दोनों सगी बहन हैं और अपनी पहचान छिपाने के लिए अलग-अलग नामों का इस्तेमाल करती थीं। कार को किसी दूसरे की है, जिसे उन्होंने लिया था। पुलिस की पूछताछ में यह भी पता चला कि, आरोपी बहनों ने गांजा बिक्री से कमाए पैसों से स्कूटी खरीदी थी, जिसका इस्तेमाल वे सप्लाई के लिए करती थीं। पुलिस ने बताया कि दोनों के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई हो चुकी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। वहीं, अब उनके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

फर्जीवाड़ा करने वाले स्कूलों की जांच और कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

निजी स्कूलों की मनमानी, एनएसयूआई ने डीईओ कार्यालय का किया घेराव

बिलासपुर/नवप्रदेश। सीजी बोर्ड का मान्यता लेकर सीबीएसई की मोटी फीस लेना, यूनिफार्म और किताबों को लेकर प्राइवेट स्कूलों द्वारा बरती जा रही मनमानी के खिलाफ एनएसयूआई ने मोर्चा खोल दिया है। एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रंजेश सिंह के नेतृत्व में छात्र संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जिला शिक्षा अधिकारी का कार्यालय का घेराव कर दिया। प्रदेश सचिव ने मनमानी बरतने वाले स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव रंजेश सिंह ने प्राइवेट स्कूल प्रबंधन द्वारा मान्यता के नाम पर किए जा रहे फर्जीवाड़ा और उसके बाद सीबीएसई के नाम पर पालकों से वसूली जा रही मोटी फीस पर तत्काल रोक लगाने और ऐसे स्कूलों की मान्यता रद्द कर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। रंजेश ने कहा, प्राइवेट स्कूलों द्वारा प्री प्राइमरी की मोटी फीस वसूली जा रही है। इतनी फीस तो पीएचडी करने वाले शोधार्थियों को भी नहीं लगता। मनमानी फीस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। पुष्पराज साहू, प्रदीप सिंह, करन यादव, राजा खान, सुमित ठाकुर, वेद राठौर, जित्तू ठाकुर, अतुल रजक, आशीष यादव, सुदामा साहू उपस्थित थे।

तत्काल कार्रवाई की मांग

ज्ञापन सौंपने के दौरान रंजेश सिंह एवं संयुक्त संचालक पी दासरथी के बीच तीखी बहस हुई। अधिकारी द्वारा 'दो दिनों में जानकारी उपलब्ध कराने' की बात कही गई, जिस पर रंजेश सिंह ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा, यह मामला सीधे विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा हुआ है और इसमें किसी भी प्रकार की देरी अस्वीकार्य है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक तत्काल कार्रवाई के ठोस निर्देश जारी नहीं होते, तब तक वे पीछे नहीं हटेंगे। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि समयबद्ध एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की गई, तो संगठन द्वारा व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा तथा आवश्यक होने पर न्यायालय की शरण भी ली जाएगी।

मान्यता का उल्लंघन करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई

जिले में संचालित निजी विद्यालयों द्वारा की जा रही गंभीर अनियमितताएं की जा रही है। मान्यता नियमों का सीधे तौर उल्लंघन, बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों को शामिल ना कराना, महंगी निजी पब्लिसर्स की किताबों कीअनिवार्यता, अत्यधिक शुल्क वसूली एवं वित्तीय अपारदर्शिता के विरोध में आज एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रंजेश सिंह के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिला शिक्षा अधिकारी की अनुपस्थिति में यह ज्ञापन कार्यालय में उपस्थित संयुक्त संचालक पी दासरथी को सौंपा गया। ज्ञापन में विशेष रूप से सेंट जेवियर्स स्कूल ग्रुप, केपीएस ,अचीवर्स एसएस पब्लिक स्कूल सहित जिले के कई निजी विद्यालयों में चल रही अनियमितताओं को उजागर करते हुए निष्पक्ष जांच एवं कठोर कार्रवाई की मांग की गई।

बिना मान्यता उच्च कक्षाओं का कर रहे संचालन

रंजेश सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा, कई विद्यालय बिना पूर्ण मान्यता के उच्च कक्षाएं संचालित कर रहे हैं। शासन एवं उच्च न्यायालय के निर्देशों के बावजूद विद्यार्थियों को सीजी बोर्ड की परीक्षाओं में सम्मिलित नहीं कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें जबरन लागू कर अभिभावकों पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है, जो सीधे तौर पर नियमों का उल्लंघन एवं संभावित कमीशनखोरी को दर्शाता है। एनएसयूआई पदाधिकारियों के दबाव को देखते हुए अंततः संबंधित अधिकारी द्वारा तत्काल संज्ञान लिया गया और मौके पर ही अधीनस्थ अधिकारियों को नोटिस जारी करने तथा जांच प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, आवश्यक पत्र जारी करने की प्रक्रिया तत्काल शुरू की गई।

अंबेडकर जयंती पर जिले की 486 ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाएं आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कल 14 अप्रैल को जिले की सभी 486 ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। ग्राम सभाओं में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के लिए विस्तृत एजेंडा भी निर्धारित किया गया है।

कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 14 अप्रैल को आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में पूर्व ग्राम सभा में पारित प्रस्तावों के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी। साथ ही पंचायतों के आय-व्यय का अनुमोदन, विकास कार्यों की प्रगति, स्वीकृत एवं व्यय राशि का वाचन भी किया जाएगा।ग्राम सभाओं में पंचायतों के कर निर्धारण एवं वसूली, ऑनलाइन प्रणाली के उपयोग को बढ़ावा देने तथा बकाया राशि की समीक्षा पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके अलावा पंचायतों के अधिकारियों-कर्मचारियों के लंबित लेखा-जोखा की जानकारी भी प्रस्तुत की जाएगी। राज्य शासन के निर्देशानुसार सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी उपायों पर चर्चा कर जनजागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया जाएगा। साथ ही अवैध नामांतरण एवं बंटवारे के मामलों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। ग्राम पंचायतों के प्रदर्शन मूल्यांकन (पीआईएस) के अंतर्गत प्राप्त अंकों का ग्राम सभा में प्रदर्शन कर पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर भी चर्चा की जाएगी। इसके अतिरिक्त ग्राम सभा में जरूरतमंद व्यक्तियों को वितरित किए गए खाद्यान्न की जानकारी, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन की स्थिति, ग्राम संपत्तियों के पंजीयन, तालाबों एवं बाजारों के प्रबंधन, पट्टों की समीक्षा जैसे विषय भी एजेंडा में शामिल किए गए हैं। अनुसूचित क्षेत्रों की पंचायतों में पेसा नियम 2022 के तहत प्रावधानों की जानकारी तथा टीबी मुक्त भारत अभियान पर भी विशेष चर्चा की जाएगी। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया है कि ग्राम सभाओं का आयोजन समय पर, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करें तथा अधिक से अधिक ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, जिससे ग्राम विकास से जुड़े निर्णयों में जन सहभागिता को बढ़ावा मिल सके।

पांडुलिपि संरक्षण के लिए खोज अभियान शुरू

ज्ञानभारत मिशन को गति : कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की पहली बैठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 'ज्ञानभारत मिशन' के तहत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान को जिले में गति दी जा रही है।

इसी क्रम में कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक के उपरांत समिति ने जिले में पांडुलिपियों की खोज का अभियान भी प्रारंभ कर दिया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलसचिव तारनिश गौतम, साहित्यकार विनय पाठक, सहायक संचालक शिक्षा पी. दासरथी तथा समग्र शिक्षा मिशन के समन्वयक ओम पांडे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान जिले में उपलब्ध प्राचीन पांडुलिपियों, ताड़पत्रों एवं हस्तलिखित ग्रंथों के चिन्हांकन, सर्वेक्षण और संरक्षण हेतु विस्तृत कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासकीय एवं निजी संग्रह केंद्रों, पुस्तकालयों, मंदिरों, मठों, आश्रमों और व्यक्तिगत संग्रहकर्ताओं के पास उपलब्ध पांडुलिपियों का व्यवस्थित सर्वेक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का सशक्त माध्यम है, जिसके लिए सभी विभागों के समन्वित प्रयास आवश्यक हैं।कलेक्टर ने जिले के नागरिकों, विद्वानों, संस्थाओं एवं निजी संग्रहकर्ताओं से अपील की है कि यदि उनके पास किसी भी प्रकार की प्राचीन पांडुलिपियां, ताड़पत्र या हस्तलिखित ग्रंथ सुरक्षित हैं, तो वे इसकी जानकारी प्रशासन को अवश्य दें। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में कई अमूल्य पांडुलिपियां नष्ट हो जाती हैं, जबकि 'ज्ञानभारत मिशन' का उद्देश्य इन्हें डिजिटल रूप में संरक्षित कर आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना है। इस अभियान को तकनीक से भी जोड़ा गया है। नागरिक 'ज्ञानभारत' मोबाइल ऐप के माध्यम से पांडुलिपियों की जानकारी साझा कर सकते हैं। सरल प्रक्रिया के तहत जानकारी दर्ज करने पर विशेषज्ञ टीम संबंधित व्यक्तियों से संपर्क कर संरक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ करेगी।

पांडुलिपि की तलाश में स्वयं निकले कलेक्टर

समिति की बैठक के पश्चात कलेक्टर के नेतृत्व में समिति के सदस्य पांडुलिपियों की खोज के लिए क्षेत्र भ्रमण पर निकले। इस दौरान वे बिलासपुर के शुभम विहार स्थित पूर्व कुलसचिव और शिक्षाविद नंद किशोर तिवारी के निवास पहुंचे, जहां पांडुलिपियों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। श्री तिवारी ने बताया कि बिलासपुर सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध रहा है और आज भी कई प्राचीन पांडुलिपियां मंदिरों, मठों और पुजारियों के पास सुरक्षित हैं। उन्होंने इस अभियान की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

करका में नशामुक्ति की दिशा में सशक्त पहल, महिलाओं की भूमिका अग्रणी

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। कोटा जनपद पंचायत के ग्राम करका में जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था, गनियारी एवं ग्राम पंचायत करका के आपसी समन्वय से शराब नशामुक्ति अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत ग्राम की महिलाओं ने एक सक्रिय समिति का गठन किया है, जो विद्यालयों, पंचायत बैठकों तथा सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जाकर लोगों को शराब के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर रही है।

समिति न केवल नशे के दुष्परिणामों पर जागरूकता फैला रही है, बल्कि नशे के आदी व्यक्तियों को उपचार, परामर्श एवं नशा छोड़ने में सहयोग भी प्रदान कर रही है। ग्राम पंचायत करका एवं जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के संयुक्त प्रयासों से ऐसे व्यक्तियों के पुनर्वास हेतु प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार एवं आजीविका से जोड़ने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से समाज में सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन लाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, जैसे—महिला हिंसा में कमी, युवाओं में नशे के प्रति समझ विकसित करना, सामाजिक मान-सम्मान की वृद्धि, गांव की सुरक्षा सुदृढ़ करना, नशे की हालत में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, फिजूल खर्चों पर नियंत्रण तथा आपसी विवादों में कमी लाना। समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि इस माह आयोजित होने वाली ग्राम सभा में 'नशामुक्त ग्राम करका' बनाने हेतु प्रस्ताव पारित करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही, समाज के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं, शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं प्रशासन से सहयोग का आग्रह किया जाएगा। इस पहल को ग्राम पंचायत करका के सभी पंच-सरपंचों का पूर्ण समर्थन प्राप्त है, जो इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह अभियान ग्राम करका को नशामुक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल बनकर उभर रहा है।

निरीक्षणः कलेक्टर ने जनगणना प्रशिक्षण का किया निरीक्षण, गुणवत्ता पर दिया जोर, प्रगणकों का चार चरण में दिया जा रहा प्रशिक्षण

जनगणना कार्य में त्रुटि न हो, गंभीरता से कार्य करें: कलेक्टर

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी संजय अग्रवाल ने जनगणना कर्मियों के प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण करते हुए प्रशिक्षण की गुणवत्ता का जायजा लिया और अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी संजय अग्रवाल ने जिले में संचालित जनगणना कर्मियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का सरकंडा स्थित स्वामी आत्मानंद पंडित रामदुलारे बालक विद्यालय एवं लाल बहादुर शास्त्री हायर सेकेण्डरी स्कूल शनिचरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की प्रक्रिया, उपस्थित कर्मियों की सहभागिता तथा दिए जा रहे विषय-वस्तु की जानकारी ली। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स से प्रशिक्षण मॉड्यूल के बारे में विस्तार से चर्चा की और सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी कर्मियों को जनगणना के प्रत्येक बिंदु की स्पष्ट एवं व्यवहारिक जानकारी दी जाए। उल्लेखनीय है कि जिले में प्रगणकों का प्रशिक्षण चार चरणों में दिया जा रहा है। पहला चरण 13 से 15 अप्रैल, दूसरा चरण 16 से 18 अप्रैल, तीसरा 20 से 22 अप्रैल एवं चौथा 22 से 24 अप्रैल के बीच संपन्न होगा। राज्य में जनगणना के पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी। जिमसें 16 से 30 अप्रैल तक स्व गणना एवं 1 से 30 मई तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी। 1 से 30 मई 2026 तक प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी दर्ज करेंगे। हर मकान की जानकारी दर्ज की जाएगी। घर की स्थिति, सुविधाएं और मूलभूत जानकारी संकलित की जाएगी। जनगणना अधिनियम के तहत यह जानकारी पूरी तरह गोपनीय रहेगी।

जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें प्राप्त आंकड़े शासन की नीतियों एवं योजनाओं के निर्माण का आधार बनते हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी गणनाकार एवं पर्यवेक्षक पूरी गंभीरता, निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान फील्ड से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं पर विशेष ध्यान देने, डिजिटल एप्लीकेशन के उपयोग में दक्षता बढ़ाने तथा किसी भी प्रकार की शंका का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि प्रशिक्षण के दौरान उपस्थिति अनिवार्य सुनिश्चित की जाए और अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी शिवकुमार बनर्जी भी उपस्थित थे।

भाजपा को विजयश्री दिलाने मंथन

बिलासपुर/नवप्रदेश। बर्दमान में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल के मार्गदर्शन में जिला स्तर पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में छत्तीसगढ़ के सभी विधानसभा प्रवासियों के साथ आगामी चुनावों को लेकर गहन चर्चा करते हुए विजय का मंत्र प्रदान किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ से आए सभी प्रवासियों का उत्साहवर्धन करते हुए संगठनात्मक एवं चुनावी कार्ययोजना पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने और समन्वित प्रयासों के माध्यम से विजय सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता व क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी उपस्थित थे।

तीन साल का रिकॉर्ड टूटा, रूस से सस्ता तेल जमकर खरीद रहा भारत

रूस से औसतन 1.98 मिलियन बैरल प्रति दिन तेल का आयात

अमेरिका-ईरान युद्ध और होर्मुज रूट बंद होने का व्यापक असर भारत के तेल और गैस सप्लाई पर हुआ है। इस संकट से सबक लेते हुए भारत ने अपने रिजर्व को बढ़ाना शुरू कर दिया है। भारत बड़े पैमाने पर रूसी कच्चा तेल खरीद रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, रूस से कच्चे तेल का आयात 3 साल के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया है। गौरतलब है कि रोसनेफ़्ट और लुकोइल पर अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भारत ने रूसी कच्चे तेल की खरीद कम कर दी थी, लेकिन मध्य-पूर्व से आपूर्ति अनिश्चित होने के कारण, उसने फिर से जोर-शोर से रूसी तेल खरीदना शुरू कर दिया है। भारतीय रिफाइनरों ने पिछले दो महीनों में रूसी कच्चे तेल की खरीद बढ़ा दी है, और उन्हें उम्मीद है कि डोनल्ड ट्रम्प प्रशासन द्वारा संभावित प्रतिबंधों को लेकर चिंताएं कम होने के चलते, साल के बाकी समय में भी यह खरीद ऊंचे स्तर पर बनी रहेगी। भारत, जो दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है, पहले रूस से अपने कच्चे तेल का बहुत छोटा हिस्सा ही खरीदता था। 2022 के रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद यह स्थिति नाटकीय रूप से बदल गई; जब अन्य देशों ने रूस से दूरी बना ली, तब भारत ने भारी छूट का लाभ उठाते हुए समुद्री मार्ग से तेल खरीदने वाले सबसे बड़े देश के रूप में अपनी जगह बनाई। तेल मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा, "हमारी प्राथमिकता अपनी घरेलू मांग को पूरा करने के लिए जरूरी ऊर्जा हासिल करना है," जब उनसे पूछा गया कि रूसी तेल आयात करने के भारत के फैसले के लिए अमेरिकी छूट कितनी अहम थी।

तीस्ता सीतलवाड़ के पासपोर्ट पर अदालत सख्त

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट में सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ के पासपोर्ट को लेकर चल रही कानूनी लड़ाई ने नया मोड़ ले लिया है। अदालत ने उनके पासपोर्ट रिलीज करने की मांग वाली याचिका को तीन जजों की बेंच के पास भेज दिया है। यह मामला 2002 के गुजरात दंगों से जुड़े उस केस से जुड़ा है, जिसमें दस्तावेज गढ़कर निर्दोष लोगों को फंसाने के आरोप लगे थे। इस फैसले से साफ हो गया है कि अदालत इस मामले को गंभीरता से देख रही है और अंतिम फैसला बड़ी बेंच ही करेगी। सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने कहा कि चूंकि पहले जमानत तीन जजों की बेंच ने दी थी, इसलिए पासपोर्ट से जुड़ा फैसला भी वही बेंच करेगी। कोर्ट ने रजिस्ट्री को निर्देश दिया कि इस मामले को भारत के मुख्य न्यायाधीश के सामने रखा जाए।

यू वीजा के लिए धोखाधड़ी करने के आरोप में 10 भारतीय दोषी

बोस्टन(वार्ता)। अमेरिका के बोस्टन में एक संघीय ग्रैंड जूरी ने 10 भारतीय नागरिकों को सुविधा स्टोरों में फर्जी सशस्त्र डकैती के मामले में दोषी ठहराया है। इन डकैतियों का मकसद स्टोर क्लर्कों को आव्रजन आवेदनों में पीड़ित के रूप में फर्जी दावा करने की अनुमति दिलाना था। आरोपियों पर मार्च 2026 में आरोप लगाए गए थे। अभियोग पत्र में प्रत्येक प्रतिवादी पर वीजा धोखाधड़ी करने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है जिसके लिए अधिकतम पांच साल की जेल, तीन साल की निगरानी में रिहाई और 2,50,000 डॉलर का जुर्माना हो सकता है।

बंगाल की जनता ने लिया निर्णय, पांच मई को बनने वाली है भाजपा की सरकार

कोलकाता/ए.। पश्चिम बंगाल के बीरभूम में गृहमंत्री अमित शाह ने दो और पश्चिम बर्धमान में एक बड़ी चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने टीएमसी पर कड़ा प्रहार किया। शाह ने कहा बंगाल में पांच मई को भाजपा की सरकार बनने वाली है। मैं पूरे बंगाल में घूमता हुआ बीरभूम आया हूं। दीदी को टाटा-बाय-बाय कहने का निर्णय बंगाल की जनता ने ले लिया है। शाह ने कहा कि इस बार बीरभूम को एक रिकॉर्ड बनाना है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे सभी 11 सीटें भाजपा को दें और राज्य में भाजपा सरकार बनाएं।

शाह ने टीएमसी को दी चेतावनी

अमित शाह ने कहा कि बंगाल में चार मई के बाद डबल इंजन सरकार बनने वाली है। इसके साथ ही बंगाल के अंदर विकास का नया दौर शुरू होने वाला है। उन्होंने टीएमसी पर हमला करते हुए कहा कि इस पार्टी ने मयूरेश्वर को बम और बारूद की खदान बना दिया है। शाह ने आरोप लगाया कि 2013 से लेकर 2021 तक भाजपा कार्यकर्ताओं को बहुत परेशान किया गया है। उन्होंने टीएमसी के गुंडों को सख्त चेतावनी दी। शाह ने कहा, मैं आज टीएमसी के गुंडों को कहकर जाता हूं कि 23 अप्रैल को अपने घर में बंद रहना, वरना पांच मई को चुन-चुनकर जेल की सलाखों के पीछे डालने का काम हम करेंगे। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि 23 अप्रैल को ममता दीदी का कोई भी गुंडा उनका बाल भी बांका नहीं कर पाएगा। शाह ने सुरक्षा व्यवस्था पर जानकारी देते हुए कहा कि चुनाव आयोग ने यहां 800 से ज्यादा कंपनियां भेजी हैं। शांतिपूर्ण मतदान के लिए पूरे इंतजाम किए गए हैं, इसलिए किसी भी नागरिक को डरने की जरूरत नहीं है। अमित शाह ने कहा कि यह चुनाव घुसपैठियों को बाहर निकालने का चुनाव है। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता दीदी और भतीजा उनको नहीं निकाल सकते। वे तो बीएसएफ को बाड़ लगाने के लिए जमीन भी नहीं देते हैं।

घुसपैठियों को बाहर निकालेंगे

बिजेपी उन्होंने आगे कहा कि भाजपा न केवल बंगाल, बल्कि पूरे देश से चुन-चुनकर घुसपैठियों को बाहर निकालेगी। महिलाओं की सुरक्षा पर बात करते हुए शाह ने कहा कि ममता दीदी कहती हैं कि महिलाओं को शाम सात बजे के बाद बाहर नहीं निकलना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार बनने पर ऐसा बंगाल बनेगा, जहां रात एक बजे भी छोटी बच्ची स्कूटी पर सुरक्षित निकल सकेगी। शाह ने कहा भाजपा के शासन में संदेशखाली, आरजी कर, दुर्गापुर लॉ कॉलेज या साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज जैसी घटनाएं फिर कभी नहीं होंगी।

गृहमंत्री शाह ने टीएमसी पर साधा निशाना

ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा, दीदी, आपके गुंडों के बम धमाकों से बंगाल की जनता अब नहीं डरेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि बंगाल की जनता बम का जवाब बैलेट से देगी और भय का जवाब भरोसे से देगी। उन्होंने लोगों से कहा कि आप बैलेट मशीन पर कमल का निशान दबाइए, ममता के सारे गुंडों को ढूंढने का काम भाजपा की सरकार करेगी। गृहमंत्री ने कटमनी और सिंडिकेट का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि जनता इससे बहुत परेशान है। अगर किसी गरीब को घर बनाने के लिए ईंट या सीमेंट लाना है, तो ममता के सिंडिकेट वाले पैसे मांगते हैं। शाह ने वादा किया कि आप ममता को यहां से निकाल दो, कटमनी और सिंडिकेट वालों को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम भाजपा की सरकार करेगी।

खुदरा महंगाई दर मार्च में बढ़कर 3.40% पर पहुंचा

नई दिल्ली। खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में मामूली रूप से बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई, जबकि फरवरी में यह 3.21 प्रतिशत थी। सरकार ने सोमवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों के आधार पर, मार्च में खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की दर 3.87 प्रतिशत रही, जो पिछले महीने के 3.47 प्रतिशत से अधिक है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति क्रमशः 3.63 प्रतिशत और 3.11 प्रतिशत रही। हालांकि, यह मामूली उछाल तत्काल चिंता का विषय नहीं है क्योंकि समग्र मूल्य वृद्धि अभी भी 4 प्रतिशत के सुविधाजनक और प्रबंधनीय स्तर से नीचे बनी हुई है।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महंगाई का अंतर

आंकड़ों का गहराई से विश्लेषण करने पर स्पष्ट होता है कि शहरों की तुलना में गांवों में महंगाई का दबाव थोड़ा अधिक बना हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा महंगाई दर 3.63 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि इसके मुकाबले शहरी इलाकों में यह दर 3.11 प्रतिशत के निचले स्तर पर रही। यह अंतर स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि गांवों और शहरों के बीच मूल्य दबाव किस प्रकार भिन्न है।

अरुणाचल को लेकर भारत की चीन को दो टूक, 'झूठे दावे सच्चाई को नहीं बदल सकते'

नई दिल्ली। भारतीय स्थानों को मनगढ़ंत नाम दिए जाने पर विदेश मंत्रालय ने चीन की आलोचना की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भारत, चीन द्वारा भारत की भूमि का हिस्सा बनने वाले स्थानों को मनगढ़ंत नाम देने के किसी भी शरारती प्रयास को स्पष्ट रूप से खारिज करता है। उन्होंने कहा कि चीन द्वारा झूठे दावे करने और निराधार कथाएं गढ़ने के ऐसे प्रयास इस निर्विवाद वास्तविकता को नहीं बदल सकते कि अरुणाचल प्रदेश सहित ये स्थान और क्षेत्र भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा थे, हैं और हमेशा रहेंगे।

उन्होंने कहा कि चीन की ये कार्रवाइयां भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर और सामान्य बनाने के चल रहे प्रयासों को बाधित करती हैं। चीन को ऐसे कार्यों से बचना चाहिए जो संबंधों में नकारात्मकता पैदा करते हैं और बेहतर समझ बनाने के प्रयासों को कमजोर करते हैं। आपको बता दें कि 2017 के बाद चीन ने दिसंबर 2021 में 21 स्थानों के नाम बदलने का प्रयास किया। चीन ने अरुणाचल के 11 जिलों जिसमें तवांग से लेकर अंजॉ के स्टैंडर्ड नाम चीनी, तिब्बती और रोमन में जारी किए। हालांकि भारत ने तब चीन के इस कदम को अस्वीकार्य बताया और नए नाम रख देने से जमीनी सच्चाई नहीं बदल जाती। भारत ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अंग है और हमेशा रहेगा।

इससे पहले 9 अप्रैल को अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल केटी परनाइक (सेवानिवृत्त) ने गुरुवार को तवांग जिले में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास स्थित दूरदराज की सीमा चौकी 'खेन्जेमाने' का दौरा किया। वहां उन्होंने सैनिकों का मनोबल ऊंचा बनाए रखने, शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहने और हर समय मानसिक रूप से सतर्क रहने के लिए प्रोत्साहित किया।,

पवन खेड़ा के समर्थन में कांग्रेस मजबूती के साथ खड़ी : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को लेकर चल रही सियासत के बीच अब लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि कांग्रेस पवन खेड़ा के साथ खड़ी है और किसी भी तरह के दबाव या डर से पीछे नहीं हटेगी। यह बयान उस समय आया है जब असम सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर पवन खेड़ा को मिली ट्रांजिट अग्रिम जमानत को चुनौती दी है। इस पूरे मामले को ऐसे समझिए कि 10 अप्रैल को तेलंगाना हाईकोर्ट ने पवन खेड़ा को एक हफ्ते की ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी थी। खेड़ा ने यह राहत इसलिए मांगी थी क्योंकि असम पुलिस उनसे पूछताछ के लिए दिल्ली स्थित उनके घर पहुंची थी, लेकिन वह वहां नहीं मिले। बता दें कि ये पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब बीते पांच अप्रैल को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पवन खेड़ा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और उनकी पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने दावा किया था कि मुख्यमंत्री की पत्नी के पास कई पासपोर्ट और विदेशों में संपत्ति है, जिसकी जानकारी चुनावी हलफनामे में नहीं दी गई। हालांकि, हिमंता बिस्वा सरमा और उनकी पत्नी ने इन आरोपों को पूरी तरह झूठा और मनगढ़ंत बताया है।

होर्मुज को लेकर तनाव बढ़ा! अमेरिका आज से ईरान को ब्लॉक करेगा

अमेरिका के सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया पोस्ट में चेतावनी दी

वाशिंगटन/नई दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच चल रहा युद्ध कुछ समय के लिए रुक गया है। सीजफायर के बाद दोनों देशों के डेलीगेशन के बीच शांति वार्ता शुरू हुई थी, लेकिन वह बातचीत बेनतीजा रही। इसलिए, यूएस प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप और उनके सलाहकार ईरान पर मिलिट्री हमले फिर से शुरू करने और होर्मुज स्ट्रेट को ब्लॉक करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। इस बीच, यूएस ने चेतावनी दी है कि अगर होर्मुज स्ट्रेट सभी के लिए नहीं खोला गया, तो स ईरानी जहाजों और दूसरे देशों के जहाजों को ब्लॉक कर देगा। यूएस सेंट्रल कमांड ने घोषणा की है कि ईरानी नावों की ब्लॉकेड 13 अप्रैल को सुबह 10 बजे शुरू होगी, जो भारतीय समय के अनुसार शाम 7:30 बजे है। सेंट्रर कमांड ने कहा है कि यह ब्लॉकेड ईरानी पोर्ट और तटीय इलाकों में आने-जाने वाले सभी देशों के सभी जहाजों पर लागू होगी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, यूएस सेंट्रल कमांड ने कहा कि, राष्ट्रपति के ऐलान के मुताबिक, यूएस मिलिट्री ईरानी पोर्ट्स में आने-जाने वाले सभी समुद्री ट्रैफिक पर रोक लगाना शुरू कर देगी। यह रोक ईरानी पोर्ट्स और तटीय इलाकों का इस्तेमाल करने वाले सभी देशों के जहाजों पर लागू होगी। इसमें अरब की खाड़ी और ओमान की खाड़ी की सुविधाएं शामिल होंगी। सेंट्रर कमांड ने आगे कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से होकर गैर-ईरानी पोर्ट्स तक जाने वाले या वहां से आने-जाने वाले जहाजों के नेविगेशन की आज़ादी में कोई दखल नहीं दिया जाएगा। ओमान की खाड़ी और होर्मुज स्ट्रेट के आस-पास काम करते समय, कमर्शियल नाविकों को सलाह दी जाती है कि वे ऑफिशियल 'इन्फॉर्मेशन फॉर मैरिनर्स' ब्रॉडकास्ट पर नज़र रखें और 'ब्रिज-टू-ब्रिज चैनल 16' पर स नेवी फोर्स से संपर्क करें।

वीजा और एचडीएफसी बैंक भारतीय फैन्स को 'फीफा वर्ल्ड कप-2026' के ला रहे हैं और करीब

मुंबई। वीज़ा (एनवाईएसई :वी), जो डिजिटल पेमेंट्स में दुनिया की जानी-मानी कंपनी है और फीफा की ऑफ़िशियल पार्टनर भी है, ने आज भारत के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक, एचडीएफसी बैंक के साथ 'फीफा वर्ल्ड कप 2026' के लिए अपनी पार्टनरशिप का ऐलान किया। इस पार्टनरशिप के तहत वीज़ा और एचडीएफसी बैंक ने 'फीफा वर्ल्ड कप 2026' का एक लिमिटेड-एडिशन 'वीज़ा पिक्सल क्रेडिट कार्ड' लॉन्च किया है। इसके साथ ही, पूरे देश में एक खास 'स्पेंड एंड विन' कैंपेन भी शुरू किया गया है, जिससे भारतीय कस्टमर्स दुनिया के सबसे ज़्यादा इंतज़ार किए जाने वाले ग्लोबल स्पोर्ट्स इवेंट के और करीब आ सकेंगे।

मुंबई में एक शानदार लॉन्च इवेंट में इस ऐलान का जश्न मनाया गया। इस इवेंट में दुनिया भर में मशहूर फुटबॉल स्टार माइकल ओवेन भी मौजूद थे, जिन्होंने 'फीफा वर्ल्ड कप 2026' के रोमांच, बड़े पैमाने और ग्लोबल रुतबे को और भी खास बना दिया।

'फीफा वर्ल्ड कप 2026' का यह इकलौता लिमिटेड-एडिशन वीज़ा - पिक्सल क्रेडिट कार्ड, जो एचडीएफसी बैंक का डिजिटल-फ़र्स्ट और ऐप-बेस्ड क्रेडिट कार्ड है, आज के डिजिटल ज़माने के कस्टमर्स के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह कार्ड तुरंत जारी हो जाता है, इसमें अपनी पसंद के हिसाब से बदलाव किए जा सकते हैं और डिजिटल पेमेंट्स भी बिना किसी रुकावट के हो जाते हैं। फीफा की थीम वाला यह कार्ड 11 अप्रैल से एचडीएफसी बैंक के मौजूदा पिक्सल प्ले कस्टमर्स के साथ-साथ पिक्सल प्ले के नए आवेदकों के लिए भी उपलब्ध होगा। एचडीएफसी बैंक के पेमेंट पोर्टफोलियो में फीफा की साझेदारी ।

धुरंधरः द रिवेंज बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है; अब तक कितना कमाया?

मुंबई/ए.। सुपरस्टार रणवीर सिंह की स्पाई थ्रिलर 'धुरंधरः द रिवेंज' अभी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कर रही है। रिलीज़ के चौथे हफ़्ते में भी इस फ़िल्म का क्रेज कम नहीं हुआ है। फिल्म ने लगातार 25 दिनों तक बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा बनाए रखा है। फिल्म के जल्द ही 1700 करोड़ का आंकड़ा पार करने की उम्मीद है। 'सक्निलक' के डेटा के मुताबिक, 'धुरंधर 2' ने अपनी रिलीज़ के पहले दिन 102 करोड़ रुपये की ज़बरदस्त कमाई की थी। अब 25वें दिन, यानी चौथे रविवार को फिल्म ने 14.87 करोड़ रुपये जमा किए हैं। इसके साथ ही, भारत में कुल नेट कलेक्शन अब 1083 करोड़ रुपये हो गया है। भारत में कुल कलेक्शन 1297 करोड़ रुपये हो गया है। दुनिया भर के कलेक्शन को देखें तो इस स्पाई थ्रिलर ने अब तक 1,691 करोड़ रुपये कमाए हैं। यह फिल्म अब दुनिया की टॉप 5 सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई है। जल्द ही, 'धुरंधर 2' का मुकाबला 'पुष्पा 2' और 'बाहुबली 2' से होने वाला है।

फिल्म की स्टार कास्ट और डायरेक्शन

आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी यह स्पाई एक्शन-थ्रिलर फिल्म दर्शकों को पसंद आई है। रणवीर सिंह के साथ, फिल्म में संजय दत्त, आर. माधवन, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन और मानव गोहिल भी हैं।

महिला टी20 विश्व कप-2026 के लिए रिकॉर्ड इनामी राशि की घोषणा, जीतने वाली टीम होगी मालामाल

नई दिल्ली। महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रिकॉर्ड इनामी राशि की घोषणा की है। टूर्नामेंट की शुरुआत में अब कुल दो महीने यानी 60 दिन का समय शेष है। इससे पहले खेल की वैश्विक संस्था ने आगामी टूर्नामेंट के लिए इनामी राशि का एलान किया है। इस बार कुल इनामी राशि 8,764,615 डॉलर (82 करोड़ रुपये) रखी गई है, जो 2024 के मुकाबले लगभग 10 प्रतिशत ज्यादा है। 2024 में यह राशि 7,958,077 डॉलर (लगभग 74 करोड़ रुपये) थी। खास बात यह है कि इस बार टूर्नामेंट में पहली बार 12 टीमें हिस्सा लेंगी, जबकि पहले 10 टीमें खेलती थीं।

इनाम का वितरण

- विजेता टीम को मिलेगाः 2,340,000 डॉलर (लगभग 21.8 करोड़ रुपये)
- उपविजेता (रनर-अप) कोः 1,170,000 डॉलर (लगभग 10 करोड़ रुपये)
- दोनों सेमीफाइनल हारने वाली टीमों कोः 675,000 डॉलर प्रत्येक (लगभग 6.29 करोड़ रुपये)
- ग्रुप स्टेज में हर जीत परः 31,154 डॉलर (लगभग 29 लाख रुपये)
- सभी 12 टीमों को न्यूनतमः 247,500 डॉलर (लगभग 2.06 करोड़ रुपये)

क्या बोले आईसीसी के सीईओ?- आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने कहा कि महिला क्रिकेट तेजी से आगे बढ़ रहा है और इस तरह की बढ़ती इनामी राशि इस खेल को और मजबूत बनाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि टूर्नामेंट का विस्तार और बढ़ता निवेश महिला क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दे रहा है।

बस्तर से नक्सलवाद की काली घटाएं छटीं, अब लोकतंत्र का सूरज बिखेरेगा उजियारा

दो साल में निर्णायक बढ़तः सरेंडर, गिरफ्तारी और विकास की तिहरी मार, नक्सलवाद अब दोबारा पनपने की संभावना नहीं: शलभ सिन्हा

हनीफ निज़ामी/प्रसाद नायडू

जगदलपुर/नवप्रदेश। करीब 45 वर्षों तक नक्सल हिंसा की चपेट में रहा बस्तर अब निर्णायक बदलाव के दौर से गुजर रहा है। सुरक्षा अभियानों, तेज विकास और सामाजिक विश्वास के नए माहौल के बीच 31 मार्च को नक्सलवाद के 'सूर्यास्त' की घोषणा ने बहस को नया आयाम दिया है। बस्तर में बदली जमीनी हकीकत, माओवाद के भविष्य और ÷काउंटर नैरेटिव÷ की रणनीति पर जगदलपुर के एसपी शलभ सिन्हा से नवप्रदेश के संवाददाता हनीफनिज़ामी और प्रसाद नायडू ने विस्तार से बातचीत की।

प्रमुख अंश (इंटरव्यू):

प्रश्न 1: ग्राउंड रिपोर्ट क्या कहती है? अब कितने हार्डकोर माओवादी सक्रिय हैं?

उत्तर (एसपी शलभ सिन्हा): ज्यादातर माओवादी या तो सरेंडर कर चुके हैं, या गिरफ्तार किए जा चुके हैं, या न्यूट्रलाइज हो चुके हैं। जिले में माओवाद अब लगभग समाप्त हो चुका है। पिछले 6 महीनों में करीब 25 माओवादियों ने सरेंडर किया है, जबकि बीते दो साल में यह आंकड़ा लगभग 50 है।

प्रश्न 2: आपने चार नक्सल प्रभावित जिलों में काम किया है। क्या माओवाद की विचारधारा पूरी तरह खत्म हो सकती है?

उत्तरः यह इस बात पर निर्भर करता है कि हम काउंटर नैरेटिव कैसे सेट करते हैं। माओवाद ने सामाजिक असमानता के मुद्दे को लेकर हिंसा का रास्ता अपनाया। अब हमें गांव-गांव में यह भरोसा

प्रोफाइल: एसपी शलभ सिन्हा

- नक्सल प्रभावित इलाकों में लंबा अनुभव
- सुकमा, कांकेर, कवर्धा और बस्तर जैसे संवेदनशील जिलों में एसपी के रूप में तैनाती
- जमीनी रणनीति, जनसंवाद और इंटेलिजेंस-आधारित ऑपरेशन में विशेषज्ञता
- सुरक्षा और विकास के समन्वय मॉडल को लागू करने में अहम भूमिका
- सरेंडर और पुनर्वास नीति को प्रभावी बनाने में सक्रिय योगदान

दिलाना होगा कि समानता और विकास के लिए काम हो रहा है। जब आखिरी व्यक्ति तक विकास पहुंचेगा, तो लोग लोकतंत्र पर भरोसा करेंगे और यह विचारधारा स्वतः खत्म हो जाएगी।

प्रश्न 3: पहले ग्रामीण पुलिस का सहयोग नहीं करते थे। दो साल में यह बदलाव कैसे आया?

उत्तरः ग्रामीणों के सहयोग के बिना नक्सलवाद से लड़ना संभव नहीं था। हमने लगातार संवाद किया, उनका भरोसा जीता। पहले ग्रामीण पुलिस से डरते थे, सामने नहीं आते थे। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। सुरक्षा कैंपों के साथ विकास कार्य शुरू हुए, सुविधाएं बढ़ीं, टेक्नोलॉजी का उपयोग हुआ–इन सबने मिलकर विश्वास का माहौल बनाया।

प्रश्न 4: आत्मसमर्पित माओवादियों के पुनर्वास को लेकर क्या स्थिति है?

उत्तरः हम नियमित रूप से पुनर्वास केंद्रों में जाकर उनकी समस्याएं समझते हैं। बस्तर रेंज के आईजी पी. सुंदरराज के साथ मिलकर हम लगातार पुनर्वास केंद्रों का दौरा करते हैं और व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हैं। इसके अलावा, एक डीएसपी रैंक के अधिकारी को विशेष रूप से तैनात किया गया है, जो आत्मसमर्पित माओवादियों के पुनर्वास और सुविधाओं की निरंतर मॉनिटरिंग करता है। स्वास्थ्य सुविधाएं, अन्य सरकारी लाभ और बेहतर जीवन के अवसर सुनिश्चित किए जा रहे हैं। अभी तक किसी बड़े असंतोष की स्थिति सामने नहीं आई है।

प्रश्न 5: क्या आत्मसमर्पित माओवादी स्वरोजगार या राजनीति में रुचि दिखा रहे हैं?

उत्तरः ज्यादातर लोग उत्साह से कौशल प्रशिक्षण ले रहे हैं। ÷पंडुम कैफे÷ जैसे प्रयासों से उनमें आत्मविश्वास बढ़ा है। अधिकतर लोग अपने गांव लौटकर सामान्य जीवन जीना चाहते हैं, जबकि कुछ लोग जनसेवा या राजनीति में भी आना चाहते हैं।

प्रश्न 6: बस्तर में लैंड माइंस का खतरा अभी कितना गंभीर है?

उत्तरः यह चुनौती अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। हमारी फोर्स लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। आत्मसमर्पित माओवादियों से मिली जानकारी के आधार पर कई जगहों पर लैंड माइंस, हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं।

प्रश्न 7: जिन गांवों में माओवादियों ने हिंसा की, वहां अब क्या माहौल है?

उत्तरः कुछ गांवों में स्वाभाविक रूप से नाराजगी है, क्योंकि लोगों ने अपने परिजन खोए हैं। इसलिए हम यह सुनिश्चित करते हैं कि किसी आत्मसमर्पित माओवादी को गांव भेजने से पहले वहां का माहौल अनुकूल हो। सुरक्षा और सामाजिक संतुलन हमारी प्राथमिकता है।

प्रश्न 8: क्या असंतुष्ट माओवादी दोबारा संगठन में लौट सकते हैं?

उत्तरः पहले यह समझना होगा कि माओवाद पनपा कैसे। 1980 के दशक में सरकारी पहुंच और विकास की कमी थी। आज हालात पूरी तरह बदल चुके हैं–सड़क, मोबाइल नेटवर्क, प्रशासनिक उपस्थिति सब मजबूत हुई है। इसीलिए मैं यह कह सकता हूं कि अब माओवाद के दोबारा पनपने की संभावना नहीं है।

निष्कर्ष:

'बंदूक की लड़ाई जीत ली गई है, अब काउंटर नैरेटिव से दिल और दिमाग जीतने की बारी है'। बस्तर में नक्सलवाद की काली घटाएं भले छंट चुकी हों, लेकिन स्थायी शांति के लिए लोकतंत्र, विकास और विश्वास की रोशनी को हर गांव तक पहुंचाना अभी बाकी है।

न्यूज गैलरी

एनजीओ दफ्तर के बाहर पुतले का सिर और नींबू-मिर्च मिलने से हड़कंप

बालोद/नवप्रदेश। जिले के कुंदरूपारा स्थित मधुबन कॉलोनी में संचालित एक समाजसेवी संस्था के कार्यालय के बाहर संदिग्ध वस्तुएं मिलने से शनिवार को हड़कंप मच गया। यहां ÷सूत्र÷ समाजसेवी संस्था के दफ्तर के बाहर पुतले का सिर और लाल कपड़े में कटा हुआ नींबू-मिर्च रखा मिला, जिससे कर्मचारियों में भय और दहशत का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, संस्था के कर्मचारी जब फील्ड कार्य से लौटकर कार्यालय पहुंचे, तो मुख्य द्वार के बाहर रखी इन संदिग्ध वस्तुओं को देखकर घबरा गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर एकत्रित हो गए, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। घटना को गंभीरता से लेते हुए संस्था प्रबंधन ने तत्काल बालोद थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि इस तरह की गतिविधि से कर्मचारियों में असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है। स्थानीय लोगों और संस्था के सदस्यों ने मिलकर बाद में उक्त सामग्री को हटा दिया, लेकिन घटना के बाद इलाके में डर और चिंता का माहौल बना हुआ है। मामले में थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह किसी असामाजिक तत्व की शरारत प्रतीत होती है, जिसका उद्देश्य लोगों में भय फैलाना हो सकता है। उन्होंने कहा कि जादू-टोना जैसी बातें अंधविश्वास हैं और लोगों को इससे भ्रमित नहीं होना चाहिए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है और संदिग्ध व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

फांसी के फंदे से खींच लाई गई जिंदगी, दुर्ग पुलिस ने किया सम्मानित

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के पाटन थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना उस वक्त जिंदगी की जीत में बदल गई जब आत्महत्या का प्रयास कर रहे युवक को मौके पर मौजूद जनप्रतिनिधियों ने फंदे से उतारकर नई जिंदगी दे दी, 11 अप्रैल 2026 को ग्राम खोरपा वार्ड क्रमांक 14 निवासी 30 वर्षीय रवि ठाकुर सिकोला रोड किनारे बबूल की झाड़ियों में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश कर रहा था तभी घटना की जानकारी मिलते ही आसपास मौजूद जनप्रतिनिधियों ने बिना एक पल गंवाए त्वरित कार्रवाई की, हालात बेहद गंभीर थे, समय हाथ से निकल रहा था, लेकिन मौके पर मौजूद योगेश निक्की भाले, श्रीमती निशा सोनी, केवल देवांगन, जितेंद्र निर्मलकर और चंद्र प्रकाश देवांगन ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए युवक को फंदे से नीचे उतारा, रस्सी काटी और तुरंत अस्पताल पहुंचाया, समय पर मिले इस जीवनदान ने मौत को मात दे दी और एक परिवार उजड़ने से बच गया, प्रारंभिक जांच में सामने आया कि युवक ने व्यक्तिगत कारणों से यह कदम उठाया था, लेकिन जिस तेजी और मानवता के साथ जनप्रतिनिधियों ने प्रतिक्रिया दी उसने एक मिसाल पेश कर दी, इस सराहनीय कार्य को देखते हुए दुर्ग पुलिस अधीक्षक ने सभी जनप्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया और उनके साहस की सराहना की।

ताश की गड्डी पर लग रहे थे दांव, तभी पुलिस की एंट्री और एक झटके में खत्म हो गई पूरी बाजी

कबीरधाम/नवप्रदेश। जिले के स. लोहारा थाना क्षेत्र में जुआ खेल रहे लोगों की महफिल उस वक्त ताश के पत्तों की तरह बिखर गई जब पुलिस ने मौके पर दबिश देकर पूरे खेल को खत्म कर दिया, 13 अप्रैल 2026 को मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना पर लोहारा पुलिस की टीम ने ग्राम जंगलपुर में अचानक रेड मारी जहां चार लोग ताश की गड्डी पर दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे, पुलिस ने बिना मौका गंवाए सभी को रंगे हाथों पकड़ लिया और मौके से 3200 रुपये नगद, 52 पत्ती ताश और एक अधजली मोमबत्ती बरामद की, पकड़े गए आरोपियों में टिकेश्वर गुप्ता (26 वर्ष) निवासी बिरोडा, बीरेन्द्र निर्मलकर (24 वर्ष) निवासी बिरोडा, डेरहा यादव उर्फपप्पू यादव (25 वर्ष) निवासी बिरोडा और देवव्रत वर्मा (30 वर्ष) निवासी जंगलपुर शामिल हैं, पुलिस ने फ्ढ़ और आरोपियों के कब्जे से जुआ सामग्री जब्त कर थाना स. लोहारा में अपराध क्रमांक 42/2026 के तहत छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम की धारा 3(2) में मामला दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई शुरू कर दी है, यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल और अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी कृष्ण कुमार चन्द्राकर के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा और उनकी टीम द्वारा अंजाम दी गई, पुलिस लगातार जिले में जुआ-सट्टा और अवैध गतिविधियों के खिलाफसख्त अभियान चला रही है।

महिला आरक्षण से आधी आबादी को मिलेगा पूरा हक, बढ़ेगी भागीदारी: साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में नई दिल्ली के विज्ञान भवन से प्रसारित 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह देश की मातृशक्ति के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, जो भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को और अधिक समावेशी एवं सशक्त बनाने की दिशा में निर्णायक साबित होगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 'पंचायत से पार्लियामेंट तक' नारी की भागीदारी सुनिश्चित करने का यह प्रयास नए भारत की स्पष्ट झलक प्रस्तुत करता है। उन्होंने प्रधानमंत्री के इस दृष्टिकोण को रेखांकित किया कि निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की सीधी भागीदारी ही विकसित भारत की सशक्त नींव है। उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल को संसद में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर होने वाली चर्चा इस ऐतिहासिक पहल को मूर्त रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपरा में नारी को सदैव उच्च स्थान दिया गया है। वैदिक काल से लेकर वर्तमान समय तक महिलाओं की भूमिका समाज के निर्माण और विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। हमारी डबल इंजन सरकार की विभिन्न योजनाओं ने इस परंपरा को आधुनिक संदर्भ में सशक्त रूप दिया है, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भरता और सम्मान के साथ आगे बढ़ रही हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। स्थानीय निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण के माध्यम से महिलाओं को नेतृत्व का अवसर मिला है, जिसका सकारात्मक प्रभाव जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। साथ ही 'महतारी वंदन योजना' जैसी पहल माताओं-बहनों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सुदृढ़ बना रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुखद संयोग है कि जब देश में महिला आरक्षण पर ऐतिहासिक चर्चा हो रही है, उसी समय छत्तीसगढ़ 'महतारी गौरव वर्ष' मना रहा है। उन्होंने कहा कि 'छत्तीसगढ़ महतारी' का सम्मान और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी प्रदेश की पहचान बन चुकी है।

उन्होंने प्रदेश की मातृशक्ति और महिला संगठनों से आह्वान किया कि वे हर मंच पर अपनी आवाज़ बुलंद करें और इस परिवर्तन यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने विश्वास जताया कि महिलाओं की बढ़ती सहभागिता से लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा तथा समाज में सकारात्मक बदलाव की नई दिशा स्थापित होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने अंत में कहा कि जब नारी सशक्त होती है, तभी राष्ट्र सशक्त बनता है। यह समय देश की आधी आबादी को उनका पूरा अधिकार दिलाने और उन्हें विकास की मुख्यधारा में निर्णायक भूमिका देने का है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, राज्यसभा सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

अरुण देव गौतम बनेंगे प्रदेश के 12वें पुलिस महानिदेशक

■ नक्सल मोर्चे पर 'दमदार' अनुभवों को मिली प्राथमिकता

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में लंबे समय से प्रतीक्षित पूर्णकालिक पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति का सस्पेंस अब खत्म होने की कगार पर है। राज्य सरकार ने पूर्णकालिक डीजीपी के रूप में 1992 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अरुण देव गौतम के नाम पर अंतिम मुहर लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती, संघ लोक सेवा आयोग की लगातार पूछताछ और कानूनी बाध्यताओं के चलते सरकार ने इस निर्णय को अब सार्वजनिक करने का फैसला ले लिया है। सूत्रों की मानें तो न्यायालय के आगामी निर्देशों के अनुपालन में सरकार कल सुबह तक इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना जारी कर सकती है।

नक्सल मोर्चे पर 'ट्रबल शूटर' की भूमिका: डीजीपी की दौड़ में शामिल अधिकारियों में 1994 बैच के आईपीएस हिमांशु गुप्ता का नाम भी प्रमुखता से चर्चा में था। हालांकि, राज्य सरकार ने अरुण देव गौतम को प्राथमिकता दी है, जिसके पीछे सबसे बड़ा कारण नक्सलवाद के खिलाफ उनका लंबा और सफल प्रशासनिक अनुभव है। अरुण देव गौतम को छत्तीसगढ़ पुलिस का 'ट्रबल शूटर' माना जाता है, जिन्हें सरकार ने हमेशा सबसे चुनौतीपूर्ण समय में सबसे संवेदनशील इलाकों में तैनात किया है।

नक्सल उन्मूलन में गौतम का 'ऑपरेशनल ट्रैक रिकॉर्ड': वर्ष 2009 में जब राजनांदगांव में हुए भीषण नक्सली हमले में एसपी सहित 29 पुलिसकर्मी शहीद हुए थे, तब राज्य सरकार ने इस चुनौतीपूर्ण दौर में अरुण देव गौतम को वहां का एसपी बनाकर भेजा। उन्होंने उस कठिन समय में पुलिस बल का मनोबल बनाए रखने के साथ नक्सलियों के खिलाफ आक्रामक रणनीति अपनाई, जिसे आज भी एक मिसाल माना जाता है।

झीरम कांड के बाद बस्तर में अग्निपरीक्षा: 25 मई 2013 को हुए झीरम घाटी नक्सली हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया था। उस बेहद अस्थिर और संवेदनशील स्थिति में अरुण देव गौतम को बस्तर के आईजी के रूप में तैनात किया गया।

छत्तीसगढ़ में जनगणना की तैयारी पूरी

62 हजार से ज्यादा अधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी

■ पहला चरण 1 मई से, 16 अप्रैल से शुरू होगा सेल्फ-एन्यूमरेशन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में जनगणना-2027 की प्रक्रिया का पहला चरण 1 मई 2026 से शुरू होने जा रहा है। इसे लेकर राज्य सरकार ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ ने प्रेस कांफ्रेंस में इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल तरीके से की जाएगी। इस दौरान जनगणना कार्य निर्देशक कार्तिकेय गोयल भी मौजूद रहे।

जनगणना प्रक्रिया के तहत 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 के बीच लोग ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपने घर और परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इस प्रक्रिया को सेल्फ एन्यूमरेशन कहा गया है। ऑनलाइन जानकारी भरने वाले नागरिकों को एक यूनिक आईडी प्रदान की जाएगी, जिसे बाद में सत्यापन के लिए प्रगणकों को दिखाना होगा।

राज्य में जनगणना का पहला चरण 1 मई से 30 मई 2026 तक चलेगा। इस दौरान 'हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस' के तहत प्रत्येक परिवार, मकान और उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं का विस्तृत रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। प्रगणक घर-घर जाकर 33 सवालों के जरिए जानकारी एकत्रित करेंगे। जनगणना कार्य के लिए प्रदेशभर में कुल 62,500 अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें 47 जनगणना अधिकारी, 250 जिला स्तरीय अधिकारी, 472 चार्ज अधिकारी, 1160 मास्टर ट्रेनर्स, 51,300 प्रगणक और 9000 पर्यवेक्षक शामिल हैं।

रायपुर में सुरक्षा का बढ़ा भरोसा, चाकूबाजी व नशे पर कड़ा रुख, अपराधियों में दहशत

■ रायपुर पुलिस कमिश्नर का सोशल मीडिया पर सीधा संवाद

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद पुलिस और जनता के बीच की दूरी कम होती नजर आ रही है। इसी कड़ी में रविवार को रायपुर पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने फेसबुक और इंस्टाग्राम के माध्यम से आम जनता के साथ सीधा संवाद किया। करीब डेढ़ घंटे चले इस 'लाइव सेशन' में हजारों लोग जुड़े, जहां सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था, नशाखोरी और महिलाओं की सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा हुई। लाइव सेशन के दौरान ज्यादातर नागरिकों ने यह स्वीकार किया कि कमिश्नरेट लागू होने के बाद रायपुर में सुरक्षा का अहसास बढ़ा है। विशेषकर रात्रि कालीन गश्त और सुरक्षा जांच की व्यवस्था का लोगों ने स्वागत किया। हालांकि, इस दौरान जनता ने ट्रैफिक जाम, चाकूबाजी और नशे के बढ़ते कारोबार पर अपनी चिंता भी जाहिर की।

चाकूबाजी और नशे पर पुलिस का 'जीरो टॉलरेंस': शहर में चाकूबाजी की बढ़ती घटनाओं को लेकर पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने स्पष्ट किया कि इसे किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि कमिश्नरेट लागू होने के पिछले तीन महीनों से असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है।

कार्रवाई: कोरबा के हसदेव नदी में हो रही प्रदूषण पर प्रशासन की सख्ती, दूषित पानी को तत्काल रोकने के निर्देश

एचटीपीपी पर 18 करोड़ का जुर्माना, राख परिवहन घोटाले के संकेत

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा में पर्यावरणीय लापरवाही अब बड़े विवाद का रूप ले चुकी है। हसदेव नदी में बढ़ते प्रदूषण को लेकर जल संसाधन विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए हसदेव ताप विद्युत परियोजना प्रबंधन पर 18 करोड़ रुपये का भारी जुर्माना ठोक दिया है। यह कार्रवाई राख परिवहन और अपशिष्ट प्रबंधन में गंभीर अनियमितताओं के आरोपों के बीच की गई है। विभाग के कार्यपालन अभियंता एसएन साय ने यह दंड उस समय लगाया, जब नगर निगम आयुक्त की ओर से कटघोरा एसडीओ को पत्र लिखकर नदी में मिल रहे दूषित पानी को तत्काल रोकने के निर्देश दिए गए थे।

दर्री डेम में राखड़ युक्त पानी छोड़े जाने की पुष्टि की बाद एचटीपीपी प्रबंधन को 18 करोड़ का जुर्माना भेजा गया है। जिससे विभाग को हुए क्षति की भरपाई की जा सके।
-एसएन साय, कार्यपालन अभियंता हसदेव दर्री बराज

हसदेव का पानी हुआ जहरीला? पेयजल पर खतरा

हसदेव नदी, जिसे कोरबा की जीवनरेखा माना जाता है, अब प्रदूषण के गंभीर संकट से जूझ रही है। आरोप है कि ताप विद्युत गृह (पश्चिम) से निकलने वाला राखड़ युक्त जहरीला पानी सीधे उस नहर में छोड़ा जा रहा है, जिससे शहर को पेयजल की आपूर्ति होती है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस पानी में मौजूद रसायन न केवल जल को दूषित कर रहे हैं बल्कि जलजनित बीमारियों का खतरा भी तेजी से बढ़ा सकते हैं। लगातार प्रदूषण से इंटेकवेल सिस्टम प्रभावित हो रहा है, जिससे आने वाले समय में जल आपूर्ति बाधित होने की आशंका भी जताई जा रही है।नगर निगम ने इसे पर्यावरण नियमों का खुला उल्लंघन बताते हुए तत्काल रोक लगाने और जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

कलेक्टर सख्त, अधीक्षण अभियंता को लगाई फटकार

जैसे ही कलेक्टर को सोशल मीडिया के जरिए वास्तविक स्थिति की जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत सख्त रुख अपनाया। अधीक्षण अभियंता को जमकर फ्टकार लगाई गई और पूरे मामले में जवाब-तलब किया गया। कलेक्टर ने स्पष्ट कर दिया है कि इस तरह की लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई तय है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com